हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 28.02.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 214 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## झारखंड निकाय चुनाव : रोशनी खलखो की बड़ी बढ़त, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार पीछे



- खूंटी : रानी टूटी ने रचा इतिहास, दूसरी बार बनीं अध्यक्ष
- कोडरमा नगर पंचायत के अध्यक्ष बने साजिद
- हजारीबाग के नये मेयर बने अरविंद कुमार राणा
- चाकुलिया नगर पंचायत झामुमो समर्थित कैंडिडेट की जीत
- डोमचांच नगर पंचायत से बीजेपी समर्थित प्रत्याशी की जीत
- गुमला अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित शकुंतला उरांव की जीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम में मतगणना के बीच मेयर पद के चुनाव में तस्वीर साफ होती नजर आ रही है। ताजा रुझानों के अनुसार भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोशनी खलखो ने बड़ी बढ़त बना ली है। दूसरे स्थान पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी रमा खलखो चल रही हैं। जानकारी के मुताबिक रोशनी खलखो लगातार अपनी बढ़त मजबूत कर रही हैं। इधर, वार्ड स्तर पर भी नतीजे सामने आ चुके हैं। वार्ड संख्या 2 से सबिता कच्छप ने जीत दर्ज कर ली है। वहीं अभी भी कई मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती जारी है और लगातार परिणाम घोषित किये जा रहे हैं।

अरविंद कुमार राणा ने हजारीबाग नगर निगम मेयर का चुनाव जीत लिया है। उन्हें कुल 23500 वोट मिले हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरफराज अहमद को 4657 वोटों से हरा दिया है। सरफराज को 18847 वोट मिले हैं। झारखंड नगर निकाय चुनाव के तहत धनबाद नगर निगम के महापौर पद के लिए मतगणना के प्रथम राउंड के बाद प्रत्याशियों को मिले वोटों की संख्या जारी कर दी गयी है। यह जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय, धनबाद की ओर यह सूचना जारी की गयी है। इसके मुताबिक पहले राउंड की गिनती के बाद संजीव सिंह ने सबसे अधिक 15,791 वोट प्राप्त कर मजबूत बढ़त बना ली है। उनके बाद झामुमो समर्थित प्रत्याशी चंद्र शेखर अग्रवाल को 10,524 वोट और बीजेपी समर्थित कैंडिडेट संजीव कुमार को 8,645 वोट मिले हैं। चाकुलिया नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में झामुमो समर्थित प्रत्याशी सोमवारी सोरेन ने शानदार जीत दर्ज की है। अंतिम परिणाम के अनुसार सोमवारी सोरेन को 3,445 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी चंदना मुर्मू को 2,718 मत मिले। इस तरह सोमवारी सोरेन ने 727 मतों के अंतर से जीत हासिल की। मतगणना पूरी होते ही झामुमो समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। चुनाव के शुरूआती राउंड से ही सोमवारी सोरेन बढ़त बनाए हुए थीं, जो अंत तक कायम रही। वहीं, चंदना मुर्मू के समर्थकों में परिणाम के बाद निराशा देखी गयी।

### रांची नगर निगम चुनाव के वार्डवार विजेताओं की सूची

| | |
|---|---|
| वार्ड 1 – नकुल तिर्की | वार्ड 25 – सुषमा राज |
| वार्ड 2 – सविता कच्छप | वार्ड 26 – प्रदीप कुमार |
| वार्ड 7 – मीनू देवी | वार्ड 31 – नीरज कुमार |
| वार्ड 9 – प्रीति रंजन | वार्ड 37 – परमेश्वर सिंह |
| वार्ड 13 – पावन तिर्की | वार्ड 38 – अवधेश ठाकुर |
| वार्ड 19 – गीता कुमारी | वार्ड 48 – अमित मिंज |
| वार्ड 20 – सुनील यादव | वार्ड 49 – जमीला खातून |

## मुख्यमंत्री पत्नी संग स्वागत समारोह में हुए शामिल, नवदंपति को दिया आशीर्वाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित बोहरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक प्रदीप यादव के सुपुत्र डॉ. ऋत्विज के विवाह उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नवविवाहित दंपति को सुखद, सफल और खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विधायक प्रदीप यादव, उनके परिजन, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पारंपरिक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की भी मौजूदगी रही।

## विधानसभा में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**रांची :** झारखंड विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में शुक्रवार की शाम कुछ विशेष थी। अवसर था– होली मिलन समारोह का। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमन्त के साथ मंत्री गणों तथा विधायक गणों ने फूलों की होली खेली और एक –दूसरे को रंगों के त्योहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्य वासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी जिंदगी में खुशियों का रंग हमेशा बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा और सौहार्द–सदभाव का पर्व है। इस त्योहार को हम सभी उमंग और उत्साह के साथ मनाएं।

## एक नजर

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में शुक्रवार सुबह 4.36 बजे निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे और लिवर कैंसर से पीड़ित थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के मुताबिक पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चेन्नई से रिंकू सिंह टीम कैंप छोड़कर घर लौट गए हैं।

### तेज भूकंप से कांपा पूरा बंगाल

**कोलकाता :** शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से समूचा बंगाल दहल उठा। दोपहर करीब 1:20 बजे कोलकाता और आसपास के जिलों में जोरदार झटके महसूस किए गए। अचानक आए भूकंप से दहशत फैल गई और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का तीव्र कंपन उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं किया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 से 5 के बीच रही। वहीं, कई मोबाइल अलर्ट में इसकी तीव्रता पांच बताई गई। ऊंची इमारतों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों का अनुभव किया। भूकंप का असर लगभग एक मिनट तक महसूस किया गया।

### अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज :** उच्च न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी।

## शराब घोटाला मामला : केजरीवाल सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

### केजरीवाल मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट पहुंची सीबीआई, निचली अदालत के आदेश को दी चुनौती



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया। राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था। फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली शराब नीति मामले में हाई कोर्ट का रुख किया है। निचली अदालत ने अरविंद केजरीवाल और अन्य को शुक्रवार को सीबीआई मामले से बरी कर दिया। सीबीआई ने इस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपनी अपील दायर की है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्टया मामला साबित नहीं कर सका है।

## राष्ट्रीय बजट अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज नहीं, नीतिगत रोडमैप : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ उद्योग और वित्तीय क्षेत्र को गति देने की जरूरत पर विशेष बल देते हुए कहा है कि दीर्घकालिक कर्ज की सुविधा बढ़ाने के लिए बांड बाजार को और विस्तृत बनाने के कदम उठाये जाने चाहिए।

श्री मोदी ने बजट 2026-27 पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वेबीनारों की परम्परागत श्रृंखला प्रारंभ करते हुए इस वर्ष के पहले वेबीनार में शुक्रवार को कहा, अब समय आ गया है कि उद्योग और वित्तीय संस्थान भी नई ऊर्जा के साथ आगे आएं। हमें अवसंरचना में ज्यादा भागीदारी चाहिए, वित्त-पोषण के लिए अपनाए जाने वाले मॉडल में ज्यादा नवाचार चाहिए, और उभरते क्षेत्रों में ज्यादा मजबूत सहयोग चाहिए । उन्होंने उद्योग जगत सहित सभी हितधारकों को बजट से उत्पन्न अवसरों को जमीन पर उतारने के लिये काम करने का आह्वान किया।

'विकसित भारत के लिये प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त विषय पर वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित इस वेबीनार का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विदेशी निवेश के नियमों को सरल बनाते हुए प्रयास कर रही है कि पूरी प्रणाली को अधिक स्पष्ट और निवेशकों के अधिक अनुकूल हो। वेबीनार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन भी उपस्थित थीं।

उन्होंने कहा, हम दीर्घकालिक वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए, बाँड बाजार को और ज्यादा सक्रिय बनाने की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं और बॉन्ड की खरीद और बिक्री की प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें बॉड बाजार में सुधार को दीर्घकालिक वृद्धि में सहायक उपाय के रूप में देखना होगा, हमें पारदर्शिता सुनिश्चित करनी होगी, बांड बाजार में तरलता (बांड बेचने की सुविधा) का विस्तार करना होगा, नये इंस्ट्रूमेंट (खरीद-बिक्री योग्य नयी प्रतिभूतियां) लाने होंगे, और जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। तभी हम बाजार में निरंतर पूंजी का प्रवाह आकर्षित कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे अपेक्षा है कि आप दुनिया में चल रही अच्छी परिपाटियों से सीख लेकर विदेशी निवेश के नियमों और बाँड के बाजारों को मजबूत करने के लिए स्पष्ट और ठोस सुझाव देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस दिशा में मेरा एक और सुझाव है, हमें परियोजनाओं की मंजूरी की पद्धति और आकलन की गुणवत्ता को और मजबूत करना होगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में भरी उड़ान



### उड़ान के दौरान 'वायु शक्ति' अभ्यास क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया

एजेंसी

**जैसलमेर :** भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन से स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना में शामिल किये गए एलसीएच 'प्रचंड' से पाकिस्तान और चीन के खिलाफ भारतीय वायु सेना और मजबूत हुई है। इससे पहले राष्ट्रपति लड़ाकू विमान राफेल और सुखोई में उड़ान भर चुकी हैं।

मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' की जोधपुर में पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई गई है। भारतीय सेनाओं की भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विशेष तौर पर तैयार किये गए यह हेलीकॉप्टर दुर्गम स्थानों और सघन पर्वतीय क्षेत्रों में भी कारगर हैं। इसे कई तरह के बड़े बम, बंदूकों और मिसाइलों से लैस किया जा सकता है। हवा में उड़ान भरते वक्त और दुश्मन को चकमा देते वक्त भी अपाचे हेलीकॉप्टर पहाड़ियों और घाटियों में छिपे दुश्मन पर सटीक निशाना लगा सकता है। अचूक निशाने की वजह से हेलीकॉप्टर के गोला-बारूद बर्बाद नहीं होते हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में निर्मित प्रचंड पूरी तरह भारत में बनाया गया लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) है। इसे खासतौर पर ऊंचे पहाड़ों लद्दाख, सियाचिन जैसे इलाकों के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर जिले में पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के शक्तिशाली फायरपावर 'वायु शक्ति' अभ्यास देखने के लिए आईं थीं। इसी दौरान उन्होंने स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में उड़ान भरी। यह पहली बार है जब किसी राष्ट्रपति ने एलसीएच 'प्रचंड' में उड़ान भरी है। उन्होंने उड़ान के दौरान 'वायु शक्ति' अभ्यास क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया। शाम को राष्ट्रपति पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े फायरपावर प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

मुर्मू ने 29 अक्टूबर 2025 को अंबाला (हरियाणा) स्थित वायु सेना स्टेशन से राफेल विमान में उड़ान भरी थी। उन्होंने लगभग 30 मिनट की उड़ान में लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय की, उसके बाद वे वायु सेना स्टेशन लौट आईं। विमान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। विमान ने समुद्र तल से लगभग 15000 फीट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी। इससे पहले उन्होंने 2023 में सुखोई 30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। वायु सेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली वह भारत की पहली राष्ट्रपति हैं।

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, 'प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत।' यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली।

## छत्तीसगढ़ विस पहुंचे 120 आत्मसमर्पित नक्सली, लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुए रूबरू



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे 120 पूर्व नक्सलियों ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचकर सदन की कार्यवाही देखी। इस पहल का उद्देश्य पूर्व नक्सलियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और बैलेट की ताकत से परिचित कराना रहा।

विधानसभा पहुंचे आत्मसमर्पित नक्सलियों में 66 पुरुष और 54 महिलाएं शामिल थीं। इनमें नक्सल संगठन के पूर्व सेंट्रल कमेटी सदस्य रूपेश, बसवा, चैतू, ललिता और राजू भी मौजूद रहे। संगठन में सामान्य सदस्य रहे पूर्व नक्सलियों ने दर्शक दीर्घा से कार्यवाही देखी, जबकि सेंट्रल कमेटी स्तर के नेताओं को अध्यक्षीय दीर्घा में बैठाकर सदन की कार्यवाही दिखाई गई। इस समूह में 25 लाख रुपये का इनामी और वर्ष 2013 के झीरम घाटी हमले का कथित मास्टरमाइंड चैतू करीब 35 वर्ष जंगलों में बिताने के बाद नवंबर 2025 में आत्मसमर्पण किया था और अब सामान्य जीवन की ओर लौट चुका है। विधानसभा अध्यक्ष तथा सदन के सदस्यों ने इन सभी का स्वागत करते हुए समाज की मुख्यधारा में लौटने पर शुभकामनाएं दीं। सरकार का मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं से सीधा परिचय पुनर्वास प्रक्रिया को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक राज्य में 2937 नक्सली पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं।

## एक नजर

### बड़कागांव में होली एवं रामनवमी को लेकर बैठक कल



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में होली एवं रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर कल रविवार 1 मार्च को संध्या 4:00 बजे बड़कागांव थाना परिसर प्रांगण में शांति समिति की बैठक की जाएगी। बैठक को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बड़का गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जनों एवं रामनवमी पूजा महासमिति के अखाड़े के पदाधिकारीओं से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। ताकि सभी अखाड़े के लोग अपनी समस्याओं को रखें और शांतिपूर्वक मिलजुल कर त्योहार मनाए।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में नामांकन प्रक्रिया शुरू प्राचार्य ने दी जानकारी



**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई है कि नए सत्र हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 23 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी निर्णय लिया है कि कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 90% अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्यूशन शुल्क में वर्तमान सत्र में छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही साथ कक्षा 3, 4, 5 एवं 11 वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली छात्रों के लिए विद्यालय प्रबंधन 17 मार्च को स्वामी दयानंद टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा आयोजित करेगी। इस परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को नामांकन में 100% तक की रियायत दी जायेगी। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 1 मार्च 2026 से ऑनलाइन स्पोकन इंग्लिश कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवेश परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता एवं विषय ज्ञान का समुचित मूल्यांकन करना है, जिससे योग्य विद्यार्थियों को उचित अवसर प्रदान किया जा सके।

### अदाणी फाउंडेशन का शौर्यपथ अभियानः युवाओं को मिला सशस्त्र बलों की तैयारी का मंच

# गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बेल्ट फोर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ, युवाओं में दिखा जोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** अदाणी फॉउंडेशन की ओर से गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत संचालित सीएसआर गतिविधियों के तहत बड़कागांव क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। परियोजना प्रभावित गांवों के 24 चयनित युवा रेजिडेंशियल बेल्ट फोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम 'शौर्यपथ' में भाग लेने के लिए अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी पहुंच चुके हैं। गोंदुलपारा समेत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के तमना, पुरुंगा, धिरौली एवं लमाटोला गांवों के इन युवाओं ने सशस्त्र बलों में शामिल होने के अपने संकल्प को साकार करने की दिशा में पहला सशक्त कदम बढ़ाया है। इस मौके पर युवाओं के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था।



रक्षा सेवाओं की तैयारी के लिए शुरू किया गया यह निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को अनुशासन, शारीरिक दक्षता और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में सक्षम बनाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बताया है। ऐसी उम्मीद है कि सामाजिक विकास की दिशा में उठाए गए इस कदम से क्षेत्र के युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। 90-दिन का यह आवासीय फॉर्मेट रक्षा, पैरामिलिट्री और निजी सुरक्षा रोल्स के लिए विशेष प्रशिक्षण पर फोकस करता है। युवाओं को निजी सुरक्षा, सर्टिफिकेशन और बेसिक साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग भी मिलेगी।

अदाणी फाउंडेशन की ओर से गोंदुलपारा खनन परियोजना क्षेत्र में सीएसआर के तहत कई कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें मोबाइल हेल्थ यूनिट, छात्रवृत्ति कार्यक्रम, कोचिंग कक्षाएं, महिला स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण, पेयजल एवं सामुदायिक आधारभूत संरचना विकास आदि शामिल हैं।

फोटो कैप्शनः अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों के साथ गोंदुलपारा समेत विभिन्न परियोजना क्षेत्र के बच्चे।

## आंदोलन के 1051 दिन हुए पूरे ग्रामीणों ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** गोंदलपूरा गांव में कोल कंपनियों के खिलाफ 1051 दिनों से सतत धरना प्रदर्शन के दिन पूरे होने पर ग्रामीणों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कंपनी को भगाने का संकल्प लिया है। देवनाथ महतो ने कहा कि गोंदलपूरा गांव में जेएसडब्ल्यू अदानी एनटीपीसी के खिलाफ आंदोलन के 1051 दिन पूरे हुए हैं। परंतु अब तक सरकार के द्वारा किसी प्रकार कोई सुनवाई नहीं हुई है। हमारा जमीन बहु फसली है हम लोगों के पूरा परिवार का जीविकापार्जन होता है। कंपनी के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए सांसद को कंपनी से सहयोग लेने का निंदा करता हूं। विकास कुमार ने कहा कि जब तक कोल कंपनी का आवंटन रद्द नहीं होगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि मां के नाम एक पेड़ लगाए परंतु उधर लाखों पेड़ उजाड़े जा रहे हैं। यही हाल रहा तो एक दिन ऐसा होगा की ऑक्सीजन मिलना मुश्किल हो जाएगा। कंधे पर ऑक्सीजन लेकर चलना होगा हमें अभी से ही सचेत हो जाना चाहिए। सबूर महतो ने कहा 20 जनवरी को जनसुनवाई में झूठा केस दर्ज किया गया है। जिसमें दर्जनों लोगों को आरोपी बनाया गया है। कंपनी ही बाहर के लोगों को बुलाकर आपस में मारपीट करवाई है।

## ट्रॉमा सेंटर को पूर्ण सुविधा से लैस करने का मुद्दा विधायक मनोज यादव सदन में उठाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बजट सत्र के दौरान सदन में बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर स्थित ट्रॉमा सेंटर की स्थिति को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि क्या यह सही है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर भवन का उद्घाटन सितंबर 2019 में हुआ था, लेकिन अब तक उसे पूर्ण चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित नहीं किया गया है। इस पर विभागीय मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल, बरही में नियमित चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सहित कुल चार चिकित्सक कार्यरत हैं। इनमें डॉ. प्रकाश ज्ञानी, डॉ. इन्द्रजीत कुमार, नीलम कंडुलिया और डॉ. मयंक प्रताप शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डॉ. विक्रम प्रतिनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. मणिकांत गुप्ता और डॉ. रौशन कुमार अपनी सेवा दे रहे हैं। साथ ही जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से दो चिकित्सा पदाधिकारी एवं पाराचिकित्सा कर्मियों के माध्यम से भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बाद विधायक मनोज कुमार यादव ने सदन में यह सवाल उठाया कि क्या यह सही है कि बरही अनुमंडल क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच-31 एवं एनएच-33 पर कई दुर्घटना जोन एवं ब्लैक स्पॉट हैं, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं और दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। इस पर मंत्री ने स्वीकारात्मक उत्तर दिया। विधायक ने आगे पूछा कि क्या संसाधनों के अभाव में ट्रॉमा सेंटर में सड़क दुर्घटना के घायलों को केवल प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इस पर मंत्री ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल-सह-शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग रेफर किया जाता है।



## दहकते आग के अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं श्रद्धालु, राह बाबा की पूजा की पुरानी परंपरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के गुड़ियों गांव में पासवान समाज के इष्टदेव राह पूजा में भक्ति की शक्ति का जीवंत स्वरुप देखने को मिला। राह पूजा पासवान जाति के लिए एक शक्ति का प्रतीक पूजा है। शुक्रवार को गुड़ियों गांव में पासवान समाज के लोगों ने राहू पूजा का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम ,पूर्व मुखिया दशरथ यादव ,समाज सेवी मंसूर आलम सहित पासवान समाज के सैकड़ों महिला पुरूष बच्चे ग्रामीण शामिल हुए।इस मौके पर पूजा स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना के के बाद सैकड़ों महिलाओं ने कलश उठा कर तिलैया डैम जलाशय में पूजा अर्चना के बाद जल भर पूजा स्थल पर पहुंची। उसके बाद मुख्य पुजारी सहित उनके सहयोगियों ने राहू पूजा आरंभ की। भगत ने बताया कि पूजा की शुरूआत नहाय खाय के साथ दूसरे दिन उपावास तथा तीसरे दिन विधिवत के साथ सम्पन्न होता है। इसके उपरांत भगत स्वयं धारदार तलवार पर चलकर एवं दहकते अंगारों पर चलकर, खौलते दूध के कढ़ाई से नंगे हाथों से सिक्का निकालकर और हनुमान झंडा पर चढ़कर भक्ति की परीक्षा दिया। इस दौरान सैकड़ों उपासक अपने मन्नतें पूरी होने एवं मांगने को लेकर अंगारों अंगारों पर चलकर अपने इष्ट को प्रसन्न किया। इस मौके पर समाज के लोगों ने बताया कि यह हमारे समाज का सैकड़ों वर्षों से चला रहा आ रहा पूजा है, जो हर तीन साल पर मनाया जाता है। पासवान समाज ने अपने इष्टदेव राहू के साथ भगवान विष्णु, बजरंग बली के अलावा नौ ग्रहों की कायम परंपरा के मुताबिक पूजा की। पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल, नगाड़े एवं मांदर की तेज आवाज में घंटो प्रदर्शन किया। मौके पर कार्तिक पासवान मुंशी पासवान मुकेश पासवान, विद्यासागर पावन, महेंद्र पासवान,सचिन पासवान, छोटी पासवान, राहुल पासवान, मनोज पासवान, सुधीर पासवान, तुलसी पासवान, चंदन पासवान, सोनू पासवान सिकंदर पासवान, अजय पासवान, मनोहर पासवान संतोष पासवान रविंदर पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।



## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने 27 बजट पेस की उपलक्ष में किया 200 कंबल वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव के गरसुला पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा 2026 ,27 के बजट पेश किया गया खुशी जाहिर किया है कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए 34,211 करोड़ रुपये का जेंडर बजट, बच्चों के कल्याण हेतु 10,793 करोड़ रुपये का बाल बजट, ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 730 करोड़ रुपये, पर्यटन क्षेत्र में दशम, जोन्हा, हुण्डरू जलप्रपात सहित राज्य के प्रमुख स्थलों के विकास की योजनाएं तथा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के माध्यम से 1.24 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। जो आने वाले समय में लगभग 45 हजार रोजगार सृजित करेंगे। जनहित में बेहतर बजट पेश करने की खुशी में श्री बेदिया ने जरुरत मंदों के बीच 200 कंबल का वितरण गया। मौके पर शंकर साव, शत्रुघ्न सिंह, जयप्रकाश सिंह, धर्म बीर सिंह, दिलेश्वर सिंह, सुगेंदर सिंह, बसंत सिंह कंबल लेने वालों में डी एन सिंह, महाबीर करमाली, जगदीश बेदिया, लालदेव करमाली, प्रयाग ठाकुर, सुबेदर उरांव, मधू करमाली, सूरज गोप, अजित भुईयां, घुटन बेदिया, हरिनंदन बेदिया, शिवपूजन सिंह, शोभनाथ सिंह, गुंजरी देवी, कलावती देवी, शीला देवी, रुकमनी देवी, यशोदा देवी, अनिता देवी, पार्वती देवी, गुंजा देवी,बनासो देवी, पिंकी देवी, सोहा देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

# नगर निगम चुनाव 2026: 6 हॉल में मतगणना के बाद अरविंद कुमार राणा बने मेयर, 4657 मतों से ऐतिहासिक जीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में महापौर एवं वार्ड पार्षद पद के लिए डाले गए मतों की गणना 27 फरवरी 2026 को सुबह 8 बजे से शुरू हुई। मतगणना का कार्य कृषि उत्पादन बाजार समिति, हजारीबाग परिसर में बनाए गए 6 अलग-अलग मतगणना हॉल में एक साथ संपन्न कराया गया।

**6 हॉल में हुई मतगणना, कुल 36 वार्ड**

मतगणना के लिए कुल 36 वार्डों को 6 हॉल में विभाजित किया गया था– हॉल संख्या 01: वार्ड 01 से 06 (15 टेबल) हॉल संख्या 02: वार्ड 07 से 12 (14 टेबल) हॉल संख्या 03: वार्ड 13 से 18 (13 टेबल) हॉल संख्या 04: वार्ड 19 से 24 (14 टेबल) हॉल संख्या 05: वार्ड 25 से 30 (14 टेबल)हॉल संख्या 06: वार्ड 31 से 36 (15 टेबल) महापौर एवं वार्ड पार्षद पदों की मतगणना एक साथ की गई। निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केवल अधिकृत अभ्यर्थियों एवं उनके एजेंटों को निर्धारित पास के आधार पर प्रवेश की अनुमति दी गई। सभी अधिकारियों और कर्मियों को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। अरविंद कुमार राणा बने मेयर कड़े मुकाबले के बाद मेयर पद पर अरविंद कुमार राणा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 23,500 मत प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद सरफराज अहमद को 18,847 मत मिले। इस प्रकार अरविंद कुमार राणा ने 4,657 मतों के अंतर से जीत हासिल कर मेयर पद पर कब्जा जमाया। जीत की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। विजयी मेयर अरविंद कुमार राणा ने शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। नगर निगम में नई नेतृत्व टीम के गठन के साथ ही अब शहरवासियों की अपेक्षाएं और भी बढ़ गई हैं।



### घोषित परिणाम इस प्रकार हैं

| | | |
|---|---|---|
| वार्ड 1: साजीदा खातून | वार्ड 14: प्रभा गुप्ता | वार्ड 27: सोनी छेत्री कृष्ण |
| वार्ड 2: निकहत यास्मीन | वार्ड 15: अंशिका प्रिया | वार्ड 28: दीप रंजन |
| वार्ड 3: विजय प्रसाद | वार्ड 16: जमील | वार्ड 29: मीना देवी |
| वार्ड 4: अनिल प्रसाद | वार्ड 17: कुणाल चौरसिया | वार्ड 30: शमा परवीन |
| वार्ड 5: रेखा सिंह | वार्ड 19: शीला देवी | वार्ड 31: सुधा कुमारी |
| वार्ड 6: रिंकू वर्मा | वार्ड 20: पमिता सिन्हा | वार्ड 32: मोहम्मद मुस्तकीम |
| वार्ड 7: रीता नाथ | वार्ड 21: वसीम अहमद खान | वार्ड 33: मुन्नी देवी |
| वार्ड 8: अनिता गुप्ता | वार्ड 22: मिताली रश्मि | वार्ड 34: कैलाश कुमार साव |
| वार्ड 9: बैजनाथ राम | वार्ड 23: दीपक सिंह | वार्ड 35: अनामिका कुमारी पासवान |
| वार्ड 10: पाकिजा खातून | वार्ड 24: क्रांति देवी | वार्ड 36: अविनाश यादव (निर्विरोध) |
| वार्ड 11: मुरमई चाकी | वार्ड 25: भूलन राम | |
| वार्ड 12: निशा सिन्हा | वार्ड 26: मोना देवी | |
| वार्ड 13: विकास यादव (निर्विरोध) | | |

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने जल सहियाओं के मानदेय वृद्धि का मुद्दा उठाया



**हजारीबाग :** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में सत्र के दौरान राज्यभर में कार्यरत जल सहियाओं के मानदेय से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय सदन के पटल पर मजबूती से उठाया। विधायक श्री प्रसाद ने कहा कि जल सहियाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दे रही हैं। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय उनके कार्य एवं दायित्वों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल सहियाओं के मानदेय में यथोचित वृद्धि की जाए, भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा उनके कार्य को सम्मानजनक दर्जा प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जल सहियाओं का सशक्तिकरण न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार लाएगा, बल्कि राज्य की ग्रामीण जल व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय को वे सदन में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ उठाते रहेंगे तथा जल सहियाओं के अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### बिरहोर बच्चों के बीच बीडीओ ने की जन्म प्रमाणपत्र का वितरण



**चलकुशा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरियौन में बीडीओ अमृता सिंह ने मुखिया किरण देवी की उपस्थिति में बिरहोर आदिमजाति के बच्चों के बीच जन्म प्रमाणपत्र एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। और विधालय का निरीक्षण किया गया।इस मौके पर पंचायत सचिव कारू राणा आंगनबाड़ी सेविका सरिता देवी,विक्रमादित्य सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

### झरपो में भव्य राम मंदिर निर्माण सह मंदिर गुंबज का किया गया शिलान्यास



**टाटीझरिया :** प्रखण्ड के झरपो पंचायत के महालक्ष्मी चौंक शान्ति नगर में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण में 51 फीट गुंबज का शिलान्यास शुक्रवार को पुजारी मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उप मुखिया राजेंद्र उर्फ राजा समाज सेवी सह पत्रकार रामबिलास शर्मा,समाज सेवी सुरेन्द्र राणा पुरोहित सत्यानंद पांडेय द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। इस राममंदिर का आधारशिला महावीर महतो द्वारा कराया गया है जिसमे झरपो शान्ति नगर के सभी गणमान्य जनता द्वारा अथक प्रयास से इस मंदिर निर्माण में तन मन धन से सभी लग कर मंदिर निर्माण कर रहे हैं जो राम मंदिर अयोध्या के जैसे कुछ आकार रहेगा,जिसका दृश्य दूर दराज गांवों तक दिखाई पड़ेगा। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि हमारे क्षेत्र में राम मंदिर निर्माण से इस पंचायत का नाम रौशन होगा इस गांव में दूर दराज से लोग आयेंगे और यह गांव को पर्यटक स्थल से लोग जानेंगे, आज झरपो में लोग कारी झरना चट्टान धाम से आज भी पर्यटक स्थल से लोग जान रहे हैं इसी तरह झरपो राम मंदिर के नाम से लोग जानेंगे,और हमारे क्षेत्र के लोग राम मंदिर में शादी विवाह खूब धूम धाम से करेंगे और मै इस राम मंदिर स्थल को मंदिर पूर्ण होने पर इस स्थल में पार्क का निर्माण किया जाएगा। वही उप मुखिया राजा एवं पूर्व उप मुखिया निर्मल प्रसाद पत्रकार रामबिलास शर्मा समाज सेवी सुरेन्द्र राणा भी इस बात को लेकर समर्थन किया इस पूजा अर्चना के बाद मुखिया सह ग्रामीणों ने होली मिलन समारोह मनाया एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और होली का हार्दिक शुभकामना दिया,इस अवसर पर छोटन कुमार निर्मल प्रसाद अजय प्रसाद,बासुदेव प्रसाद,अशोक प्रसाद महेंद्र प्रसाद रामटहल महतो , गोबिंद महतो रघु कुमार संजय कुमार सीताराम साव अंजनी देवी,ललिता देवी,राधा देवी सुनीता देवी आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

### एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह मनाया गया, लोगों को किया गया जागरूक



**बड़कागांव :** बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरीय बी एल टी एफ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, अविनाश कुमार ने एनीमिया रोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा की 24 फरवरी से 2 मार्च तक मनाया जा रहा है। इसमें आंगनवाड़ी, सभी विद्यालय, सभी स्वस्थ उप केंद्र में मनाया जायेगा। विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ने बताया कि एनीमिया शिविर कैंप में आप जरूर आये और अपना स्वास्थ्य जांच करवा कर निरोग रहें। मौके पर डॉ, अविनाश कुमार,मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत महतो, डॉ किरण कुमारी, मृत्युंजय सिंह, नंदलाल कुमार दास,संजय कुमार, विश्वजीत कुमार, स्वास्थ्य कर्मी, उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रखंड कार्यालय व थानों में बिना कमीशन के कोई काम नहीं होता : अमित यादव

**रांची :** झारखंड विधानसभा में ग्रामीण विकास विभाग के बजट पर चर्चा के दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने सरकार की कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विभाग के बड़े बजट का जिक्र करते हुए कहा कि जमीन पर काम की रफ्तार धीमी है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि अबुआ आवास योजना में कई लाभार्थियों को पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपये मिले, लेकिन इसके बाद वे फंस गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी लोगों को जियो टैग का डर दिखाकर अगली किस्त रोकने की बात करते हैं। अंबेडकर आवास योजना पर भी उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से नए लक्ष्य पूरे नहीं हुए हैं। विधायक ने कहा कि प्रखंड कार्यालय और थानों में बिना कमीशन के कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि यहां कफन में भी कमीशन लिया जा रहा है। उनका आरोप था कि कुछ अधिकारी खुले तौर पर कहते हैं कि उन्हें ऊपर तक पैसा पहुंचाना पड़ता है। कुमार यादव ने सखी मंडल की महिलाओं की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि छोटे बैंक और दलाल कर्ज वसूली के नाम पर महिलाओं को परेशान कर रहे हैं। पंचायती राज व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास पर्याप्त बजट नहीं है।

### होली को लेकर पुलिस अलर्ट, सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद

**रांची :** होली पर्व को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से होली समाप्ति तक रद्द कर दी गई हैं। यह आदेश पुलिस मुख्यालय, रांची से जारी किया गया है। आदेश के अनुसार विशेष परिस्थिति को छोड़कर किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि होली के दौरान बलों की कमी नहीं हो, इसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी संबंधित पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। किसी भी तरह की गड़बड़ी या असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखी जाएगी। इस निर्णय के बाद राज्यभर के पुलिसकर्मियों को त्योहार के दौरान ड्यूटी पर मुस्तैद रहना होगा।

### मृत मरीजों के परिवारों को संबल : रिम्स में सहायता राशि और मोक्ष वाहन सुविधा लागू

**रांची :** रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, इलाज के दौरान मृत मरीजों के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 5000 रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तकनीकी कारणों के चलते UPI में आ रही समस्याओं के कारण यह राशि लाभुकों के खातों में NEFT के माध्यम से भेजी जा रही है, ताकि सहायता समय पर परिजनों तक पहुंच सके। संस्थान ने मृत मरीजों के पार्थिव शरीर को उनके गृह स्थान तक पहुंचाने के लिए 5 मोक्ष वाहन उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा 5 और मोक्ष वाहन की खरीद की प्रक्रिया चल रही है। मोक्ष वाहन की यह सुविधा परिजनों को निःशुल्क दी जाती है, ताकि शोक की इस घड़ी में उन्हें किसी आर्थिक या व्यवस्थागत कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# झारखंड विधानसभा में नीरा यादव ने अबुआ आवास डीएमएफटी फंड व वन भूमि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को सदन में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, अबुआ आवास योजना, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड तथा वन भूमि से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। कोडरमा विधायक नीरा यादव ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में विकास कार्यों का प्रभाव धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन के अभाव में आम जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। बुनियादी ढांचा मजबूत किए बिना लोगों के जीवन स्तर में सुधार संभव नहीं है। विधायक ने केंद्र से मिलने वाली राशि लंबित रहने के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि 47,367 से अधिक उपयोगिता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को नहीं भेजे गए हैं, जिसके कारण केंद्रीय राशि लंबित है। उन्होंने राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से विभागवार लंबित राशि का विवरण सदन में प्रस्तुत करने की मांग की। साथ ही सभी सांसदों और विधायकों की संयुक्त बैठक बुलाकर केंद्र से राज्य का अधिकार सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। अबुआ आवास योजना पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में 6.5 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन अब तक केवल 18,849 आवास ही पूर्ण हो सके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर गरीबों के मकान अधूरे पड़े हैं और जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं। नीरा यादव ने पाकुड़ और दुमका जिले के जरमुंडी क्षेत्र में जियो टैगिंग में अनियमितता तथा लाभुकों को किस्त भुगतान में देरी का आरोप लगाया। साथ ही विधानसभा समिति को गलत जानकारी दिए जाने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि कोडरमा की एक सड़क का निर्माण दिसंबर 2025 में पूरा हो चुका था, जबकि 10 जनवरी 2026 को समिति को बताया गया कि कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई। मनरेगा के नाम को लेकर चल रही बहस पर उन्होंने कहा कि राम नाम से परहेज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भी हे राम अंकित है। डीएमएफटी फंड के उपयोग पर सवाल उठाते हुए, विधायक ने आरोप लगाया कि खनन प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के बजाय अधिकतर राशि शहरी इलाकों में खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में इंजीनियरिंग कोचिंग के नाम पर एक निजी कंपनी को 1.88 करोड़ रुपये दिए गए, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। स्कूलों में थाली और ग्लास खरीद पर 78 लाख रुपये खर्च किए जाने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। इसके अलावा चंदवारा, डोमचांच और सतगावां प्रखंड के जंगल क्षेत्रों में बाहरी लोगों को बसाए जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों के आधार एवं मतदाता पहचान पत्र बनाकर वन पट्टा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की। वहीं, सदन में विधायक राजेश कच्छप ने राज्य के 49 अंचलों में अंचल अधिकारी (सीओ) के रिक्त पदों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 72 अंचलों में प्रशिक्षु अधिकारियों से नियमित कार्य लिया जा रहा है, जबकि उन्हें प्रशिक्षण अवधि की सुविधाएं दी जा रही हैं, जो वित्तीय अनियमितता का विषय है। इस पर जवाब देते हुए राज्य के राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि राज्य में अधिकारियों की कमी है। कुछ अधिकारियों को प्रोन्नति देकर पदस्थापित किया गया है। वहीं 46 अधिकारी एसडीएम रैंक में हैं, जिनका पदस्थापन अभी शेष है।

## झारखंड में किशोरों के लिए हर माह मनाया जाएगा उमंग दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड द्वारा 6 मार्च 2026 को राज्य के चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उमंग दिवस मनाया जाएगा। यह पहल राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुरू की गई है और 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। इस संबंध में अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने निर्देश जारी किए हैं। उमंग दिवस प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य किशोरों को अपनी बात रखने, नई जानकारी प्राप्त करने और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं पाने के लिए एक सुरक्षित मंच उपलब्ध कराना है। पहले उमंग दिवस का विषय बढ़ना और शरीर में होने वाले बदलाव रखा गया है। कार्यक्रम का राज्य स्तरीय उद्घाटन 6 मार्च को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय नामकुम, रांची में किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 2 मार्च 2026 को जिला स्तर पर बीपीएम, सीएचओ, एएनएम और सहिया साथी सहित संबंधित पदाधिकारियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही राज्य टीम द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का चयन इस कार्यक्रम के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में किशोरों के साथ उनके अभिभावकों, शिक्षकों, पंचायती राज प्रतिनिधियों, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## अतिक्रमणकारी ही सही, पर भूमिहीन है तो सरकार उसे नहीं उजाड़े : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भले ही कोई अतिक्रमण कर अपना घर बनाया है, अगर वह भूमिहीन है तो सरकार उसे नहीं उजाड़े। उसके बसने की व्यवस्था करे। अगर किसी की कहीं जमीन है, जबरन वन भूमि या सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है तो अलग बात है। लेकिन वैसे गरीब परिवार जिसके पास न घर बनाने के लिए भी जमीन नहीं है, उसके प्रति सरकार को सहानुभूति दिखानी चाहिए। उन्हें दो डिसमिल से कहीं अधिक जमीन दी जानी चाहिए। क्योंकि गांवों में रहनेवाला अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या कोई गरीब परिवार उसी घर में अपना बकरी, सूअर, गाय और मुर्गी भी रखता है। उसे तो इतनी



जमीन दी जानी चाहिए कि इन पशु-पक्षियों के अलावा कम से कम सब्जी उपजाने के लिए अपनी जमीन हो। विभागीय मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि सरकार सात डिसमिल तक जमीन बंदोवस्त कर सकती है। लेकिन जबरन जमीन पर कब्जा करनेवालों को जमीन बंदोवस्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। मरांडी राजद विधायक प्रकाश राम के ध्यानाकर्षण के क्रम में शुक्रवार को उठे सवाल पर पर सरकार को सुझाव दे रहे थे। प्रकाश राम का कहना था किक लातेहार में 40-50 वर्षों से बसे गरीब लोगों को उजाड़ा जा रहा है। चंदनडीह में 266 लोगों को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास की व्यवस्था किए बगैर उजाड़ना कहीं से उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हटाए गए 138 परिवारों को दो-दो डिसमिल जमीन दी गयी है। लेकिन वह जमीन भी वैसे जगह पर दे दी गयी है जहां सरना पूजा होता है। मेला लगता है। लोग वहां जाना नहीं चाहते हैं। इसके अलावा 155 भूमिहीन लोग अभी भी बचे हुए हैं। उन्हें भी पुनर्वासित किया जाना चाहिए। इस संबंध में सीओ ने जो एफिडेफिट किया है, वह गलत है। मंत्री ने कहा कि डीसी के माध्यम से जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रोड एक्सीडेंट मामलों में पीड़ितों को गोल्डन आवर में मिलेगी जीवनरक्षक मदद, 1.5 लाख तक मुफ्त इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में उन्होंने पीएम राहत योजना का स्वागत किया। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' यानि घटना के एक घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचने वालों लोगों को डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाएगा। सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को सुनिश्चित उपचार को लेकर बनी योजना पीएम राहत योजना पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में झारखंड से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने योजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे झारखंड के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। बता दें कि इस योजना को 4 मई 2025 को नोटिफाई किया गया और 13 फरवरी 2026 को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह योजना आयुष्मान भारत के पोर्टल टीएमएस 2.0 प्लेटफार्म पर संचालित की जा रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बताया गया कि पात्र मामलों में इस योजना को अन्य सभी योजनाओं पर प्राथमिकता दी गई है। दुर्घटना से संबंधित थाने द्वारा सत्यापन के बाद इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। हालांकि, दुर्घटना के 24 घंटे के बाद अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में उपचार व्यय योजना के अंतर्गत कवर नहीं किया जाएगा। नितिन गडकरी ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं स्वास्थ्य सचिवों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने अपने विचार रखते हुए योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। रमजान महीने के कारण स्वास्थ्य मंत्री ने विनम्रतापूर्वक पहले अपनी बात रखने का आग्रह किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सहमति प्रदान कर दी। अंसारी ने आगे सुझाव दिया कि इस महत्वपूर्ण विषय पर सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ दिल्ली में विस्तृत बैठक आयोजित की जाए।

## एसबीयू में टेक प्रगति-2026 का शुभारंभ भाग ले रहे डेढ़ हजार प्रतिभागी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये जा रहे टेक फेस्ट 'टेक प्रगति-2026' का आज भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विवि की पत्रिका 'इनोवेव' का विमोचन किया गया। शुभारंभ के मौके पर माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट, डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने अपने संदेश में बिरला परिवार के समृद्ध विरासत के अनुरूप ऐसे सृजनशील कार्यक्रमों की उपयोगिता की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजक मंडली के सदस्यों और विवि परिवार के सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यक्रम में नवीनतम प्रयोग, आविष्कार एवं प्रोजेक्ट विद्यार्थियों को सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेंगे। हाल ही में देश में आयोजित एआई समिट का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि टेक प्रगति भी तकनीकी श्रेष्ठता को उभारने का बेहतर मंच साबित होगा। अपने संबोधन में विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने तकनीक और संगीत के महत्व के विषय में बताया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में इन चीजों के सदियों पुराने अस्तित्व पर बात की। माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने आज के दौर में एआई की उपयोगिता पर बोलते हुए जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। इस अवसर पर आयोजन मंडली के संयोजक डॉ. विश्वरूप सामंता ने दो दिवसीय आयोजन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी उपस्थित श्रोताओं को दी।

## चाईबासा में बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने और धनबाद मेडिकल कॉलेज की ऑक्सीजन व्यवस्था पर विधानसभा में चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सदन में चर्चा हुई। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में बच्चों को कथित रूप से संक्रमित खून चढ़ाए जाने के मामले तथा धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ऑक्सीजन व्यवस्था को लेकर सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। विधायक अरूप चटर्जी ने चाईबासा में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने की शिकायत का मामला उठाते हुए सरकार से जांच समिति की रिपोर्ट और अब तक की कार्रवाई की जानकारी मांगी। विभाग की ओर से लिखित जवाब में कहा गया कि बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव रक्त नहीं चढ़ाया गया था। इस पर विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सदन को बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की आशंका जताई गई थी, उनके परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। विधायक ने पीड़ित बच्चों का संपूर्ण इलाज सरकारी खर्च पर कराने की मांग की, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार को उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने जांच रिपोर्ट चालू सत्र में ही सदन के पटल पर रखने को कहा। मंत्री द्वारा जांच में अधिक समय लगने की बात कहे जाने पर अध्यक्ष ने 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इसके बाद मंत्री ने शीघ्र जांच पूरी कराने का आश्वासन दिया। इसी दौरान धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति का मुद्दा भी सदन में गूंजा। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2020-21 में पीएम केयर फंड से लगाए गए तीन ऑक्सीजन प्लांट में से दो वर्तमान में खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वीकार किया कि तीन में से दो प्लांट बंद हैं, लेकिन मरीजों को सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जा रही। उन्होंने बताया कि मरम्मत के लिए कई बार टेंडर निकाले गए, लेकिन एजेंसियों की रुचि नहीं मिलने के कारण कार्य लंबित है। सरकार ने जल्द प्लांट दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। सदन में विधायकों के नए आवास से जुड़ा मुद्दा भी उठा। विधायक राज सिन्हा ने फर्नीचर मद में वर्तमान तीन लाख रुपये की राशि को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की मांग की। अधिकांश विधायकों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि विधायक जयराम महतो ने इसका विरोध किया। स्वास्थ्य व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों से जुड़े इन मुद्दों को लेकर सदन में दिनभर गंभीर बहस और राजनीतिक तकरार का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में मौसम का बदलेगा मिजाज, आज से आंशिक बादल छाने के आसार



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम का उतार-चढ़ाव फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से राज्य के कई हिस्सों में एक बार फिर आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में शनिवार और रविवार को आसमान में आंशिक बादल रहेंगे। हालांकि, सोमवार से मौसम के पुनः साफ होने की संभावना जताई गई है। बादलों के प्रभाव से अधिकतम तापमान में कमी आने के संकेत हैं, जिससे लोगों को दिन के समय गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। विभाग के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान और पाकिस्तान क्षेत्र के आसपास एक निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति भी बनी हुई है, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इसका प्रभाव झारखंड सहित देश के कई राज्यों के मौसम पर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लोहरदगा में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर मौसम साफ रहा तथा मध्यम गति से हवा चलती रही। हवा के कारण दोपहर में गर्मी का असर कम महसूस हुआ, जबकि सुबह के समय हल्की ठंड बनी रही। शुक्रवार को राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान में अंतर देखने को मिला। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री और न्यूनतम 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री तथा न्यूनतम 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बोकारो में अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है और लोगों को बदलते मौसम के अनुसार सतर्क रहने की सलाह दी है।

### श्री श्याम मंदिर में रंगभरी एकादशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव में आज बाबा की बड़ी एकादशी के शुभ अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा ने प्रातः कालीन भव्य श्रृंगार किया। प्रथम ज्योत 9:15 बजे प्रारंभ हुई इसके बाद आए हुए हजारों लोगों ने बाबा की ज्योति में आहुति दी। आज रंगभरी एकादशी के शुभ अवसर पर दिनभर भक्तों का आना जाना लगा रहा। मंदिर में हजारों हजार की संख्या में भक्तों ने अपने इष्ट देव के आगे अर्जी लगाई। स्वामिनी महाभोग छप्पन भोग का प्रसाद सेवा अर्पित किया गया। दोपहर में बाबा के मंड के पर्दे लगाकर संध्याकालीन श्रृंगार मेवा का किया गया। शुक्रवार को मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया अशोक लड़िया मंत्री पंकज गाड़ोदिया विष्णु चौधरी उपमंत्री आदित्य लोहिया प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल सदस्य श्याम सुंदर शर्मा राजेश चौधरी अनिल ननोर्ली अनुज मोदी रोशन खेमका सर्वेश अग्रवाल निखिल ननोर्ली लोकेश जालान हेमंत जोशी अमित शर्मा आकाश शर्मा विशाल अग्रवाल विशाल पोद्दार अंकित सिंह संकेत चौधरी जयश्री शर्मा इत्यादि सैकड़ो भक्तों ने व्यवस्था में भाग लिया।

### विस में जयराम महतो ने ग्रामीण-शहरी विकास की बढ़ती खाई पर जताई चिंता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा में शुक्रवार को विधायक जयराम महतो ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच बढ़ती विकासात्मक असमानता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े पूर्व मंत्रियों आलमगीर आलम, एनोस एक्का और हरिनारायण राय का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विभाग पहले भी विवादों में रहा है और कई मामलों में मंत्रियों को जेल तक जाना पड़ा है। ऐसे में वर्तमान मंत्री को विशेष सतर्कता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि शहरों की तुलना में अब गांवों में बिचौलियों की सक्रियता अधिक बढ़ गई है, जिसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का हवाला देते हुए कहा कि रिश्वत लेना अन्याय है और इसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। जयराम महतो ने सुझाव दिया कि प्रत्येक निर्माण स्थल पर शिलापट्ट के साथ क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि आम नागरिक यह जान सकें कि कार्य किस एजेंसी द्वारा कराया गया, उस पर कितनी राशि खर्च हुई और गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के तहत सड़क और पुल निर्माण सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं, लेकिन इन परियोजनाओं में पारदर्शिता और निगरानी की कमी दिखाई दे रही है। विधायकों द्वारा लगातार मुद्दे उठाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। महतो ने आरोप लगाया कि प्रखंड और अंचल स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है तथा रिश्वतखोरी आम समस्या बन चुकी है। उन्होंने निर्माण कार्यों में जनता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी परियोजना की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों को आपत्ति हो तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ।ाथ ही विभागीय योजनाओं की नियमित निगरानी, सामाजिक अंकेक्षण तथा तकनीकी जांच को अनिवार्य बनाने की मांग की, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### हाईकोर्ट के आदेश पर वरीय अधिवक्ता मनोज टंडन की मर्सिडीज रिलीज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता मनोज टंडन की मर्सिडीज कार शुक्रवार की शाम डोरंडा पुलिस ने रिलीज कर दी। झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस को शाम साढ़े चार बजे तक वाहन रिलीज करने का आदेश दिया था। हालांकि पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच घंटों कानूनी दांव-पेंच चलने के बाद अंततः शाम करीब छह बजकर 35 मिनट पर डोरंडा थाने से मर्सिडीज कार छोड़ी गई। गौरतलब है कि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने गुरुवार को वाहन रिलीज करने का निर्देश दिया था। वाहन छोड़ने से पहले कटे चालान को लेकर भी पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच मामला उलझा रहा, क्योंकि नियम के अनुसार जब्त वाहन को छोड़ने से पूर्व बकाया चालान राशि का भुगतान आवश्यक होता है। बता दें कि 17 फरवरी को डोरंडा थाना क्षेत्र में मनोज टंडन की मर्सिडीज से एक युवक की मोटरसाइकिल टकरा गई थी, जिससे बाइक का ब्रेक टूट गया। ब्रेक बनवाने को लेकर युवक और मनोज टंडन के बीच विवाद हुआ और नोकझोंक भी हुई। बताया जाता है कि मनोज टंडन वाहन लेकर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी युवक ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया और सामने आए वीडियो में वह मर्सिडीज के बोनट पर दिखाई दिया।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**मरकच्चो :** मरकच्चो के मध्य पंचायत अंतर्गत पश्चिम मुहल्ला शिव मंदिर के समीप मोटरसाइकिल की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान पश्चिम मुहल्ला निवासी राजन कुमार राम के तीन वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में किया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसी गली से होकर गुजर रहे एक मोटरसाइकिल ने बच्चे को अपने चपेट में ले लिया, जिससे पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन व ग्रामीणों ने आनन फानन में बच्चा को सदर अस्पताल ले गए जहाँ चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव जैसे ही उसके घर पर पंहुचा बच्चे के माँ बाप समेत परिजनों के रोने चिल्लाने से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना सुन कर पंहुचे वहां लोग भी अपने आंसु को रोक नहीं पा रहे थे। मृतक दो बहनो के बाद इकलौता भाई था। उसका परिवार का परिवार नियोजन का ऑपरेशन भी हो चुका है।

### सिक्योर एजुकेशन अकादमी में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**चंदवारा :** चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी स्थित सिक्योर एजुकेशन अकादमी में वार्षिक परीक्षा समाप्ति के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। परीक्षा सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों के चेहरों पर परीक्षा खत्म होने की खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों के स्वागत संबोधन से हुई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूरे विद्यालय परिसर में भाईचारे, सौहार्द और आपसी प्रेम का वातावरण बना रहा। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक त्योहार की खुशियां साझा कीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लगन के महत्व को समझते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहने का संदेश दिया। उप-प्रधानाध्यापक सुरीता देवी ने परीक्षा के सफल आयोजन पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्रों को आगामी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### बरका सयाल में 68वां खान सुरक्षा सप्ताह संपन्न

**भुरकुंडा :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत मयूर स्टेडियम, बुधबाजार रिवर साइड भुरकुंडा में 68वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2025 के तहत पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशक उज्जवल ताह उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत झंडोत्तोलन से हुई। इसके बाद अतिथियों ने बरका सयाल, राजहरा, ढोरी, अरगड्डा, कथारा, कुजू, हजारीबाग, पिपरवार, रजरप्पा, बोकारो करगली, मगध-संघमित्रा, आम्रपाली-चंद्रपुरा, रजहरा नॉर्थ, एनटीपीसी, टाटा तथा नॉर्थ कर्णपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों द्वारा लगाए गए सुरक्षा स्टॉलों का अवलोकन किया। इन स्टॉलों में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उत्पादन बढ़ाने के उपाय प्रदर्शित किए गए थे।

# लेवी की मांग पर जेजेएमपी का तांडव : सुथरपुर स्टोन क्रशर में बमबाजी, जेसीबी जलाकर फरार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) ने भदानीनगर ओपी क्षेत्र के सुथरपुर स्थित एक स्टोन क्रशर परिसर में गुरुवार की आधी रात हमला कर इलाके में दहशत फैला दी। संगठन के हथियारबंद दस्ते ने लेवी की मांग को लेकर पहले परिसर में मौजूद मजदूरों को एक कमरे में बंद किया, फिर बमबाजी की और खड़ी जेसीबी मशीन में आग लगा दी। घटना के बाद हमलावर धमकी भरा पर्चा छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, आधी रात के करीब जेजेएमपी के सदस्य सुथरपुर स्थित प्रेम सिंह के स्टोन क्रशर परिसर में पहुंचे। वहां मौजूद लगभग दस मजदूरों को एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया गया। इसके बाद अपराधियों ने परिसर में पांच बम विस्फोट किए। अचानक हुए धमाकों से कमरे में बंद मजदूर दहशत में आ गए। बमबाजी के बाद हमलावरों ने परिसर में खड़ी जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया, जिससे वह पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। जाते-जाते अपराधियों ने मजदूरों को चेतावनी दी कि क्रशर संचालक संगठन से संपर्क करे। बिना संपर्क के काम शुरू करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। परिसर में एक पर्चा भी छोड़ा गया है, जिसमें लेवी की मांग और संपर्क करने का निर्देश लिखा है। घटना की सूचना मिलते ही भदानीनगर ओपी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने जले हुए जेसीबी और विस्फोट के अवशेषों की जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान भी चलाया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

## रमजान के दूसरी जुम्मे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** रमजान को लेकर प्रखंड में जहां उत्सव का माहौल है वहीं रमजान के दूसरे जुम्मे को लेकर मस्जिदों में शुक्रवार को नमाज अदा करने की भीड़ उमड़ी। जानकारी के अनुसार इस दिन लोग अल्लाह से मन्नत मांगते हैं और गरीबों का ख्याल रखते हैं। गरीबों को प्यार देकर रोजेदार अल्लाह के खास बन जाते हैं। प्रखंड में उत्सव का माहौल है रोजेदार प्रतिदिन शाम को अजान होने के बाद रोजा खोलते हैं। शुक्रवार को जुम्मे की दूसरी नमाज मरकच्चो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, देवीपुर, महुआटांड़, नावाडीह, खेशमी, दशारो, महतरिया अहरी, मंझलानगर, पुरनानगर महूँगाय, मुरकमनाय समेत प्रखंड के कई मस्जिदों में नमाजियों ने रमजान माह के दूसरे जुम्मे की नमाज अदा की और अपने-अपने परिवारों व देश में शांति अमन चैन के लिए दुवा मांगी।

## डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष बने उमेश वर्मा, 925 मतों से पप्पू मेहता को दी शिकस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच :** डोमचांच में नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष पद का परिणाम घोषित होते ही जश्न का माहौल बन गया। घोषित परिणाम के अनुसार भाजपा समर्थित प्रत्याशी उमेश वर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पप्पू मेहता को 925 मतों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। विजय के बाद उमेश वर्मा ने नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे डोमचांच नगर पंचायत की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने का अपना संकल्प अवश्य पूरा करेंगे। परिणाम घोषित होते ही पूरे नगर क्षेत्र में समर्थकों ने रंग-गुलाल लगाकर, मिठाइयां खिलाकर और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यकताओं और नगरवासियों ने विजयी प्रत्याशी को फूल-मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। जश्न के मौके पर चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मण नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अखिल कुमार सिन्हा,



महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष संगीता सिन्हा, पूर्व जिला महामंत्री परमेश्वर यादव, पूर्व जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिन्हा, चुनाव सह प्रभारी सूरज प्रताप, भाजपा नेत्री कामिनी देवी, डॉ. के.पी. चौधरी, नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। उमेश वर्मा की इस जीत को भाजपा समर्थकों ने डोमचांच की जनता के विश्वास और विकास की जीत बताया है।

## जेएम कॉलेज में भूगोल प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की भुरकुंडा इकाई ने गुरुवार को जेएम कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्राचार्य को मांगपत्र सौंपा। परिषद ने आरोप लगाया है कि भूगोल विभाग में प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर छात्रों से अवैध रूप से अतिरिक्त शुल्क वसूला गया है। इस मामले में 72 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। अभाविप कार्यकताओं का कहना है कि 31 जनवरी को ही इस मुद्दे को लेकर कॉलेज प्रशासन को पत्र सौंपा गया था और 23 फरवरी तक दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया गया था। परिषद का दावा है कि उनके पास अवैध वसूली से संबंधित वीडियो प्रमाण भी मौजूद है। इसके



बावजूद निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी कॉलेज प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे नाराज परिषद ने पुनः ज्ञापन सौंपते हुए 72 घंटे की नई समयसीमा तय की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि इस अवधि के भीतर दोषी शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो अभाविप भूख हड़ताल, धरना और अनिश्चितकालीन तालाबंदी जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा। परिषद ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी अव्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। मांगपत्र सौंपने के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार, पूर्व जिला संयोजक शुभम गिरी, जनजातीय छात्र प्रमुख पिंटू मुंडा, नगर मंत्री अभिनव यादव सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रों के हितों से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने तक संघर्ष जारी रहेगा।

## भुरकुंडा बाजार में ग्रामीण महिलाओं ने शुरू किया शुद्ध हर्बल गुलाल स्टॉल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** होली के पर्व को सुरक्षित, प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक रंगों के साथ मनाने की दिशा में ग्रामीण महिलाओं ने सराहनीय पहल की है। देवरिया आजीविका महिला ग्राम संगठन से जुड़े शिव महिला समूह की महिलाओं ने शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर न केवल स्वरोजगार का रास्ता मजबूत किया है, बल्कि रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया है। भुरकुंडा बाजार, पतरातू में सांकी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के तत्वावधान में हर्बल गुलाल विक्रय स्टॉल का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप मांझी, मुखिया जवाहरनगर ने फीता काटकर स्टॉल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और स्थानीय नागरिकों ने महिलाओं के इस प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा (प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक), अभिषेक कुमार वर्मा (प्रखंड परियोजना पदाधिकारी), प्रेमचंद कोटवार (एफटीसी), गीता देवी (आईपीआरपी) और पलाश मार्ट संचालिका अमरजीत कौर सहित समूह की कई सदस्याएं मौजूद रहीं। शिव महिला समूह की सदस्य सुनीता कुमारी, संध्या देवी, नीतू देवी, किरण देवी और शिवरानी देवी द्वारा तैयार किया गया यह गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक एवं जैविक तत्वों से निर्मित है।

# कोडरमा में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रयोगशाला प्रावैद्यिकों का प्रशिक्षण आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यालय, कोडरमा द्वारा यक्ष्मा कार्यक्रम को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में प्रयोगशाला प्रावैद्यिकों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता डॉ अनिल कुमार, सिविल सर्जन कोडरमा ने की। प्रशिक्षण के दौरान डॉ रमण कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने प्रयोगशाला प्रावैद्यिकों को टीबी जांच, सैंपल कलेक्शन की सही प्रक्रिया एवं गुणवत्ता पूर्ण बलगम संग्रहण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहिया स्तर से प्राप्त नमूनों की




गुणवत्ता सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है, ताकि टीबी की सटीक जांच संभव हो सके। राज्य स्तर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी, राज्य यक्ष्मा सलाहकार, प्रशिक्षक रूपेश कुमार (आईआरएल माइक्रोबायोलॉजिस्ट) एवं प्रकाश कुमार रवि (एसटीएलएस) ने भी प्रशिक्षण में मार्गदर्शन दिया। राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी ने ट्रूनेट मशीन के प्रभावी उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक मशीन से प्रतिमाह लगभग 300-340 जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधिक से अधिक संभावित मरीजों की जांच ट्रूनेट मशीन से करने पर जोर दिया गया। रूपेश कुमार ने फेफड़े की टीबी एवं अन्य अंगों में होने वाली टीबी के लक्षण, जांच की विधि, वर्तमान में दी जा रही दवाओं की खुराक, मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग तथा संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को दी जाने वाली टीपीटी दवा की जानकारी दी।डॉ रमण कुमार ने प्रखंड स्तर पर सहियाओं के साथ समन्वय बढ़ाने की बात कही और लक्ष्य निर्धारित किया कि प्रत्येक सहिया प्रतिमाह कम से कम चार टीबी संदिग्ध मरीज जांच के लिए लाएं, ताकि बलगम जांच के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास कुमार, अजय कुमार, सुनीता कुमारी, अवन कुमार दिवाकर, मिथिलेश प्रसाद, मो. जफीम, श्याम कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रयोगशाला प्रावैद्यिक उपस्थित रहे। यक्ष्मा मुक्त कोडरमा की दिशा में यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आप कार्यकर्ताओं ने किया पुष्पांजलि अर्पित



**झुमरी तिलैया :** झुमरी तिलैया स्थित आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए पुण्यतिथि मनाएं। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत सभी युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। जब चंद्रशेखर आजाद को गिरफ्तार कर उनसे नाम पूछा गया था तो उन्होंने बताया कि मेरा नाम आजाद है और पिता का नाम स्वतंत्रता एवं अपने पता जेलखाना बताये थे, तो इसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिए। श्री दामोदर यादव ने कहा कि दिल्ली शराब नीति घोटाला एक षड्यंत्र का हिस्सा था। आज सत्य की विजय हुई है कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं को बरी किया है। पूर्व जिला सचिव सुधीर कुमार ने नेताओं की बरी होने पर कहा न्यायालय के द्वारा पार्टी के शीर्ष नेताओं को बरी होने पर कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दामोदर यादव, पूर्व जिला सचिव सुधीर कुमार, प्रवीण वर्मा, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेश कुमार यादव, शिवाकांत सिंहा, सुविनोद श्रीवास्तव, गोलू, इस्लाम अंसारी, संजय वर्मा, प्रकाश तिवारी, जालिम भूईयां उपस्थित थे।

### 10 वर्षों से जर्जर पतरातू की ग्रामीण सड़कें बनीं हादसों की वजह, विधायक ने विस में उठाई तत्काल पुनर्निर्माण की मांग

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड की जर्जर ग्रामीण सड़कों का मामला शुक्रवार को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया गया। रोशन लाल चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बदहाल सड़कों की स्थिति को गंभीर बताते हुए सरकार से अविलंब पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से इन सड़कों की सुध नहीं ली गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सदन में बोलते हुए उन्होंने बताया कि पतरातू प्रखंड की कई प्रमुख सड़कें, जिनका निर्माण एक दशक पूर्व हुआ था, अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई हिस्सों में डामर पूरी तरह उखड़ चुका है। परिणामस्वरूप आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही है। विशेष रूप से किन्नी से जराद, सालगो और ओरियातु होते हुए निम्मी तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। इसी प्रकार गेगदामोड़ से किन्नी-खुशीयारा-जरादमोड़ (करीब 5 किमी), चेतमा से लेम (2 किमी) तथा ओरियातु-चितो से लोवाडीह (5 किमी) तक की सड़कें भी चलने योग्य नहीं बची हैं। इन मार्गों पर रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। विधायक ने कहा कि ये सड़कें दर्जनों गांवों की जीवनरेखा हैं। खराब सड़कों के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी उठानी पड़ती है, वहीं किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में अतिरिक्त समय और खर्च दोनों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों की निर्धारित आयु पूरी हुए वर्षों बीत चुके हैं, बावजूद इसके संबंधित विभाग ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की है। जनहित का हवाला देते हुए उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन सभी ग्रामीण पथों का नए सिरे से निर्माण और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ सकता है।

### रामगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कुसुमलता की मजबूत बढ़त, 22 वार्डों के नतीजे घोषित

**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर पालिका आम निर्वाचन की मतगणना जिला प्रशासन की देखरेख में रामगढ़ कॉलेज के कंट्रोल हॉल में जारी है। अध्यक्ष पद इस बार आदिवासी महिला वर्ग के लिए अनारक्षित रखा गया है, जिसमें कुल नौ महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। शाम सात बजे तक आए रुझानों में कुसुमलता कुमारी ने 14,175 मत प्राप्त कर स्पष्ट बढ़त बना ली है, जबकि प्रिया कुमारी 9,664 मतों के साथ दूसरे स्थान पर चल रही हैं। अन्य प्रत्याशियों में रेणु देवी को 6,566, अनिता कुमारी को 5,663, सुरपति देवी को 4,540, अर्पण कुमारी को 3,509, रेणु कुमारी को 2,725, उमा कुमारी को 1,327 और पूजा देवी को 1,062 मत मिले हैं। अब तक के रुझानों के आधार पर मुकाबला मुख्य रूप से कुसुमलता और प्रिया के बीच सिमटता नजर आ रहा है। कुसुमलता को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है, जबकि प्रिया को भाजपा का समर्थन मिला है। इधर, वार्ड सदस्य पदों की मतगणना में 22 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वार्ड 1 से विशेश्वर कुमार बेदिया, 2 से मुंशी मांझी, 3 से जयनारायण साव, 4 से अरुण कुमार कुशवाहा, 5 से पवन कुमार यादव, 6 से संदीप कुमार, 7 से अविनाश उपाध्याय, 8 से राहुल कुमार, 9 से बुलु देवी, 10 से लक्ष्मी देवी, 11 से फरहद अनीश, 12 से ललिता देवी, 13 से रंजीत कुमार, 14 से सुषमा देवी, 15 से नीरज कुमार पासवान, 17 से रंधीर कुमार, 22 से रेणु कुमारी, 23 से हजरुन खातून, 24 से प्रतिभा शरण, 25 से सोनी कुमारी, 26 से देवधारी महतो और 27 से प्रियंका कुमारी विजयी घोषित हुए हैं। मतगणना केंद्र के बाहर समर्थकों की भीड़ जुटी रही और हर राउंड के बाद माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। शेष वार्डों और अध्यक्ष पद का अंतिम परिणाम अगले तीन से चार घंटे में आने की संभावना है।

### होली से पहले उत्पाद विभाग ने 4000 लीटर अवैध शराब किया जब्त



**पलामू :** झारखंड स्थित पलामू जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने होली से पहले बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम पाटन थाना के बसदह में एक मकान में छापेमारी की जहां से टीम को 4233 .36 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ। इसकी कीमत लगभग 42 लाख रुपये बताई गई है। वहीं इस मामले में उत्पाद विभाग ने संतन भुइंया नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही रामाशीष भुइंया, पंडुल सिंह, दादा सिंह, उमा सिंह सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उत्पादक अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि बसदह में पक्का मकान में विभिन्न ब्रांड का अवैध शराब रखा गया है।इस सूचना के बाद उत्पाद विभाग ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रॉयल मेनशन गोल्ड 750 एमएल का 150 पेटी में रखा गया था। 1350 लीटर, रॉयल मेनशन गोल्ड 375 एमएल का 252 पेटी में 2268 लीटर, रॉयल मेनशन गोल्ड 180 एमएल का 65 पेटी में रखा 561.6 लीटर, इंपीरियलब ब्लू व्हिस्की 180 एमएल का 220 बोतल 39 .6 लीटर, ब्लैक डॉग व्हिस्की 750 एमएल का 16 बोतल में 12 लीटर, मैकडॉवेल नंबर वन 180 एमएल का 12 बोतल में रखा 2 .16 लीटर सहित कुल 4233 .36 अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया है। छापेमारी में उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद अनुप प्रकाश, अमित कुमार सिंह, पाटन थाना प्रभारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर

### जेसीबी चालक की ट्रैक्टर से दबकर मौत



**पलामू:** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के दुलसुलमा गांव के जेसीबी चालक मनोज सिंह (29) की मौत सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव में गुरुवार शाम ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से हो गई। एमएमसीएच में पोस्टमार्टम करने के बाद शुक्रवार को मटखानी टोला स्थित मलय नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मनोज के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। 5 वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। 23 फरवरी को चालक के तीन महीने के एक बच्चे का सतइसा हुआ था। इसमें शामिल होने के बाद मनोज 25 फरवरी को घर से निकला था और होली पर नए कपड़े लेकर घर आने की तैयारी थी। विमल ने बताया कि मनोज चार पुत्रों में सबसे बड़े थे। जेसीबी का चालक थे। पंचायत के मुखिया ब्रम्हदेव सिंह ने जेसीबी मालिक से 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि घर परिवार छोड़कर काम के दौरान मनोज जैसे युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। बीडीसी जगदीश सिंह ने बताया कि मनोज की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि सुआ गांव में सतीश कुमार सिंह के जेसीबी से मिट्टी की कटाई कर ट्रैक्टर में लोड कर ले जाया जा रहा था। मनोज सिंह जेसीबी चला रहा था। ट्रैक्टर चालक कुछ काम से गया हुआ था। मनोज ट्रैक्टर साइड कर रहा था। इसी क्रम में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दबने से मनोज की मौत हो गई।

# खूंटी नगर पंचायत चुनाव : रानी टूटी ने रचा इतिहास, दूसरी बार बनीं अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** नगर पंचायत चुनाव में मतदाताओं ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी के सिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज पुनः सजा दिया है। रानी टूटी ने कांग्रेस समर्थित मनोनीत बोदरा को 3879 मतों से पराजित किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित सोनम बागे तीसरे स्थान पर रहीं। अंतिम परिणामों के अनुसार रानी टूटी को 9177 मत प्राप्त हुए हैं। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मनोनीत बोदरा को 5298 मत मिले। वहीं झामुमो समर्थित प्रत्याशी सोनम बागे को 2476 मतों से संतोष करना पड़ा। रानी टूटी की इस जीत को शहर के विकास कार्यों पर जनता की मुहर के रूप में देखा जा रहा है। इससे पूर्व, शहर के कदमा स्थित कृषि बाजार समिति के गोदाम में बनाए गए मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार की सुबह सात बजे से मतगणना शुरू हुई। पूरे परिसर में प्रशासनिक और पुलिस बल की तैनाती रही। शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि खूंटी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के साथ-साथ 19 वार्ड पार्षदों के लिए भी मतदान हुआ था। अध्यक्ष पद के लिए रानी टूटी, मनोनीत बोदरा और सोनम बागे सहित वार्ड पार्षदों के 77 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखा और विजयी प्रत्याशी को बधाइयों का तांता लग गया। इधर, केंद्र और राज्य की राजनीति में इंडी गठबंधन के तहत साथ चल रहे कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा को खूंटी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में अलग-अलग प्रत्याशी को समर्थन देना महंगा पड़ गया। दोनों दलों के बीच तालमेल नहीं होने का सीधा लाभ भाजपा समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी को मिला, जिन्होंने एकतरफा मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस और झामुमो संयुक्त रूप से एक उम्मीदवार पर सहमति बनाते, तो मुकाबला कड़ा हो सकता था। लेकिन दोनों दलों के अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरने से विपक्षी मतों का बंटवारा हो गया। इसका सीधा फायदा भाजपा समर्थित उम्मीदवार को मिला।

## बोड़ाम के कुइयाईनी में नवकुंज महायज्ञ अनुष्ठान में उमड़ रहे श्रद्धालु



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के कुइयाइनी पंचायत मंडप के समीप मैदान में आयोजित श्री श्री राधा नाम नवकुंज महायज्ञ में पटमदा, बोड़ाम ,नीमडीह सहित पश्चिम बंगाल के बड़ाबाजार से भी श्रद्धालु राधा नाम का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। इस अनुष्ठान में नौ कुंज स्थापित किया गया है। जिसमें विभिन्न कीर्तन मंडली के द्वारा राधा नाम किया जा रहा हैं। महायज्ञ में दासानुदास भक्तिपद बाबाजी सहित बोड़ाम आंचलिक नवकुंज कमिटी का सहयोग है। नवकुंज 23 फरवरी से तीन मार्च तक चलेगा। इस दौरान महायज्ञ अनुष्ठान के सफल आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष निधि राम सिंह, आदित्य महतो, भक्तिपद बाबाजी, निर्मल सिंह, बनमाली बनर्जी , हरेंद्र चंद्र महतो, राजेंद्र सोरेन,माधव चंद्र महतो, बुद्धेश्वर सिंह,चित्त रंजन मंडल, मनबोध सिंह, चित्त रंजन महतो, शंभू महतो सहित क्षेत्र के सभी ग्रामीणों और समाजसेवियों का योगदान रहा। धार्मिक अनुष्ठा में आस्था के साथ श्रद्धा का गंगा बह रही हैं। साज सज्जा आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं।

## कड़ी सुरक्षा में जुगसलाई, मानगो और चाकुलिया की मतगणना शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** परसूडीह स्थित ब्लॉक सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जुगसलाई नगर परिषद, मानगो नगर निगम और चाकुलिया नगर पंचायत के मतों की गिनती कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। सुबह से ही मतगणना केंद्र के बाहर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की हलचल देखी गई। मतगणना शुरू होते ही प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं और सभी की निगाहें परिणामों पर टिकी हुई हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल पर सिटी एसपी कुमार शिवा आशीष सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। केंद्र के भीतर और बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतगणना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। मिली जानकारी के अनुसार चाकुलिया नगर पंचायत की मतगणना दो राउंड में, जुगसलाई नगर परिषद की तीन राउंड में और मानगो नगर निगम की चार राउंड में पूरी की जाएगी। इस बार मतदान बैलट पेपर के माध्यम से हुआ है, जिसके कारण मतगणना की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी है। फिलहाल सभी मतपत्रों का बंडल तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद विधिवत गिनती का कार्य शुरू होगा। जुगसलाई नगर परिषद के 22 वार्डों के लिए हुए मतदान में कुल 26,367 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। चाकुलिया नगर पंचायत के 12 वार्डों में 9,179 मत पड़े हैं, जबकि मानगो नगर निगम के 36 वार्डों के लिए 99,857 मतदाताओं ने मतदान किया था। इन सभी मतों की गिनती पूरी होने के बाद ही अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। संभावना जताई जा रही है कि मतों की संख्या कम होने के कारण चाकुलिया नगर पंचायत का परिणाम सबसे पहले घोषित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### टाटा-बक्सर-टाटा होली स्पेशल ट्रेन चलेगी, पांच-पांच ट्रिप में मिलेगी राहत




**पूर्वी सिंहभूम:** होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने टाटानगर से बक्सर के बीच होली स्पेशल टीओडी ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन 08183/08184 टाटा-बक्सर-टाटा होली स्पेशल टीओडी के रूप में संचालित की जाएगी और कुल पांच-पांच फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटाझबक्सर होली स्पेशल 3 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को टाटानगर से चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 08184 बक्सर-टाटा होली स्पेशल 4 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक बुधवार को बक्सर से प्रस्थान करेगी। दोनों दिशाओं में पांच-पांच ट्रिप निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित समय के अनुसार 08183 टाटा-बक्सर होली स्पेशल शाम 17:10 बजे टाटानगर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, चंद्रपुरा, धनबाद, पाथरडीह, चिरकुंडा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, दानापुर और आरा होते हुए अगले दिन सुबह 08:15 बजे बक्सर पहुंचेगी। वापसी में 08184 बक्सर-टाटा होली स्पेशल दोपहर 12:00 बजे बक्सर से खुलेगी और आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया और चांडिल होते हुए अगले दिन सुबह 04:30 बजे टाटानगर पहुंचेगी। शुक्रवार को रेलवे अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के दौरान झारखंड और बिहार के बीच यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने तथा यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे समय सारिणी की जानकारी लेकर अग्रिम आरक्षण कराएं और यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें।

### बरियादा में कल्याणी मेडिकल स्टोर का हुआ उद्घाटन



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बरियादा गांव में शुक्रवार को प्रोपराइटर मुचीराम महतो के कल्याणी मेडिकल स्टोर का उद्घाटन समारोह में डॉ सौरभ मल्लिक,मुखिया मंगल सिंह,पूर्व पार्षद स्वपन महतो, प्रबोध महतो, देवब्रत महतो, सुब्रत महतो, विश्वनाथ महतो, फार्मासिस्ट सोमेन महतो, नीतू कुमारी, देवेन महतो, संजय गोराई ,गोपेन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीनाथ विवि में अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** मेरा युवा भारत, पूर्वी सिंहभूम ने युवा कार्यक्रम और केंद्रीय खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025-26 का समापन 27 फरवरी को श्रीनाथ विश्वविद्यालय में हुआ। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम 23 फरवरी से शुरू होकर विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आए 37 युवा प्रतिभागियों ने झारखंड के युवाओं के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान संवाद सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, समूह चर्चा और सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श के माध्यम से दोनों राज्यों के युवाओं को एक-दूसरे की परंपराओं, संस्कृति और जीवनशैली को समझने का अवसर मिला। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच आपसी समझ, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर कुलाधिपति सुखदेव महतो ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को देश की विविधता को करीब से जानने और अनुभव करने का मंच देते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान से न केवल भाईचारे की भावना प्रगाढ़ होती है, बल्कि राष्ट्रीय एकता भी सशक्त होती है। समारोह के दौरान महाराष्ट्र से आए प्रतिभागियों ने अपने पारंपरिक लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, वहीं श्रीनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने झारखंड के लोक नृत्यों से सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी मोंटू पातर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई और विश्वविद्यालय की टीम को सफल आयोजन के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मेदिनीनगर निकाय चुनावः मेयर पद पर दूसरे राउंड में अरुणा शंकर 296 वोट से आगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर मेदिनीनगर नगर निकाय चुनाव की मतगणना जारी है। मेयर पद पर दूसरे राउंड की मतगणना के बाद मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। अरुणा शंकर ने जोरदार वापसी करते हुए बढ़त हासिल कर ली है। कई महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों से उन्हें अपेक्षा से अधिक मत प्राप्त हुए, जिससे उन्हें बढ़त मिल गई। पहले राउंड की गिनती पूरी होने के बाद मेयर पद की प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी बढ़त पर चल रही थीं। अरुणा शंकर दूसरे स्थान पर थीं, जबकि पूनम सिंह तीसरे स्थान पर बनी हुई थीं। दो राउंड की मतगणना के बाद अरुणा शंकर 296 मतों से नम्रता त्रिपाठी से आगे चल रही हैं। वहीं पूनम सिंह तीसरे स्थान पर कायम हैं और शेष राउंड में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हुए हैं।

### सड़क हादसे में जीजा- साले की मौत

खूंटी : खूंटी थाना क्षेत्र के पिपरा टोली में गुरुवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में जीजा- साले की मौत हो गई। मृतकों में बिरहु मोड़ निवासी प्रदीप महतो तथा रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कुली गांव निवासी संदीप प्रजापति शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दोनों मुंडन समारोह में शामिल होकर डोड़मा से स्कूटी से खूंटी लौट रहे थे। प्रदीप महतो के घर से लगभग एक किलोमीटर पहले उनकी स्कूटी पिपरा टोली के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गई, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक प्रदीप महतो के बड़े भाई संदीप महतो ने बताया कि प्रदीप अपने जीजा संदीप प्रजापति के साथ डोड़मा में रहनेवाली बहन के घर मुंडन समारोह में गया था। लौटने के दौरान दोनों हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को सदर अस्पताल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting RFP** for
Engineering, Procurement & Construction (EPC)
**Ref No: SHAJ/Tech/CW/Jainamore to Phusro/2026/147Date: 27.02.2026**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for " **Widening & Strengthening work of Jainamore (Tilka manjhi chowk) to Phusro (Nirmal mahato chowk) (MDR-077) from 2 lane to 2 lane paved shoulder on EPC mode**. The approximate cost of the work is Rs **125.45** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **12.03.2026 (03:30 P.M.) to 13.04.2026 (upto 12:30 P.M.).** The complete RFP Application shall be submitted online by **13.04.2026 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **15.04.2026 (at 12:30 PM).**
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of **Rs. 1.26 Crore (Rupees One Crore Twenty Six Lakh Only)**. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.
4. ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.*** **The cost of the work and Bid Security (EMD) may change.**

Sd/-
Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand
Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR.NO.373743 State Highway Authority of Jharkhand(25-26):D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**RATE PURPOSE ONLY (Second Call)**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 02 Ranchi - 09/2025-26**
Sealed Quotations are invited for the work

| S.No. | Name of Work |
|---|---|
| 1 | INTERIOR ACOUSTIC TREATMENT OF THE ASSEMBLY HALL AT RANCHI , JHARKHAND |

for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/ Suppliers/ Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.
4. The bidder must submit a project-specific Authorization and Technical Support Undertaking on the official letterhead of the OEM (from the approved make list). This letter must confirm that the bidder is an authorized partner and that the OEM assumes full technical responsibility for guiding the contractor throughout the execution to ensure performance results match design specifications."
5. The bidder must have executed the similar works of acoustic treatment in any Vidhan Sabha Bhawan, similar important building of 150 seater. Proof in form of completion certificate / work order to be given.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 07.03.2026 के अपराहन 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 14.03.2026 के अपराहन 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 16.03.2026 अपराहन 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 373767 Building (25-26)_D

# लातेहार में नगर परिषद अध्यक्ष पद पर महेश सिंह विजयी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** लातेहार नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित महेश सिंह विजयी घोषित किये गए। उन्होंने झामुमो समर्थित प्रत्याशी बिलासी तोपनो को 985 मतों से हराया। परिणाम की घोषणा के बाद चुनाव अधिकारी अपर समाहर्ता रामा रविदास ने महेश सिंह को जीत का प्रमाणपत्र प्रदान सौंपा. मौके पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम मौजूद थे। अध्यक्ष पद के अन्य प्रत्योशियों में कुमारी नीना तिर्की को 164, बैजंती देवी को 257, भगतू नगेशिया को 406, मिल्या नी कुजूर को 1139, सूर्यदेव भगत को 218 व सेलेस्टीशन कुजूर को 85 मत मिले. जबकि वार्ड पार्षदों में वार्ड नंबर एक में मो नसरुद्दीन मियां को 251 व माला देवी को 235 मत मिले। नसरुद्दीन मियां 16 मतों से विजयी रहे। इसी तरह वार्ड नंबर दो में सुगंधी देवी 203 मतों से विजयी हुईं। सुगंधी देवी को 462, जबकि दूसरे नंबर पर रहे उकंचन शौंडिक को 259 मत मिले.वार्ड नंबर तीन में विमला देवी 167 वोट से जीतीं। विमला देवी को 390 और दूसरे नंबर पर रहीं वर्षा कुमारी को 223 वोट मिले। वार्ड नंबर चार में जयराम कपूर 44 वोट से विजयी रहे। जयराम कपूर को 254 व दूसरे नंबर पर रहे नवीन कुमार सिंह को 210 वोट मिले। वार्ड नंबर पांच में सब्बू परवीन 364 से विजयी रहीं। सब्बू परवीन को 586 व दूसरे नंबर पर रहीं प्रमिला देवी को 222 मत मिले। वार्ड नंबर छह में मनोज कुमार गुप्ता 234 मत से विजयी रहे। मनोज कुमार गुप्ता को 458 व दूसरे नंबर पर रहे सत्यनारायण प्रसाद को 224 मत मिले। वार्ड नंबर सात में मनोज कुमार दास 86 वोट से जीते। मनोज कुमार दास को 420 व दूसरे नंबर पर रहे भुवनेश्वर राम को 334 मत मिले। वार्ड नंबर आठ में आशा देवी 48 मतों से विजयी रहीं. आशा देवी को 331 व दूसरे नंबर पर रहे आशीष कुमार गुप्ता को 283 मत मिले। वार्ड नौ में संयुक्ता कुंवर ने रीमा कुमारी को 298 वोट से हराया। संयुक्ताड कुंवर को 544 व रीमा देवी को 246 मत मिल. वार्ड 10 में मुद्रिका मांझी ने धीरज पासवान को छह वोट से हराया. मुंद्रिका मांझी को 242 और धीरज को 236 मत मिले। वार्ड 11 में संतोष रंजन ने उत्तम प्रसाद को 203 मतों से हराया। संतोष रंजन को 335 व उत्तडम कुमार को 132 मत मिले। वार्ड 12 में मुस्तरी बीबी ने शंकर राम को हराया। मुस्त री बीबी को 322 व शंकर राम को 200 मत मिले। वार्ड 13 में अमन तिग्गाब अलमा पन्ना ने मनिका देवी को हराया। पन्ना को 309 और मनिका को 133 मत मिले। वार्ड 14 में इंद्रदेव उरांव ने तराशिला कुजूर को हराया। इंद्रदेव को 423 और तरसिला को 331 वोट मिले। वार्ड 15 में गुड़िया सिन्हा ने सुनीता गुप्ता को 21 मतों से हराया। गुड़िया सिन्हाू को 291 और सुनीता गुप्ता को 270 मत प्राप्ते हुए।

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस" मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज ह्यरमन प्रभावह्ल को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से "रमन प्रभाव" (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला "नोबेल पुरस्कार" दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। "रमन प्रभाव" खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा। वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में "रमन प्रभाव" को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है "विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को उत्प्रेरित करना"। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः "वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान", "विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक" और "विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी "सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण" और वर्ष 2021 की थीम थी "एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव"। एसटीअई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है।

## सूडोकु नवताल- 7719

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


सूडोकु नवताल -7718 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शिक्षा में न्यायपालिकाः संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

ललित गर्ग




एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।

यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप।

न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में संस्थागत अध्ययन का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी।

अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की चर्चाः सत्य का आईना या संस्था की गरिमा पर प्रहार?

डॉ. प्रियंका सौरभ

न्यायपालिका भारत के लोकतंत्र का संरक्षक स्तंभ है, जो संविधान की रक्षा करता है और नागरिकों को न्याय का आश्वासन देता है। लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की कक्षा आठवीं की सोशल साइंस किताब पर सख्त रुख अपनाते हुए छपाई, वितरण और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। किताब के 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' अध्याय में 'न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार', लंबित मामलों की भारी संख्या, जजों की कमी और पूर्व सीजेआई बी.आर. गवई के बयानों का उल्लेख था। सीजेआई सूर्यकांत ने इसे न्यायपालिका को बदनाम करने की 'गहरी और सोची-समझी साजिश' करार दिया तथा शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। विवादित अध्याय के लेखकों की पहचान, उनकी योग्यता और सिलेबस फ्रेमिंग बैठकों की कार्यवाही प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। यह घटना न केवल शिक्षा नीति पर सवाल उठाती है, बल्कि संस्थागत गरिमा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार पर खुली चर्चा के बीच संतुलन की बहस को जन्म देती है। क्या स्कूली पाठ्यक्रम में ऐसी चर्चा गलत है? या यह समाज को सतर्क करने का माध्यम है?

भारतीय संविधान अनुच्छेद 19(एक) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है, लेकिन अनुच्छेद 19(दो) में उचित प्रतिबंध भी हैं, जिनमें न्यायालय की अवमानना शामिल है। सुप्रीम कोर्ट का कदम अवमानना अधिनियम 1971 के दायरे में आता है, जहां न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री दंडनीय है। कोर्ट ने तर्क दिया कि अध्याय चुनिंदीय (सेलेक्टिव) था–न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार का उल्लेख तो प्रमुख था, लेकिन विधायिका या कार्यपालिका पर ऐसा कोई जिक्र नहीं। लंबित मामलों को 'मैसिव बैकलॉग' कहना और जजों की कमी को चुनौती के रूप में पेश करना संस्था को कमजोर दिखाता है। पूर्व सीजेआई गवई के बयान का संदर्भ बिना पूर्ण संदर्भ के लिया गया, जो भ्रामक था। कोर्ट ने इसे 'डीप-रूटेड कांस्पिरेसी' कहा, जो संकेत देता है कि यह केवल शैक्षणिक चूक नहीं, बल्कि सुनियोजित प्रयास हो सकता है। एनसीईआरटी द्वारा हाल में संशोधित पाठ्यक्रम में ऐसी सामग्री शामिल करना शिक्षा मंत्रालय की लापरवाही दशार्ता है। सिलेबस एक्सपर्ट कमिटी की बैठकों में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठे हैं–क्या लेखक राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित थे? कोर्ट ने गहन जांच का भरोसा दिलाया है, जो स्वागतयोग्य है।

भ्रष्टाचार पर चर्चा लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के अनुसार, भारत का करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2025 में 40/100 रहा, जो न्यायपालिका सहित संस्थाओं की चुनौतियों को रेखांकित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं ब्रह्मावर्त हॉस्टल मामले या मेडिकल एडमिशन घोटालों में भ्रष्टाचार पर तीखी टिप्पणियां की हैं। जस्टिस जे.एस. वर्मा ने कहा था कि 'ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार का एक मामला भी पूरी संस्था को दागदार बनाता है।' लेकिन स्कूली किताब में इसे सामान्यीकृत कर पेश करना उचित नहीं। बच्चे 13-14 वर्ष के होते हैं–उन्हें तथ्यपरक ज्ञान दें, न कि पूर्वाग्रहपूर्ण दृष्टिकोण। अध्याय जवाबदेही, शक्तियों के पृथक्करण और सुधारों (जैसे फास्ट-ट्रैक कोर्ट, जजों की भर्ती) पर केंद्रित होता तो उपयोगी होता। वर्तमान रूप में यह नकारात्मकता बोता है, जो युवा पीढ़ी में न्यायपालिका के प्रति अविश्वास पैदा कर सकता है। हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पंचायती राज मजबूत है, स्थानीय न्याय व्यवस्था पहले से जूझ रही है–ऐसी सामग्री से ग्रामीण बच्चे हतोत्साहित होंगे।

एनसीईआरटी की भूमिका पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम सरलीकृत और भारतीयता-केंद्रित बनाने का लक्ष्य था, लेकिन यह विवाद उलटा असर डाल रहा है। मंत्रालय को सिलेबस फ्रेमिंग में बहुपक्षीय परामर्श अनिवार्य करना चाहिए–शिक्षाविद्, न्यायिक विशेषज्ञ, अभिभावक संगठन शामिल हों। लेखकों की योग्यता जांचे–क्या वे राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ हैं या सामान्य शिक्षक? कोर्ट ने डिजिटल कॉपियां भी जब्त करने को कहा, जो साइबर युग में चुनौतीपूर्ण है। लेकिन यह कदम आवश्यक था, क्योंकि गलत सूचना वायरल हो सकती थी। वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी जैसे वरिष्ठों ने कोर्ट में इसे चुनिंदीय बताया, जो बहस को मजबूत करता है। अब जांच से यदि साजिश सिद्ध हुई, तो जिम्मेदारों पर अवमानना का मुकदमा चलेगा।

यह मामला व्यापक सुधारों की मांग करता है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार रोकने हेतु राष्ट्रीय न्यायिक आयोग (एनजेएसी) को मजबूत बनाएं, जो जजों की नियुक्ति पारदर्शी करे। ई-कोर्ट प्रोजेक्ट को तेज करें, ताकि लंबित मामले घटें–वर्तमान 5 करोड़ से अधिक हैं। जजों की संख्या बढ़ाने हेतु विधायी सहमति लें। शिक्षा में भ्रष्टाचार को नैतिकता के अध्याय में शामिल करें, न कि संस्था-विशेष पर प्रहार के रूप में। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन संस्था की गरिमा सर्वोपरि। सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप सही दिशा में है–यह चेतावनी है कि शिक्षा भ्रष्टाचार नहीं बोएगी।

एनसीईआरटी को पाठ्यक्रम पुनरीक्षण कर तथ्यपरक, संतुलित सामग्री सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकारें पारदर्शिता बढ़ाएं–आरटीआई से सिलेबस प्रक्रिया खुली हो। जनता जागरूक बने, क्योंकि मजबूत न्यायपालिका ही मजबूत भारत है। यदि भ्रष्टाचार पर चर्चा सुधार लाए, तो स्वागतयोग्य; अन्यथा यह साजिश मात्र। सुप्रीम कोर्ट की जांच से सत्य सामने आएगा, और शिक्षा प्रणाली मजबूत बनेगी। लोकतंत्र में संतुलन ही सफलता की कुंजी है।

**(डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)**

# सीमाओं के परे साइबर अपराध का मुकाबला

चार्वी अरोड़ा

अपराधी फोन कॉल, संदेश और भरोसेमंद ब्रांडिंग का उपयोग कर सरकारी एजेंसियों और व्यवसायों का छद्म रूप धारण कर लेते हैं और हजारों मील दूर से भी पीड़ितों को धन या संवेदनशील जानकारी देने के लिए छलते हैं। जैसे-जैसे ये साइबर-सक्षम धोखाधड़ी नेटवर्क अमेरिकियों को तेजी से निशाना बना रहे हैं, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण रक्षा पंक्ति बन गया है।

नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। एफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है। वह कहते हैं। हमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है। एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं। प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं। आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैं यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।

धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का "अनुबंध" भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैंः भारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है।

यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं यह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है।

हाल की एक सफलता अमेरिका-भारत सहयोग के प्रभाव को दशार्ती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया।

भारत के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिसंबर 2025 में इन कॉल सेंटरों को ध्वस्त किया और लगभग 5 करोड़ डॉलर की चोरी के लिए जिम्मेदार आपराधिक सिंडिकेट का नेतृत्व करने वाले छह भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। दाऊद कहते हैं, हाल के समय में ऐसी सफलता के कई उदाहरण रहे हैं। यह सब एफबीआई और भारतीय कानून प्रवर्तन के साझेदार के रूप में हाथ मिलाकर काम करने से संभव हुआ है। व्यक्तिगत मामलों से परे, ये प्रयास दीर्घकालिक व्यवधान उत्पन्न करते हैं, आपराधिक पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर करके–वित्तीय चैनलों, डिजिटल अवसंरचना और भर्ती पाइपलाइनों को काटकर जो धोखाधड़ी अभियानों को बनाए रखते हैं।

जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण हैसाइबर धोखाधड़ी सभी आयु और पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित करती है। दाऊद बताते हैं कि एक आम गलतफहमी यह है कि साइबर धोखाधड़ी केवल उन लोगों को निशाना बनाती है जो तकनीकी रूप से दक्ष नहीं हैं, लोग अक्सर मानते हैं कि वे कभी ठगी का शिकार नहीं होंगे। ये ठगी मानव मनोविज्ञान का शोषण करती हैं, तकनीकी कमजोरी का नहीं। साइबर धोखाधड़ी कोई पीड़ित-विहीन अपराध नहीं है। यह सेवानिवृत्त लोगों, परिवारों और छोटे व्यवसायों को प्रभावित करती है। कई मामलों में भावनात्मक प्रभाव वित्तीय नुकसान के बराबर होता है। दाऊद कहते हैं कि जागरूकता हमारी सबसे मजबूत रक्षा में से एक है, थोड़ी-सी भी सावधानी लोगों को ठगी पहचानने और वित्तीय या भावनात्मक नुकसान से बचने में मदद कर सकती है। ठगी की रिपोर्ट करना भी महत्वपूर्ण है। भले ही धन पहले ही खो गया हो, रिपोर्ट करने से कानून प्रवर्तन को पैटर्न पहचानने और आपराधिक नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिलती है। प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित होती है और निरंतर सहभागिता यह सुनिश्चित करती है कि जांचकर्ता आपराधिक रणनीतियों से आगे रहें। यह साझेदारी केवल अलग-अलग मामलों को सुलझाने के बारे में नहीं है बल्कि टिकाऊ संस्थागत शक्ति निर्माण के बारे में है।

## दैनिक पंचांग

**28 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.22 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.33 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.49 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.27 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.43 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मकर | 03.48 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.34 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 59 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 20.44 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 09.35 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 17.02 बजे को समाप्त।
**करण** बव 09.37 बजे तदनन्तर बालव 20.44 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 03'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872634
**जूलियन दिन** 2461099.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 10
**विशेष** गोविन्द द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मलूका स्थित केनरा बैंक शाखा में लगी आग लाखों का नुकसान

**पश्चिमी सिंहभूम** : जनपद के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलूका स्थित केनरा बैंक शाखा में शुक्रवार की भोर करीब 3 से 4 बजे के बीच आग लगने की घटना सामने आई है। सुबह लगभग 7 बजे आसपास के लोगों ने बैंक भवन से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टिंकू कुमार दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बैंक कर्मियों द्वारा शटर खोलते ही अंदर से तेज धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। स्थानीय लोगों ने पाइप से पानी का छिड़काव कर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से बैंक के चार कंप्यूटर,एक प्रिंटिंग मशीन, एक कैश काउंटिंग मशीन तथा कई आवश्यक फाइलें जलकर नष्ट हो गईं। शाखा प्रबंधक अशोक कुमार सुंडी ने बताया कि बैंक का कैश लॉकर में सुरक्षित है और किसी प्रकार की नकदी की क्षति नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ निगम की कार्रवाई, दुकानदारों पर 5400 रु. जुर्माना

**देवघर**: देवघर शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चला रहा है। अभियान के तीसरे दिन गुरुवार को निगम व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने अलग-अलग इलाकों में दुकानों की जांच की। जांच में कई दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ा गया। टीम ने दुकानों से करीब चार किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर संबंधित दुकानदारों से कुल 5400 रुपये जुर्माना वसूला। अधिकारियों ने दुकानदारों से स्पष्ट कहा कि आगे से प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्लास्टिक की जगह कपड़े या कागज के थैलों का इस्तेमाल करें।

### निकाय चुनावः चिरकुंडा नप अध्यक्ष पद पर सुनीता देवी की शानदार जीत

**धनबाद** : धनबाद जिला नगर निकाय चुनाव में चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष पद पर सुनीता देवी ने 4557 वोट लाकर शानदार जीत दर्ज की है। निवार्ची पदाधिकारी एडीएम सप्लाई मो. जियाउल अंसारी ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। अध्यक्ष पद की मतगणना में कुल 22,545 मतों की गिनती की गई, जिनमें 1,692 मत रद कर दिए गए. अध्यक्ष पद पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें सुनीता देवी को 4557 वोट, शुक्ला राय को 3498, बनार्ली बाउरी को 3232, शाहिना प्रवीन को 2643, रिंकी खान को 1470, सुनीता सिंह को 1111, मंजू बाउरी को 834, मीना देवी को 795, प्रिया सिंह को 475 व सरिता देवी को 421 मत प्राप्त हुए।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में महज 60 वोट से जीते बसपा के समर्थित प्रत्याशी अजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : सियासी सरगर्मियों और कयासों के लंबे दौर के बाद आखिरकार पलामू के हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का परिणाम सामने आ गया। कांटे की टक्कर में बसपा समर्थित अजय कुमार भारती ने महज 60 मतों से जीत दर्ज कर राजनीतिक समीकरणों को नया मोड़ दे दिया। पहली बार नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे अजय भारती ने नगर पंचायत की प्रथम अध्यक्ष रह चुकीं उषा देवी को बेहद करीबी मुकाबले में पराजित किया। मतगणना के दौरान हर राउंड के साथ प्रत्याशियों की धड़कनें तेज होती रहीं। अंततः



अजय कुमार भारती को कुल 2766 वैध मत प्राप्त हुए, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं उषा देवी को 2706 वोट मिले। निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार 2616 मतों के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पडा। युवा नेता मुन्ना कुमार देव ने 1948 वोट हासिल कर चुनावी समीकरण को पूरी तरह प्रभावित किया, जबकि भाजपा समर्थित रामेश्वर राम उर्फ छठन को 1887 मतों से संतोष करना पड़ा और वे पांचवें स्थान पर रहे। इस चुनाव में अल्पसंख्यक और रविदास मतदाताओं का ध्रुवीकरण निर्णायक साबित हुआ। 2019 के विधानसभा चुनाव में बसपा नेता शेर अली को रविदास समाज का उल्लेखनीय समर्थन मिला था, जिसने उन्हें तीसरे स्थान तक पहुंचाया था। ठीक उसी तर्ज पर इस बार नगर पंचायत चुनाव में भी बसपा के कोर वोट बैंक के साथ अल्पसंख्यक और रविदास मतों का झुकाव अजय भारती के पक्ष में जाता दिखा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह जीत केवल 60 मतों की नहीं, बल्कि एक सधे हुए सामाजिक समीकरण की जीत है। मुन्ना कुमार देव के लाए गए मतों ने उषा देवी और शशि कुमार के संभावित समीकरण को ध्वस्त कर दिया।

## गुप्त सूचना पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई 2 तस्कर गिरफ्तार, एक बोलेरो पिकअप जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बीते दिनों रात्रि लगभग 2 बजे विशेष अभियान चलाकर अवैध तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन क्षेत्र में अवैध रूप से वन संपदा की तस्करी की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध बोलेरो पिकअप को रोका। जाँच पड़ताल कर अवैध लकड़ी बोटा के अवैध परिवहन के जुर्म में उक्त बोलेरो पिकउप को जब्त कर लिया गया एवं दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस अभियान में वनपाल राणा रंजीत, उप वन परिसर पदाधिकारी अंकित झा, इंद्रजीत कुमार सहित अन्य वनकर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे। पूरी



कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई, जिससे तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया गया। वन विभाग द्वारा जब्त वाहन को अभिरक्षा में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत मे भेज दीया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की अवैध तस्करी के विरुद्ध आगे भी निरंतर अभियान चलाया जाता रहेगा।

## नगर परिषद पाकुड़ में वार्ड सदस्य चुनाव परिणाम





पाकुड़ नगर निकाय चुनाव में सबरी पाल ने दर्ज. किया धमाकेदार जीत (7816 कुल प्राप्त वोट)

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : जिले में नगर परिषद पाकुड़ के वार्ड सदस्य पदों के चुनाव परिणाम इस प्रकार है। विभिन्न वार्डों से विजयी प्रत्याशियों के नाम इस प्रकार हैं: वार्ड-1 से मिथुन मरांडी, वार्ड-2 से उज्ज्वल हाड़ी, वार्ड-3 से किरण लाल कापरी, वार्ड-4 से रुपाली सरकार वार्ड-5 से राणा ओझा, वार्ड-6 से राखी सरदारीन, वार्ड-7 से पूनम सेवी, वार्ड-8 से अनिकेत गोस्वामी वार्ड-9 से विमल चंद्र राउत, वार्ड-10 से गुड्डू कुमार भगत, वार्ड-11 से निभा देवी, वार्ड-12 से भीम सिंह, वार्ड-13 से असलाम अंसारी, वार्ड-14 से मो मुस्ताक अंसारी, वार्ड-15 से चंचल सिंह, वार्ड -16 से रियाज अंसारी, वार्ड-17 से आलमगीर अंसारी, वार्ड-18 से कृष्णा शर्मा, वार्ड-19 से तनु दास, वार्ड-20 से चेनु बीबी, वार्ड-21 से राबिया बेवा, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कई वार्डों में समर्थकों द्वारा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व एक दूसरे को गुलाल लगाकर जीत की खुशी मनाई जा रही है।

## तीनपहाड़ स्टेशन में छीनतई मोबाइल का आरपीएफ ने की खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ 23 फरवरी 2026 को ट्रेन में हुई मोबाइल छिनतई की घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ और अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने 26 फरवरी को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध नाबालिग को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरहरवा आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के सहायक उपनिरीक्षक जलेश्वर कुमार दुबे, आरक्षी रमेश यादव, राकेश कुमार एवं अमित धर चौधुरी शामिल थे। अपराध शाखा मालदा की ओर से उपनिरीक्षक नन्दन कुमार सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रवि शंकर यादव तथा प्रधान आरक्षी स्वपन कुमार घोष भी टीम का हिस्सा थे। गश्ती दल जब प्लेटफॉर्म संख्या 01 के साहिबगंज छोर



स्थित फुट ओवर ब्रिज के समीप पहुंचा, तो यात्री शेड के पास एक नाबालिग संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस दल को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन टीम की मुस्तैदी के आगे उसकी कोशिश नाकाम रही। चारों ओर से घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान वह रेलवे क्षेत्र में मौजूदगी का कोई संतोषजनक कारण या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने अपना पता तीनपहाड़, जिला साहिबगंज बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके नीले रंग की जीन्स की जेब से विवो कंपनी के दो स्क्रीन टच मोबाइल फोन एक नीले और एक काले रंग का बरामद हुए, जो बंद अवस्था में थे। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ये मोबाइल फोन उसने तीनपहाड़ स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्रियों से चोरी किए थे। दोनों मोबाइल फोन को गवाहों की उपस्थिति में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया। बरामद मोबाइल फोन एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ पकड़े गए नाबालिग को जीआरपी बरहरवा को सौंप दिया गया। जीआरपी बरहरवा ने आरपीएफ की लिखित शिकायत के आधार पर केस संख्या 11/2026, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है।

## थाना पुलिस ने बच्चा चोरी के अफवाह में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में इन दिनों बच्चा चोर की अफवाह जिला सहित गांव में काफी फैला हुआ है बच्चा चोर की अफवाह से गांव के लोग भयभीत हो गए है किसी भी अनजान महिला पुरुष को देखते ही लोगो को शंका होने लगती है कि वह बच्चा चोर तो नही है इसी क्रम में शुक्रवार को तेतुलिया ढोली टोला में गांव के लोगो ने एक अनजान व्यक्ति को भटकते देखा उसके पास दो झोला था इसके बाद गांव के लोगो ने उससे पूछताछ किया लेकिन वह कुछ नही बताया तब ग्रामीणों ने उसके झोला को चेक किया झोला से उनलोगों को एक छोटा चाकू, ब्लेड, चावल, तेल के अलावे बिस्किट, भुजिया का पैकेट मिला जिससे लोगों को लगा कि वह बच्चा चोर है और हो हल्ला किया, जिससे गांव के लोग जुट गए और मारपीट करने लगे। वही इसकी सूचना तीनपहाड़ थाना को मिली सूचना पर थाना के एएसआई राजेश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर उस व्यक्ति को थाना लाया इसके बाद



उसे इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल ले जाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने कहा कि बच्चा चोर समझ कर एक व्यक्ति को ग्रमीणों ने पकड़ा था जिसे पुलिस थाना लाई और उसका सत्यापन किया गया। जहां उस व्यक्ति का नाम कमल मोमिन उम्र 36 वर्ष, पिता ताजुद्दीन मोमिन, पता भवानीपुर थाना इंग्लिश बाजार जिला मालदा का रहने वाला है। उनके परिजन से संपर्क किया उनके द्वारा बताया गया कि कमल मोमिन मानसिक रूप से बीमार है वह उत्तरप्रदेश कमल बनारस में कालीन फैक्ट्री में काम करता है आज फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से तीनपहाड़ उतरा है और राजमहल में जहाज पकड़ कर घर जाना था।

## छह साल से फरार माओवादी समर्थक गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : जनपद स्थित कराईकेला थाना क्षेत्र के इंदुरुआं गांव निवासी कारमेल बोदरा (34) को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को चाईबासा जेल भेज दिया है। वह बीते करीब छह वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार कारमेल बोदरा पर अगस्त 2020 में नक्सली गतिविधियों में शामिल रहने तथा माओवादी नक्सलियों को सहयोग करने का आरोप है। इस मामले में उसके खिलाफ कराईकेला थाना में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वह लगातार फरार था और पुलिस उसे लंबे समय से तलाश कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कराईकेला थाना प्रभारी प्यारे हसन पुलिस बल के साथ इंदुरुआं गांव पहुंचे और उसके घर से ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे चाईबासा जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि अगस्त 2020 में दर्ज मामले में कारमेल बोदरा के साथ अन्य माओवादी नक्सलियों के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# टाटानगर रेल सिविल डिफेंस द्वारा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से शुक्रवार को सीनी स्थित जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आपदा प्रबंधन विषय पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेल कर्मियों और नवचयनित अभ्यर्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई। सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद शुरूआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि संसाधनों की कमी के बावजूद यदि



प्रथम रिस्पांडर सही तकनीक अपनाएं, तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। घायल व्यक्तियों को सुरक्षित तरीके से प्राथमिक उपचार देते हुए एंबुलेंस तक पहुंचाना आपातकालीन रेस्क्यू की मूल अवधारणा है। प्रशिक्षण के दौरान हादसों में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों जैसे बेहोशी, हड्डी टूटना, अत्यधिक रक्तस्राव और घबराहट की स्थिति से निपटने के उपाय बताए गए। प्रतिभागियों को ट्रायेज प्रणाली के माध्यम से गंभीर घायलों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों ने 'गोल्डन आवर' के महत्व पर जोर देते हुए त्वरित और व्यवस्थित कार्रवाई को जीवन रक्षक बताया। दूसरे चरण में प्रशिक्षक शंकर कुमार प्रसाद ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत सीपीआर, श्वसन मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में प्राथमिक उपचार तथा हेमलिच मेनूवर की विधि का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेलवे भर्ती बोर्ड भुवनेश्वर और कोलकाता से नवचयनित अभ्यर्थियों के साथ संबलपुर एवं खड़गपुर डिवीजन के कुल 95 सहायक लोको पायलटों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से रेल कर्मियों को आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाल श्रमिको के खिलाफ चलाया गया अभियान प्रतिष्ठानों के मालिको को दी गई कड़ी हिदायत




**साहिबगंज**: शहर के विभिन्न इलाकों में श्रम अधीक्षक महफूज अहमद की अध्यक्षता में धावा दल टीम की मद्द से बाल श्रमिको के खिलाफ अभियान चला कर श्रमिक बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया। शुक्रवार को धावा दल टीम द्वारा साहिबगंज के स्टेडियम रोड, गोराबाड़ी हटिया,पश्चिम फाटक, रसुरपुर दहला, एल.सी रोड,महादेवगंज जैसे विभिन्न इलाकों में श्रम अधीक्षक द्वारा दौरा कर प्रतिष्ठानों में काम कर रहे श्रमिक बच्चों को श्रम मुक्त कराया और प्रतिष्ठा मालिक को कड़ी हिदायत दिया गया कि अगर दोबारा नाबालिक बच्चों से श्रम कराते हुए पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना भी किया जाएगा। शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में बाल श्रम से संबंधित पोस्टर बैनर भी लगाए गए और लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। अभियान में गठित धावादल टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अंकित कुमार,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, मंथन संस्था के जिला समन्वयक अमन वर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मोहम्मद इकबाल, वसीम रजा, संजीव कुमार, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### जिला सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में नेताजी क्रिकेट क्लब ने दर्ज की जीत



**साहिबगंज**: जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत शुक्रवार को नार्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी सुभाष सीसी के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। नॉर्थ कॉलोनी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.1 ओवर में 159 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सतीश हरिजन ने 58 व केशव कुमार ने 31 रन की पारी खेली। नेताजी सुभाष सीसी के गेंदबाज विवेक, सचिन व फैजान ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी सुभाष सीसी ने 25.2 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना कर एक विकेट से मैच जीत फाइनल में प्रवेश किया। फैजान ने 39, चंदन ने 25 व पीयूशम ने 23 रन की पारी खेली। नॉर्थ कॉलोनी के गेंदबाज केशव कुमार ने 06 विकेट लिए। सुभाष सीसी के खिलाड़ी मो फैजान को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने फैजान को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो हयातुल्लाह व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग मो अशफाक ने किया। मौके पर जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### सुस्त गति से हो रही मतगणना, समर्थक परेशान



**साहिबगंज**: साहिबगंज नगर परिषद व राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत के चुनाव की मतगणना शहर से सटे अदरो स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुआ। मतगणना स्थल पर बहुत अधिक भीड़ लगी रही। नगरपालिका चुनाव की मतगणना काफी सुस्त गति से हो रही है। अब तक साहिबगंज के सभी 28 में से सिर्फ सात वार्ड का परिणाम जारी किया गया है तो अध्यक्ष पद की गणना का सिर्फ 3 राउंड हो सका है। जिससे प्रतीत होता है की यहां मतगणना देर रात तक होती रहेगी। साहिबगंज नगर के वार्ड संख्या--01 के विजयी प्रत्याशी विनीता देवी को 891 मत, वार्ड संख्या-02 के विजयी प्रत्याशी सुशील कुमार भारतिया को 460, वार्ड संख्या-04 से विजयी प्रत्याशी रौशन कुमारी को 902, वार्ड संख्या-05 के विजयी प्रत्याशी बेबी खातून को 377, वार्ड संख्या-06 के विजयी प्रत्याशी शेखर कुमार पासवान को 862, वार्ड संख्या-07 के विजयी प्रत्याशी सुनिता सिन्हा को कुल 216 मत मिले हैं। इसके अलावा वार्ड संख्या-03 पर निर्विरोध पहले से ही चयनित है। आज के विजेता वार्ड सदस्यों को जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है।

### "ऑपरेशन अमानत के तहत खोए हुए सामान की वापसी" रेलवे सुरक्षा बल द्वारा

**साहिबगंज**: रेल यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि विश्वास, जिम्मेदारी और जीवन की आवश्यकताओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यात्रा के दौरान यदि किसी यात्री का सामान खो जाता है, तो वह केवल वस्तु का नुकसान नहीं होता, बल्कि उससे जुड़ी भावनाएं और आवश्यकताएं भी प्रभावित होती हैं। ऐसे समय में त्वरित सहायता और संवेदनशील कार्रवाई ही विश्वास को पुनः स्थापित करती है। इसी संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ, मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल/मालदा, असीम कुमार कुल्लू के सतत पर्यवेक्षण में दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 26 फरवरी 2026 तक ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत यात्रियों के खोए अथवा छूटे सामान को खोजकर उन्हें सुरक्षित रूप से सुपुर्द करने की सतत कार्रवाई की गई। यह अभियान मंडल के रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-मालदा टाउन, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज तथा जमालपुर में सक्रिय रूप से संचालित किया गया। उक्त अवधि के दौरान ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत छूटे हुए सामान के कुल 330 प्रकरण संज्ञान में आए, जिनका सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। बरामद संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य 49,66,396/-आंका गया। बरामद वस्तुओं में मोबाइल फोन, बैग, सूटकेस, ट्रॉली बैग, लैपटॉप, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आभूषण, नकदी, महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा अन्य दैनिक उपयोग की मूल्यवान वस्तुएं सम्मिलित रहीं। सभी वस्तुओं को विधिवत सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई, पारदर्शिता एवं मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। यह अभियान यात्रियों के विश्वास को सुदृढ़ करने तथा सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।मालदा मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के दौरान अपने सामान के प्रति सजग रहें। किसी भी प्रकार की हानि अथवा संदेह की स्थिति में तत्काल निकटतम रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों से संपर्क करें अथवा सहायता संख्या 139 पर सूचना दें।

# नेटफ्लिक्स की बोली ठुकराई, पैरामाउंट ने वार्नर ब्रदर्स अधिग्रहण में बढ़त बनाई




**न्यूयॉर्क ।** नेटफ्लिक्स ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के स्टूडियो और स्ट्रीमिंग व्यवसाय को खरीदने के लिए अपनी नई बोली बढ़ाने से इनकार कर दिया। कंपनी ने कहा कि नई कीमत आर्थिक रूप से आकर्षक नहीं रह जाएगी। इससे पैरामाउंट को अधिग्रहण में स्पष्ट बढ़त मिल गई। स्काइडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए अपनी बोली बढ़ाकर प्रति शेयर 31 अमेरिकी डॉलर कर दी। साथ ही कंपनी ने सात अरब डॉलर की नियामक समाप्ति शुल्क पर भी सहमति जताई। पैरामाउंट अपने प्रस्ताव को पूरा करने के लिए अरबों डॉलर का कर्ज लेगा। वार्नर ब्रदर्स के निदेशक मंडल ने इसे 'कंपनी के लिए श्रेष्ठ प्रस्ताव' करार दिया।

नेटफ्लिक्स के विपरीत, पैरामाउंट वार्नर के सभी संचालन खरीदना चाहता है, जिसमें सीएनएन और डिस्कवरी जैसे नेटवर्क शामिल हैं। इससे सीएनएन का संयोजन पैरामाउंट के सीबीएस के साथ होगा और हॉलीवुड के प्रमुख स्टूडियो में दो का विलय होगा। पहले वार्नर महीनों तक नेटफ्लिक्स के प्रस्ताव का समर्थन कर रहा था। लेकिन जब पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए प्रतिस्पर्धी बोली और अन्य संशोधन पेश किए, तो निदेशक मंडल ने अपनी राय बदल दी। इसका मुख्य आधार यह था कि किस प्रस्ताव से शेयरधारकों को अधिक मूल्य मिलेगा और नियामक मंजूरी मिलने की संभावना बेहतर है।

# अमेरिका-ईरान तनाव से तेल के 110 डॉलर तक पहुंचने की आशंका

**- पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां बढ़ने से सप्लाई पर पड़ सकता है असर**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क बैंट क्रूड की कीमतें हाल के दिनों में करीब 10 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो ब्रेंट कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है, जो मौजूदा स्तर से लगभग 57 प्रतिशत अधिक होगा। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा जोखिम स्ट्रेट आफ हारमुज से जुड़ा है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इसी रास्ते से गुजरते हैं। साथ ही दुनिया की करीब 20 प्रतिशत गैस सप्लाई भी इसी मार्ग पर निर्भर है। यदि किसी सैन्य टकराव या अवरोध के कारण यहां से आपूर्ति बाधित होती है, तो तेल कीमतों में 20 से 40 डॉलर प्रति बैरल तक का अतिरिक्त जोखिम प्रीमियम जुड़ सकता है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि तनाव गहराने पर कीमतें 95 से 110 डॉलर प्रति बैरल या उससे ऊपर जा सकती हैं। फिलहाल फरवरी में ब्रेंट लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है और हाल ही में यह 72 डॉलर तक पहुंचा था। निवेशकों और कारोबारियों में आशंका है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां बढ़ने से सप्लाई पर असर पड़ सकता है। हालांकि अगर अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान निकलता है और किसी प्रकार की सैन्य कार्रवाई नहीं होती, तो कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है। ऐसे परिदृश्य में ब्रेंट फिर से 60 डॉलर के निचले स्तर तक आ सकता है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर मौजूद अतिरिक्त उत्पादन क्षमता भी संभावित आपूर्ति झटकों को संतुलित कर सकती है।

# भारत स्मार्टफोन उत्पादन बढ़ाने नई पीएलआई योजना पर कर रहा है विचार

**इस बार वित्तीय प्रोत्साहन मुख्य रूप से घरेलू मूल्यवर्धन से जोड़ा जाएगा**



**नई दिल्ली ।** भारत सरकार स्मार्टफोन निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने पर विचार कर रही है। मौजूदा योजना 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इस बार वित्तीय प्रोत्साहन मुख्य रूप से घरेलू मूल्यवर्धन से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। 2020 में शुरू हुई पांच साल की मौजूदा पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को वृद्धिशील निवेश और उत्पादन मूल्य लक्ष्य पूरा करने पर 4-6 फीसदी तक प्रोत्साहन मिलता रहा। हालांकि निर्यात और प्रत्यक्ष रोजगार पर नजर रखी जाती रही, पर इन्हें अनिवार्य नहीं माना गया। योजना का कुल बजट 34,193 करोड़ रुपये था, लेकिन वास्तविक भुगतान लगभग 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। ऐपल के आपूर्तिकर्ता टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और फॉक्सकॉन, साथ ही सैमसंग और डिक्सन टेक्नॉलजीज (इंडिया) इसका बड़ा हिस्सा प्राप्त करेंगे। सरकार को उम्मीद थी कि घरेलू मूल्यवर्धन वित्त वर्ष 2026 तक 35-40 फीसदी तक बढ़ेगा, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह केवल 18-20 फीसदी रह सकता है। 2020 में गलवान सीमा विवाद और प्रेस नोट 3 लागू होने के बाद चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर रोक लग गई, जिससे चीन की कलपुर्जा कंपनियों का भारत में प्रवेश प्रभावित हुआ। इसके परिणामस्वरूप ऐपल ने चीन आधारित आपूर्तिकर्ताओं को भारत लाने की योजना छोड़ दी और स्थानीय व दूसरे देशों की कंपनियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने का विकल्प चुना। ऐपल ने अब भारत में लगभग 40 कंपनियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला बनाई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का मानना है कि नई पीएलआई योजना से न सिर्फ भारत आत्मनिर्भर होगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा के क्षेत्र में बड़ा निर्यातक भी बनेगा। सरकार ने पहले ही एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना शुरू कर दी है ताकि स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हो।

# लॉरस लैब्स के शेयर में तेजी, वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन मजबूत




**पिछले दो कारोबारी सत्रों में शेयर की कीमत में 8 फीसदी का उछाल**

**नई दिल्ली ।** ठेके पर दवा निर्माण और जेनेरिक दवाओं की प्रमुख कंपनी लॉरस लैब्स के शेयरों ने गुरुवार को बीएसई पर करीब 3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की और 1,103.35 रुपये के उच्चतम स्तर को छू लिया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में इस शेयर की कीमत में कुल 8 फीसदी का उछाल आया है। सत्र के अंत में यह 1,092 रुपये पर बंद हुआ, जो 1.52 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। पिछले छह महीनों में शेयर ने बाजार औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26 फीसदी की वृद्धि की, जबकि बीएसई सेंसेक्स में केवल 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पिछले एक साल में शेयर में 101.5 फीसदी की तेजी रही, जबकि बेंचमार्क इंडेक्स में केवल 10.2 फीसदी की वृद्धि। दिसंबर तिमाही में लॉरस लैब्स ने राजस्व में 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर 1,778 करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ। सकल मार्जिन लगभग 60 फीसदी रहा और परिचालन लाभ मार्जिन में 27 फीसदी से थोड़ी अधिक बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने यह प्रदर्शन मुख्य रूप से अपने जेनेरिक कारोबार और सीडीएमओ प्रोग्राम के मजबूत प्रदर्शन के जरिए हासिल किया। भले ही सीडीएमओ कारोबार में कुछ मंदी रही हो, फिर भी विकसित बाजारों में एंटीरेट्रोवायरल दवाओं की बढ़ी हुई मांग और चुनिंदा मॉलिक्युल की मजबूत मांग ने मार्जिन को स्थिर रखा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों के अनुसार, वित्त वर्ष 2028 तक सीडीएमओ का योगदान 16 फीसदी से बढ़कर 32 फीसदी होने का अनुमान है।` वित्त वर्ष 2022-26 में कंपनी के कुल 3,900 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का लगभग 75 फीसदी ऐक्टिव फार्मा और सीडीएमओ पर किया गया।

# डीजीसीए ने हवाई टिकट रिफंड और संशोधन नियमों में किया बड़ा बदलाव

**प्लेन की टिकट कैंसिल करवाने पर नहीं कटेगा पैसा, बस समय का रखें ध्यान**

**नई दिल्ली ।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई टिकट रिफंड और संशोधन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। नए प्रावधानों के तहत यात्री बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या बदल सकते हैं। यदि यात्री नई उड़ान चुनते हैं और उसका किराया अधिक है, तो किराए का अंतर देना होगा। यह सुविधा तब लागू होगी जब उड़ान की तारीख- घरेलू मामलों में कम से कम 7 दिन और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कम से कम 15 दिन दूर हो। 48 घंटे के बाद सामान्य रद्द/रिफंड नियम लागू होंगे। डीजीसीए ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह भी तय किया है कि अगर टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया है और 24 घंटे के भीतर नाम में कोई गलती बताई जाती है, तो एयरलाइन कोई शुल्क नहीं लेगी। यह नियम केवल सीधे बुकिंग पर लागू होगा और छोटी-छोटी टाइपिंग गलतियों के लिए यात्रियों को राहत देगा। अगर टिकट ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी, क्योंकि एजेंट उनके अधिकृत प्रतिनिधि माने जाते हैं। एयरलाइन को 14 कार्य दिवसों के भीतर रिफंड प्रक्रिया पूरी करनी होगी। देरी होने पर नियामक कार्रवाई की संभावना होगी, जिससे यात्रियों का पैसा लंबे समय तक फंसा नहीं रहेगा।

चिकित्सा आपात स्थिति में यदि यात्री या उसी पीएनआर पर परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में भर्ती होता है, तो एयरलाइन रिफंड या क्रेडिट नोट का विकल्प दे सकती है। अन्य परिस्थितियों में रिफंड के लिए एयरलाइन या डीजीसीए द्वारा सूचीबद्ध विशेषज्ञ से फिटनेस' प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। दिसंबर 2025 में एयरलाइंस को 29,212 शिकायतें मिली थीं, जिनमें लगभग 7.5 प्रतिशत रिफंड से संबंधित थीं।

## रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 15 पैसे टूटकर 91.06 पर बंद हुआ। वै श्विक बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.95 पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की नकारात्मक शुरुआत के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में और अधिक गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर खुला लेकिन बाद में टूटकर 90.95 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 90.91 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 97.70 पर रहा।



## किर्लोस्कर को अडानी पावर से थर्मल पावर पंप के लिए मिला 214 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई ।** किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड को अडानी पावर लिमिटेड और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों से थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स के लिए सर्कुलेटिंग वॉटर पंप की सप्लाई के लिए 214 करोड़ का ऑर्डर मिला है। शुक्रवार एक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि अडानी पावर और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों, अनूपपुर थर्मल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और कोरबा पावर लिमिटेड ने कंक्रीट वोल्यूट पंप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके सर्कुलेटिंग वॉटर पंप की सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के साथ-साथ सहायक कूलिंग वॉटर पंप और उससे जुड़े इलेक्ट्रिकल और कंट्रोल सिस्टम के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट दिया है। किर्लोस्कर ब्रदर्स ने कहा कि पंप पैकेज मध्य प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ और बिहार में मौजूद थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स में लगाए जाएंगे।

## दूरसंचार कंपनियों का राजस्व बढ़ा, जियो ने दर्ज की सबसे तेज वृद्धि

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से बाजार के बड़े खिलाड़ियों की मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है। भारती एयरटेल का राजस्व तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़ा, जबकि वोडाफोन आइडिया का केवल दो प्रतिशत का मामूली बढ़ावा देखा गया। वहीं रिलायंस जियो ने सबसे तेज़ बढ़ोतरी दर्ज करते हुए अपने राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि की। देश के दूरसंचार क्षेत्र में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही, जो दर्शाता है कि बाजार अभी भी बड़े खिलाड़ियों के प्रभुत्व में है। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार क्षेत्र में यह वृद्धि उपभोक्ता संख्या बढ़ने और डेटा खपत में तेजी का संकेत देती है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी तिमाहियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बावजूद बड़े नेटवर्क प्रदाता राजस्व वृद्धि बनाए रख सकते हैं।

## आरबीआई ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने बैंकों और पुलिस को दिए कड़े निर्देश

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 60 प्रमुख बैंकों के कार्यकारी निदेशकों और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रमुखों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय और महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए। आरबीआई ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के प्रभावी समाधान के लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। कार्यशाला में साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम और उसे कम करने के लिए मजबूत संचालन, निगरानी व्यवस्था, आंतरिक नियंत्रण, सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं और अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया। आरबीआई ने बैंकों से लक्षित ग्राहक जागरूकता अभियान चलाने और अपनाई गई तकनीकी और प्रक्रियात्मक उपायों को साझा करने का आग्रह किया।




## सिंगापुर की ठकराल कॉरपोरेशन भारत में ड्रोन कलपुर्जों का करेगा विनिर्माण

**- भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में 20-30 डीजेआई रिटेल स्टोर खोलने की योजना**

**सिंगापुर ।** सिंगापुर स्थित ठकराल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने नवीनतम वित्तीय विवरण में भारत में विशेषीकृत और एंटरप्राइज-ग्रेड ड्रोन के विनिर्माण की संभावनाओं का अध्ययन करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य औद्योगिक और वाणिज्यिक ड्रोन की बढ़ती मांग को पूरा करना और इस कम सेवा प्राप्त बाजार में अवसरों का लाभ उठाना है। ठकराल की अनुषंगी कंपनी भारत स्काइटेक कृषि ड्रोन क्षेत्र में सक्रिय है और घरेलू विनिर्माताओं को ड्रोन कलपुर्जों का निर्माण और आपूर्ति करती है। इससे समूह को भारत में कृषि ड्रोन खंड में तेजी से विस्तार करने का अवसर मिलेगा। समूह का चीन के डीजेआई टेक्नोलॉजी के साथ समझौता है। अगले 2-3 वर्षों में, ठकराल भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में 20-30 डीजेआई रिटेल स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। इनमें प्रमुख शहरों में फ्लैगशिप स्टोर भी शामिल होंगे, जिनकी शुरुआत 2026 की पहली छमाही से होने की संभावना है। ठकराल ने एक उद्योग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत का ड्रोन बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2029-30 तक 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। इस तेजी से बढ़ते बाजार में औद्योगिक, वाणिज्यिक और कृषि ड्रोन की मांग मुख्य प्रेरक होगी। ठकराल भारत में ड्रोन घटकों के विनिर्माण, प्रीमियम ब्रांड वितरण (जैसे नेस्प्रेसो) और रियल एस्टेट परियोजनाओं में सक्रिय है। जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन सहित एशिया के कई देशों में इसके परिचालन समूह को तकनीकी और बाजार विस्तार में मजबूत स्थिति प्रदान करते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 961, निफ्टी 317 अंक गिरा**

**निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान**




**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 961.42 अंक टूटकर 81,287.19 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 317.90 अंक फिसलकर 25,178.65 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रियल्टी और ऑटो शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 2.26 फीसदी और निफ्टी ऑटो 1.86 फीसदी नीचे आये। निफ्टी एफएमसीजी 1.69 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.67 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.55 फीसदी, निफ्टी फार्मा 1.50 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी आईटी 0.16 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.17 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.60 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 682.55 अंक टूटकर साथ 59,115.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 188.75 अंक फिसलकर 16,928.90 पर था। इस गिरावट से निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, ट्रेंट, इन्फोसिस भी लाभ में रहे थे। वहीं सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे हैं। आज आई गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली एफआईआई ने 3,465.99 करोड़ रुपए के इक्विटी की बिक्री की थी। इसके अलावा ईरान-अमेरिका के बीच कोई डील न होना, डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट और वैश्विक बाजार से कमजोर संकेत शामिल थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई।

सेंसेक्स 82,246 अंक पर लगभग सपाट खुला। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 237.94 अंक की बढ़त के साथ 82,010.67 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर बंद हुआ था। बाजार पर दबाव की एक बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव है।


# सेबी ने सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड किए खत्म, अब निवेश रणनीति पर फोकस

**- ये फंड अब हाइब्रिड या मल्टी-एसेट फंड्स में मर्ज कर दिए जाएंगे**



**मुंबई ।** सेबी ने स्पष्ट किया कि म्यूचुअल फंड का चयन अब नाम या भावुक टाइटल पर नहीं, बल्कि वास्तविक निवेश रणनीति पर आधारित होगा। इसी आदेश के तहत सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड कैटेगरी को पूरी तरह बंद कर दिया गया। इस श्रेणी में कुल 44 फंड थे, जिनमें 15 चिल्ड्रेन फंड और 29 रिटायरमेंट फंड शामिल थे। सेबी ने कहा है कि निवेशकों का पैसा सुरक्षित रहेगा। ये फंड अब हाइब्रिड या मल्टी-एसेट फंड्स में मर्ज कर दिए जाएंगे, जिनका जोखिम प्रोफाइल और रणनीति समान है। हालांकि, इन फंडों में नई निवेश राशि पर तुरंत रोक लगाई गई है। अब निवेशकों के लिए लाइफ स्टाइल फंड मुख्य विकल्प होंगे। इन फंडों की खासियत यह है कि जैसे-जैसे निवेशक की उम्र बढ़ेगी या लक्ष्य के साल करीब आएगा, यह फंड अपने आप रिस्क कम कर देगा। युवा निवेशकों के लिए अधिक इक्विटी और रिटायरमेंट के नजदीक अधिक डेट इंस्ट्रूमेंट्स शामिल होंगे। सेबी ने साफ कर दिया है कि ये फंड लंबी अवधि के लिए हैं, इसलिए बीच में पैसा निकालने वालों पर कड़ा जुर्माना लगेगा- 1 साल के भीतर निकासी पर 3 फीसदी चार्ज, 2 साल के भीतर निकासी पर 2 फीसदी चार्ज और 3 साल के भीतर निकासी पर 1 फीसदी चार्ज लगाया जाएगा। म्यूचुअल फंड कंपनियों को अपनी स्कीमों को नए नियमों के अनुरूप ढालने के लिए 6 महीने का समय मिला है। सेबी का उद्देश्य है कि बाजार और अधिक पारदर्शी बने, ताकि निवेशक बिना भ्रम के सही फंड चुन सकें।

## 1 अप्रैल से 20 फीसदी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बिक्री अनिवार्य



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देशभर में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) की बिक्री अनिवार्य कर दी है। इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 17 फरवरी को अधिसूचना जारी की। आदेश के अनुसार तेल विपणन कंपनियों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कम से कम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (आरओएन) वाला एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचना होगा। यह ईंधन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में केंद्र सरकार तेल कंपनियों को सीमित अवधि और तय क्षेत्रों में मानकों के अनुरूप ईंधन की बिक्री की अनुमति दे सकती है। हाल के महीनों में पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को लेकर विवाद भी सामने आए हैं। कुछ दावों में कहा गया कि गन्ने, चावल और मक्के से बने एथनॉल के उपयोग से वाहनों की माइलेज और इंजन क्षमता प्रभावित हो सकती है। हालांकि सरकार का कहना है कि उच्च आरओएन स्तर इंजन प्रदर्शन को संतुलित रखेगा। सरकार इस कदम को आयात निर्भरता घटाने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम मान रही है।

# बिहार सरकार में इतना बड़ा हेरफेर! नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट ने दी बड़ी जानकारी



**पटना (एजेंसी)।** नियंत्रक महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्ट पर बिहार में बवाल मचा हुआ है। विपक्ष ने एक रिपोर्ट के हवाले से करोड़ों रुपये के घपले और घोटाले के आरोप लगाए। इतना ही नहीं राजद विधायकों ने इनपुट क्रेडिट घोटाला समेत कुछ प्रमुख मुद्दों को भी उठाया। सीएजी की रिपोर्ट में गड़बड़ी की बात सामने आई है। आइए जानते हैं क्या है मामला... बिहार विधानसभा में वित्त विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव ने सीएजी की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने गुरुवार को नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) से प्राप्त लेखापरीक्षा को सदन के पटल पर रखा। इसमें जिला परिवहन कार्यालयों की प्रगति की रिपोर्ट समेत अन्य कई रिपोर्ट शामिल हैं। उअॠकी रिपोर्ट पढ़ने के बाद सबलोग हैरान थे। इसमें कुछ ऐसी गड़बड़ी और घपले सामने आए जिसने विपक्ष को नीतीश सरकार को घेरने का बड़ा मौका दे दिया। आज भी विधानसभा में विपक्ष के विधायकों ने इस मामले पर जमकर प्रदर्शन किया। सीएजी की रिपोर्ट में यह बताया गया कि परिवहन विभाग में बड़ी गड़बड़ी हुई है। यह मामला चूंकि इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ा है इसलिए पहले जानते हैं इनपुट टैक्स घोटाला क्या होता है। चाणक्य इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार सिन्हा बताते हैं कि यह सीधे पर जीएसटी से जुड़ा मामला है। जब कोई व्यवसायी सामान बेचता है और वह ग्राहक से जो टैक्स वसूलता है तो आउटपुट टैक्स कहते हैं। इस इस आउटपुट टैक्स में से वह अपनी खरीदारी पर पहले दिए गए टैक्स यानी इनपुट टैक्स को घटा देता है। बाकी जो राशि बचती है वह सरकार को देनी होती है। अब जानिए इससे जुड़ा क्या घोटाला है... इनपुट टैक्स क्रेडिट में क्या गड़बड़ी हुई? वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार सिन्हा बताते हैं कि सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया कि इनपुट टैक्स क्रेडिट पर काबू पाने में सरकार विपल रही। 12 अंचलों की जांच में टैक्स देने वाले 22 करदाताओं ने 1167.89 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट ले लिया। जांच में यह बता चला कि इन 22 करदाताओं को 914 करोड़ 51 लाख रुपये ही मिलनी चाहिए थी। रिपोर्ट में यह बताया गया कि पटना सिटी एक ट्रांसफोर्टर ने बाइक से दो करोड़ 32 लाख रुपये की माल ढुलाई कर ली। इसके आधार पर 19 लाख 32 हजार रुपये इनपुट टैक्स क्रेडिट दूसरे को ट्रांसफर कर दिया गया। इतना ही नहीं यह ढुलाई के लिए जो वाहन उपयोग में दिखाए गए, वह चोरी और स्क्रैप में जा चुके थे। ऐसी नौ गाड़ियों को माल परिवहन में दिखाया गया। यह बड़ी गड़बड़ी है। डोभी और बलथरी चेकपोस्ट गड़बड़ी का क्या मामला है सीएजी की रिपोर्ट में बताया गया कि गया जिले के डोभी और गोपालगंज जिले के बलथरी चेकपोस्ट पर बिना जुमार्ना लिए ही वाहनों को छोड़ दिया गया। इतना ही नहीं कुछ ऐसे ही भी जांच करते पाए गए जिनके पास ऐसा करने का अधिकार ही नहीं था। पुल पर बिना जांच किए ही वाहन चालकों को पास किया जा रहा था। इतना ही नहीं इन दोनों चेक पोस्ट पर गलत कागजात वाले वाहन चालकों को भी छोड़ दिया गया। पुल निर्माण के लिए 5.35 करोड़ रुपये बेकार लौरिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग पर विश्व प्रसिद्ध अशोक स्तंभ के समीप अधूरे निर्मित पुल के निर्माण पर पांच करोड़ 35 लाख रुपये खर्च कर दिया गया। हालांकि, अशोक स्तंभ के कारण पुरातात्विक विभाग ने आपत्ति जताई। इसके बाद इस पुल निर्माण के काम को रोक दिया गया। रिपोर्ट में यह कहा गया कि पुल के निर्माण में खर्ज किए गए रुपये बेकार हो गए। इसमें गलत पैकेज चुके गए और निर्देश का भी पालन नहीं किया गया। इस कारण आयुष्मान योजना के 60 प्रतिशत आवेदन रद्द हो गए। नेता प्रतिपक्ष ने क्या कहा? वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है। बिहार सरकार के हर विभाग और योजना में भ्रष्टाचार है। नीतीश सरकार ने 72,000 करोड़ का घोटाला कर दिया पर इतनी बड़ी राशि का कहीं अता पता नहीं है। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

## स्टेज पर दुल्हन को गोली मारने वाले का कबूलनामा



**पटना (एजेंसी)।** बचपन से साथ रहने के बावजूद वो मेरी नहीं हो पाई। मैं उससे प्यार करता था, वो मेरी थी, किसी और का होते नहीं देख पाया। मैंने कभी उसको खोने का सोचा भी नहीं थाङ्ग पर जब सुना कि उसकी शादी तय हो गई है, तो लगा अब मेरा सब कुछ खत्म हो गया है। पहले भी मैंने उसकी शादी तोड़ी थी। वो मेरी बात मानने को तैयार ही नहीं हो रही थी। मैंने यूपी से 32 हजार रुपए में पिस्टल खरीदी और सीधे गोली मार दी। दूसरी गोली फंसती नहीं तो वो वहीं पर मर जाती। बक्सर की आरती कुमारी (22) और दीनबंधु (24) बचपन से साथ पले-बढ़े। दोनों के घर की दूरी मात्र 150 मीटर है। दोनों में अकसर बातचीत हुआ करती थी। आरती उसे दोस्त समझती थी, लेकिन दीनबंधु उसे अपनी प्रेमिका समझने लगा। जब आरती ने उसके प्रपोजल को ठुकरा दिया तो वह उसका दुश्मन बन गया। यहीं से वह उस पर किसी से शादी न करने का दबाव भी बनाने लगा था। 24 फरवरी को आरती की शादी थी। वरमाला के लिए स्टेज पहुंची दुल्हन को दीनबंधु ने सामने से गोली मार दी। पड़ोस में रहने वाली लड़की का कैसे दुश्मन बन गया लड़का? कब और कैसे हुआ एकतरफा प्यार? कहां से और कितने में खरीदा था हथियार? पहली शादी क्यों बचपन की दोस्ती, बड़े होने पर एकतरफा प्यार करने लगा दीनबंधु ने पुलिस पूछताछ में अपने एकतरफा प्यार की पूरी कहानी बताई। उसने बताया, ह्यमैं मल्लाह टोला में ही पैदा हुआ हूं। इसी टोला में आरती भी रहती थी। हमलोग बचपन में एक साथ खेला करते थे। हमारे बीच अच्छी दोस्ती थी, लेकिन जैसे ही वो 6 साल की हुई उसके पिता ने बाहर निकलना बंद करवा दिया। लड़की थी इसलिए हमलोगों के साथ खेलती भी नहीं थी। हमलोग 4 साल ही साथ खेल पाए। इसके बाद मैं 15 सालों तक उसका चेहरा तक नहीं देख पाया था। 2024 में मैंने पहली बार उसे सलवार सूट में देखा था। पहली नजर में ही मुझे उससे प्यार हो गया।दीनबंधु ने बताया, बात 2024 की है। आरती सलवार सूट में घर से बाहर निकल रही थी। मैं काफी देर तक उसका पीछा करता रहा, मैं उससे अपने प्यार की बात बताना चाह रहा था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।इस दौरान मेरे कुछ दोस्त भी साथ में थे। उन्होंने साहस जुटाकर मन की बात कहने के लिए मुझे समझाया। उनके कहने पर मैं आरती से बात करने गया। उसे बीच सड़क पर प्रपोज तक कर दिया। लेकिन उसकी जुबान पर सीधे न शब्द आयाङ्गउसने मुझे साफ मना कर दिया। ये शब्द सुनते ही मैं खामोश हो गया। मुझे लगा मेरी दुनिया पूरी तरह से उजड़ गई है। जिसके साथ शादी करके मैं अपनी जिंदगी बसाना चाहता था, उसने तो सब एक लाइन में ही खत्म कर दिया। इसके बावजूद मैंने कई बार आरती को समझाने की कोशिश की। चूंकि मैं पहले शराब के मामले में पकड़ा गया था, इसलिए शायद वो मुझसे प्यार नहीं करना चाहती थी। एक दिन उसने साफ बात उसी अंदाज में दोहरा दी। तुम जैसे लड़के से मैं शादी नहीं करूंगी, यही बात मेरे दिल में सुई की तरह चुभ गई।ह्न यहां से शुरू हुई बदले की भावना, उसका पीछा करने लगा पुलिस ने जब पूछा कि उसकी हत्या क्यों करनी चाही इसके जवाब पर दीनबंधु ने कहा, ह्यआरती के मना करने के बावजूद मैं उसका पीछा करने लगा। वह कब निकलती है, कहां जाती है, किससे बात करती हैङ्ग मैं हर चीज पर नजर रखने लगा। शायद मैं उसे खोने के डर से ऐसा कर रहा था। नबंधु ने बताया, 'यह सच है। एक साल पहले उसकी शादी तय हुई थी। जब मुझे पता चला, तो मैं पागल हो गया। मैं सीधे लड़के वालों के घर पहुंच गया। मैंने उन्हें धमकी दी, अगर आरती से शादी की, तो मार डालूंगा। मुझे पता है कि यह गलत था, लेकिन आरती का प्यार मेरे सिर पर सवार था। लड़के वाले डर गए और अगले ही दिन रिश्ता तोड़ दिया। ये सुनते ही मैं बहुत खुश हुआ, लेकिन पापा की बेइज्जती मुझे बर्दाशत नहीं हुई। आरती के पिता ने मेरे पिता को भरी समाज में बहुत सुनाया। मेरे पिता इतने शर्मिंदा हुए कि मुझे पंजाब काम करने के लिए भेज दिया। मैं वहां चला गया, पर मन आरती में ही उलझा रहा।' पुलिस से दीनबंधु ने हत्या की साजिश की पूरी कहानी बताई। उसने कहा, ह्यमैंने दोस्तों के जरिए लगातार आरती पर नजर रखवाई। कब घर आती है, क्या कर रही है, सब पता रहता था। 2025 के अगस्त में आरती की दूसरी बार शादी फिक्स हुई। ये सुनते ही मैं पूरी तरह से टूट गया। मैंने तभी ठान लिया था कि अब इस प्यार का अंजाम बहुत खराब होने वाला है। दीनबंधु ने आगे बताया कि, 'शादी वाले दिन शाम से ही मंडप के पास छिपकर बैठ गया था। मेहमानों की भीड़ में घुल मिलकर मंच के एकदम पास पहुंच गया। आरती मंच पर दुल्हन के लिबास में खड़ी थी। पहले दूल्हे ने आरती को जयमाला पहनाई।

## आरोप- JDU ने बिहारी उद्यमी का दोहन किया; जवाब- पूंजी से तिगुना चुनावी चंदा RJD को कंपनी ने कैसे दिया



**पटना (एजेंसी)।** सदन के आखिरी दिन राजद के एमएलसी सुनील ने विधान मंडल के कैंपस में शराब की डिलेवरी कराने का दावा किया था, जिस पर जदयू एमएलसी नीरज कुमार खूब बोले। साथ ही इलेक्ट्रॉल बांड पर भी घेरा। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार राजद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि हम लगातार 2005 से सत्ता में हैं। हमें इलेक्ट्रॉल बांड के रूप में 23 करोड़ रुपया मिलता है, वहीं राष्ट्रीय जनता दल को 17 महीना में 85 करोड़ इलेक्ट्रॉल बांड के रूप में चंदा मिलता है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि चंदा शराब की कंपनियां देती हैं। नीरज कुमार ने मांग करते हुए कहा कि अगर इतना चंदा शराब की कंपनी ने दिया है तो किस कारण दिया है इसको स्पष्ट करना चाहिए। PUSU Election: छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्षीय भाषण के दौरान विरोध, संघ से अलग होकर क्यों बने निर्दलीय उम्मीदवार? शराब की कंपनियों से पैसा क्यों लिया राजद ने ? नीरज कुमार ने कहा कि इससे बड़ा जालसाजी क्या होगा। पश्चिम बंगाल की कंपनी IFDA इंडस्ट्री लिमिटेड 2023-24 में उसकी पूंजी मात्र 13 करोड़ 87 लाख है जबकि 35 करोड़ का चुनावी चंदा देता है। नीरज कुमार ने कहा कि हमारा सवाल केवल एक है कि इलेक्ट्रॉल बांड के रूप में चंदा लेना गुनाह नहीं था, लेकिन जब बिहार में शराबबंदी लागू था तो फिर शराब की कंपनियों से आपने पैसा क्यों लिया? इस सवाल का जवाब आप दे नहीं रहे हैं। मुद्दे को भटका रहे हैं। तेजस्वी के MLC ने विधान मंडल परिसर में शराब की डिलीवरी का किया दावा, पहुंचाने वाले कौन हैं? यह भी बताया नीरज कुमार ने एमएलसी सुनील सिंह को दी चुनौती नीरज कुमार एमएलसी सुनील कुमार सिंह को चुनौती देते हुए जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सुनील सिंह ने सदन में शराब डिलेवरी करवाने का वादा किया लेकिन वह छुरछुरी-पटाखा साबित हुए। सुनील सिंह जेल जाने से डर गए।. एक्साइज एक्ट का सेक्शन 30 के तहत आप बेउर जेल की शोभा बढ़ाते। इसलिए मैं तो बस उनके उनके द्वारा शराब की बोतल लाने का इंतजार कर रहा हूं, लेकिन वह डर गए हैं। नीरज कुमार ने सुनील कुमार सिंह को दी सलाह नीरज कुमार ने कहा कि आज एकादशी है और एकादशी में भी आप झूठ बोलने लगे? बोलने और करने में अंतर होता है, इसलिए अगर हिम्मत है तो शराब मंगवाइए। आप अपने वादे से मुकरिये मत। नीरज कुमार ने सुनील कुमार सिंह को सलाह देते हुए कहा कि आप महुआ बाग और कौटिल्य नगर में अपना घर बनवाइए, कहां लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी के फेर में पड़े हुए हैं।

## सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 85% पदों पर सीधी भर्ती होगी, बीएसएससी परीक्षा लेगा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सचिवालय सेवा के तहत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ग्रेड के 85 फीसदी पदों पर अब सीधी नियुक्ति होगी। उनके प्रोबेशन (परिवीक्षा) की अवधि 2 साल की जगह 1 साल की होगी। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि शेष 15 फीसदी पदों को बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के उच्चवर्गीय लिपिकों की प्रोन्नति से भरा जाएगा। यह नियुक्ति बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा समय-समय पर आयोजित परीक्षा के आधार पर होगी। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति सीधी भर्ती के लिए उपलब्ध पदों के 10 फीसदी के अंतर्गत की जाएगी। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ग्रेड में सीधी भर्ती से या खिलाड़ियों से नवनियुक्त सहायक प्रशाखा पदाधिकारी योगदान की तिथि से एक वर्ष के लिए प्रोबेशन पर रहेंगे। इस अवधि में उनकी सेवा संतोषजनक नहीं होने पर इसे एक वर्ष के लिए विस्तारित किया जा सकेगा। विस्तारित अवधि में भी सेवा संतोषजनक नहीं रहने पर सेवा समाप्त कर दी जाएगी।मदरसों में बर्खास्तगी की शिकायत की सुनवाई बोर्ड करेगा, प्रबंध समिति सदस्यों की संख्या 17 होगीविधानसभा में 6 विधेयक मात्र 47 मिनट में ही पारित हो गए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, वित्तमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इन विधेयकों को गुरुवार को सदन में पेश किया। इनमें बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, बिहार जनविश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, बिहार निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान (नामांकन विनियमन एवं शुल्क निर्धारण) विधेयक, बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाएं (धन उधार विनियमन एवं प्रपीड़क कार्रवाई निवारण) विधेयक और बिहार सचिवालय सेवा (संशोधन) विधेयक शामिल हैं।

## पटनावासियों को रामनवमी से पहले नीतीश सरकार देगी तोहफा, 6.2 ङट मेट्रो परिचालन की शीघ्र होगी शुरुआत



**पटना (एजेंसी)।** पटना धीरे-धीरे पूरे पटना में मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगेगी, जिसकी शुरूआत बिहार विधान सभा चुनाव की घोषणा से पहले शुरू की गई थी। होली के बाद मेट्रो ट्रेन पांच स्टेशनों के बीच दौड़ने लगेगी, जबकि पटना में कुल 26 मेट्रो स्टेशन बनेंगे। बिहार सरकार पटनावासियों को रामनवमी से पहले फिर एक तोहफा देने जा रही है। दरअसल पटना मेट्रो का परिचालन मेट्रो अब सिर्फ भूतनाथ से बैरिया तक ही नहीं बल्कि भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक भी जाएगी। इस बात की जानकारी पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड ने दी है। भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक हुआ ट्रायल रन दरअसल 26 फरवरी को भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक पटना मेट्रो के परिचालन का ट्रायल रन किया गया। इसलिए आज पटना मेट्रो आम लोगों के लिए पूर्णरूपेण प्रतिबंधित रखा गया। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि बिहार सरकार का यह बेहतर कदम है। इससे बिहार का विकास होगा, पटना का विकास होगा। उनका कहना था कि अभी मेट्रो की शुरूआत हुई है, लेकिन जब यह पूरे पटना में अच्छी तरह से दौड़ने लगेगी तब सब से अच्छी बात यह होगी कि पटना में लोग जिस जाम से जूझते हैं उन्हें उस भयंकर जाम से निजात मिल पाएगी। मलाही पकड़ी तक मार्च से दौड़ेगी मेट्रो इस संबंध में पटना मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम को जांच के लिए 25 फरवरी को आना था, लेकिन कुछ कारणों से उस दिन टीम नहीं आ पाई। इसलिए टीम अब मार्च में पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशनों के बीच ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो होली के बाद मेट्रो ट्रेन पांच स्टेशनों के बीच दौड़ने लगेगी। कुल 26 मेट्रो स्टेशन तक दौड़ेगी मेट्रो इस संबंध में पटना मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि फेज 1 में दो कॉरिडोर होंगे, जिनमें कुल 26 मेट्रो स्टेशन होंगे। इनमें 13 एलिवेटेड और 13 अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन होंगे। एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक की कुल लंबाई 13.91 किलोमीटर होगी, जबकि अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रैक की कुल लंबाई 18.59 किलोमीटर होगी। पटना जंक्शन और खेमनीचक दो इंटरचेंज स्टेशन होंगे, जहाँ से कॉरिडोर 1 और 2 के लिए ट्रेन बदलने की सुविधा मिलेगी। इसमें पटना जंक्शन के पास अंडरग्राउंड, जबकि खेमनीचक के पास एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन बनेगा। पटना मेट्रो के अधिकारियों का यह भी कहना है कि मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक प्रायोरिटी कॉरिडोर होगा, जिसकी लंबाई 6 किलोमीटर होगी।

# छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्षीय भाषण के दौरान विरोध, संघ से अलग होकर क्यों बने निर्दलीय उम्मीदवार



**पटना (एजेंसी)।** पटना छात्रसंघ का चुनाव 28 फरवरी को होना है, लेकिन इससे पहले अध्यक्षीय भाषण में ABVP का जमकर विरोध हुआ। विरोध करने वालों में अपने गुट के साथ-साथ जदयू के छात्र भी शामिल थे। पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव का प्रचार गुरूवार को थम गया। इससे पहले अध्यक्षीय भाषण पटना साइंस कॉलेज परिसर में हुआ, जिसमें खूब हंगामा भी हुआ। हंगामा उस समय हुआ जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार मंच पर से अपना अध्यक्षीय भाषण दे रही थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उम्मीदवार का जमकर हुआ विरोध दरअसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनुष्का मंच पर अपना संबोधन देने पहुंचीं। लेकिन जैसे ही उन्होंने बोलना शुरू किया, विपक्षी गुटों के समर्थकों ने उनके खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। मंच के नीचे खड़े छात्र एवीभीपी गो बैक-एवीभीपी गो बैक के नारे लगाने लगे। कुछ छात्र आंचल जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। हालांकि इस बीच संगठन के वरीय नेताओं के द्वारा मामले को सामान्य करने की कोशिश की गई, लेकिन बात बनी नहीं। इस संबंध में 'अमर उजाला' ने निर्दलीय उम्मीदवार आंचल से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने संघ पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि संगठन के कुछ अधिकारियों को खुद पर अहंकार हो गया था। इस वजह से उनलोगों ने नॉमिनेशन मेरे साथ किया लेकिन जब प्रेस रिलीज जारी हुआ तो उसमें नाम किसी अन्य लड़की का था। उन्होंने कहा कि इस लड़की को न तो कैंपस का कोई छात्र या छात्रा जानती-पहचानती है और न संगठन के लोग उसको पहचानते हैं। यहां तक कि मैं भी उसे नहीं पहचानता था। अचानक उसका नाम सामने आने के बाद मैंने इसकी पड़ताल करनी शुरू कर दी। तब पता चला कि अनुष्का उसका नाम है और पीडब्लूसी की छात्रा है। इससे ज्यादा मैं उसके बारे में कुछ भी नहीं जानता हूं। आंचल ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे निर्दलीय लड़ने के पीछे का एक कारण संघ के द्वारा टिकट बेचना भी है। आँचल ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर केन्द्रीय संगठन मंत्री राघव शुक्ला का टिकट में हस्तक्षेप क्यों है? उन्होंने कहा कि या तो इसका जवाब क्षेत्रीय संगठन मंत्री राघव शुक्ला दें या फिर संगठन मंत्री। यह दोनों बताएं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया? आंचल ने यह भी आरोप लगाया कि कल पीडब्लूसी को रुपयों का बंडल दिया गया है, ताकि गुपचुप, चाट, छोला, समोसा फ्री किया जा सके। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का कोडर वोट मेरे समर्थन में है, इसलिए मेरी जीत सुनिश्चित है। छात्र छात्राएं मेरे साथ हैं। अनुष्का के आरोप पर दिया जवाब आंचल से जब यह सवाल पूछा गया कि अनुष्का ने सोशल मीडिया को लेकर काफी गंभीर आरोप लगाए थे,

## संक्षिप्त डायरी

### पटना के सरकारी पॉल्ट्री फॉर्म में 6000 मुर्गियों को दफनाया गया; जू में हाई अलर्ट

**पटना (एजेंसी)।** होली पर बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा मंडरा रहा है। कौवों के बाद अब पटना में मुर्गियों में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। चितकोहरा स्थित कौशल नगर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुर्गी फार्म में 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने सभी मुर्गियों को दफना दिया है। संक्रमण की पुष्टि के बाद पूरे इलाके को सेनिटाइज किया गया। लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। मुर्गी फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है। क्षेत्र में बड़ी आबादी रहने के कारण प्रशासन सतर्क है। पटना डीएम के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों को बाहर से लाने और बाहर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। पशु स्वास्थ एवं उत्पादन संस्थान की 6 सदस्यीय टीम कौशल नगर स्थित पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर में जांच के लिए पहुंची है। कौशल नगर के सभी वीवीआईपी इलाके में सैनिटाइजेशन का काम शुरू किया गया है। संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया गया है। 9 किलोमीटर क्षेत्र को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। इस क्षेत्र में अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सेनिटाइजेशन प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही उपयोग की अनुमति होगी। कौशल नगर में चेक पोस्ट बनाया गया है। शास्त्रीनगर और बाइपास थाना पुलिस को निगरानी में लगाया गया है। पटना जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने बताया, मामला सामने आने के बाद डेढ़ किलोमीटर के एरिया में सैनिटाइजेशन का काम शुरू हो गया है। सैनिटाइज होने के बाद सर्विलांस का काम शुरू किया जाएगा।केंद्रीय टीम भी जांच के लिए पटना पहुंची है। स्वास्थ विभाग पटना और जिला पशुपालन विभाग संयुक्त रूप से मामले को देख रहे हैं। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा ने बताया, 15-15 दिनों के अंतराल पर 4 बार करीब 2 महीने तक सर्विलांस का काम चलता है। पोस्ट ऑपरेशन सर्विलांस पीरियड ( इस दौरान सैंपल की जांच होगी। नेगेटिव आने के बाद ही कंटेंटमेंट जोन मुक्त घोषित किया जाएगा। डॉ. रागनी मिश्रा (स्टेट हेल्थ सोसाइटी, बिहार) ने बताया, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिलों एवं मेडिकल कॉलेज को एडवाइजरी जारी की गई है।

### सीयूईटी यूजी 11 मई से, 60 मिनट में 50 प्रश्न; हर गलत उत्तर पर एक अंक कटेगा

**पटना (एजेंसी)।** सीयूईटी-यूजी 2026 की परीक्षा 11 मई से शुरू होगी। इस बार परीक्षा पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है, यानी स्टूडेंट्स पहले से तय फॉर्मेट के अनुसार तैयारी कर सकते हैं। हालांकि, सबसे बड़ी चुनौती विषय चयन को लेकर है। इस बार छात्र कुल पांच विषय ही चुन सकते हैं। कुल 37 विषयों में से किसी भी पांच का चयन करना होगा। इनमें 23 डोमेन सब्जेक्ट, 13 भाषाएं और एक जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट शामिल है। एनटीए की ओर से जारी सिलेबस के अनुसार ज्यादातर डोमेन विषयों का पाठ्यक्रम वही है, जो छात्र 12वीं में पढ़ते हैं। ऐसे में अतिरिक्त दबाव लेने की जरूरत नहीं है। छात्र आधिकारिक सिलेबस के आधार पर ही तैयारी करें। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित होगी। हर पेपर के लिए 60 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रश्नों की संख्या 50 (सभी अनिवार्य) होगा। सही उत्तर पर पांच अंक मिलेंगे। गलत उत्तर पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग होगी। सभी प्रश्न एमसीक्यू आधारित होंगे। इंग्लिश समेत कई भारतीय और विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इस पेपर में पढ़ने की समझ (रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन), शब्दावली और बेसिक ग्रामर से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। कुछ प्रश्न लेखन कौशल से भी जुड़े होते हैं। कुल मिलाकर यह सेक्शन यह जांचता है कि छात्र भाषा को कितनी अच्छी तरह समझते और इस्तेमाल करते हैं। परीक्षा मल्टी शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन 13 भाषाओं में किया जाएगा। इनमें हिंदी और इंग्लिश के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगू और उर्दू शामिल हैं।

### विपक्ष भी राज्यसभा चुनाव लड़ने को तैयार, तेजस्वी ने बैठक की

**पटना (एजेंसी)।** विपक्ष भी राज्यसभा चुनाव लड़ने को तैयार हो रहा है। महागठबंधन के पास जीतने के लिए विधायकों की तय संख्या (41) नहीं है। यह देखते हुए गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एआईएमआईएम के 5 और बसपा के 1 विधायक को साथ लाने के लिए समूचे विपक्ष की बैठक की। बैठक में कांग्रेस, माले, सीपीएम और आईआईपी के विधायक थे। मीडिया से बातचीत में तेजस्वी ने दावा किया कि उनके पास विधायकों की पर्याप्त संख्या है। वे राज्यसभा चुनाव जीतेंगे। कुछ ही दिनों में उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया जाएगा। आईआईपी के आईपी गुप्ता ने कहा कि महागठबंधन अपना उम्मीदवार उतारेगा। विपक्ष के सभी दलों का समर्थन उन्हें प्राप्त होगा। एआईएमआईएम से बात हो रही है। अमित शाह की निगाहें बिहार पर, लेकिन निशाना बंगाल-असम चुनाव : तेजस्वी पटनो राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में एसआईआर के बाद खुद चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखे अपने हलफनामे में कहा है कि यहां कोई घुसपैठिया नहीं है। अगर है तो अमित शाह गृहमंत्री के रूप में 12 साल से क्या काम कर रहे हैं? असल में अमित शाह की बिहार पर निगाहें हैं, पर निशाना बंगाल और असम चुनाव पर है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में भारी वित्तीय संकट है। सरकार के पास हमारे सवालों का कोई जवाब नही है। बिहार का लॉ एंड ऑर्डर ध्वस्त हो चुका है। सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच पर चढ़कर दुल्हन को गोली मार अपराधी भाग निक ला। ऐसी ही दिनदहाड़े गोलियां चलाने की वारदात रोज हो रही हैं। राज्यसभा में एक सीट के लिए 41 विधायकों की जरूरत पड़ेगी। विधानसभा में संख्या बल (202 विधायक) के अनुसार 5 में से 4 सीटें एनडीए के खाते में जानी तय हैं।

### बिना डीटीओ ऑफिस आए बन गए लर्निंग लाइसेंस

**पटना (एजेंसी)।** सीएजी ने कई विभागों की गड़बड़ियां सामने लाईं। रिपोर्ट के अनुसार, बिना डीटीओ ऑफिस आए लोगों के लर्निंग लाइसेंस बन गए। रिपोर्ट में कहा गया है- सारथी डाटाबेस के अनुसार, 6 जिला परिवहन कार्यालयों में संयुक्त भौतिक सत्यापन की तारीखों पर 789 लोगों ने स्लॉट बुक किए। ये लर्निंग लाइसेंस के लिए परीक्षण में शामिल हुए। इनमें 766 लोग (97.08%) सफल रहे। हालांकि, संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान परीक्षण के लिए केवल 21 लोग ही उपस्थित हुए। इनमें केवल 7 (33%) ही अपना परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर सके। यानी बिना भौतिक उपस्थिति के ही लर्निंग लाइसेंस जारी हुआ। एसएचए व कार्यान्वयन इकाइयों में 55% पद खाली : राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) एवं जिला कार्यान्वयन इकाइयों के 100 पद (स्वीकृत पदों का 55%) रिक्त थे। यह मार्च 2024 तक की स्थिति रही। आईईसी पर बहुत कम खर्च : सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों पर बहुत कम खर्च हुआ। इससे लाभार्थियों के बीच जागरुकता की गतिविधियां प्रभावित हुईं। सत्यापन वाले लाभार्थियों की संख्या तय लक्ष्य से बहुत कम रही। मार्च 2024 तक सिर्फ 2.56 करोड़ लाभार्थियों (41%) का ही सत्यापन हुआ। स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क : 20 पंजीकरण पदाधिकारी, 42 दस्तावेजों में भूमि के कम मूल्यांकन का पता नहीं लगा सके। इससे संपत्ति, दस्तावेज का कम मूल्यांकन हुआ। नतीजा-मुद्रांक शुल्क और निबंधन फीस में 4.45 करोड़ रुपए की कमी हुई।



## ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।

विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

### अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।



# मृणाल ठाकुर के एक्स बॉयफ्रेंड को थी इन एक्टर्स से इनसिक्योरिटी

**मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी यूट्यूब पर रौनक रजनी के शो में अपनी आने वाली फिल्म दो दिवाने सहर में के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बीच मृणाल ने शेयर किया कि उनका एक्स-बॉयफ्रेंड उनके को-एक्टर्स को लेकर कितना इनसिक्योर था।**

### इनसिक्योरिटी पर बोलीं मृणाल

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या वे खुद को एक इनसिक्योर मानती हैं या नहीं। तब, उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी उन्हें इनसिक्योरिटी होती है और इसके लिए उन्होंने अपने एक्स-बॉयफ्रेंड से जुड़ी एक कहानी शेयर की। मृणाल ने कहा, 'करियर के शुरुआती दिनों में, मैं ऋतिक रोशन के साथ 'सुपर 30' और शाहिद कपूर के साथ 'जर्सी' की शूटिंग कर रही थी। जो मेरा बॉयफ्रेंड था, उसे लगता था कि मैं अच्छे दिखने वाले एक्टर्स के साथ शूटिंग कर रही हूं और घूम रही हूं। इस वजह से उसे इनसिक्योरिटी होने लगी। उसने वर्कआउट करना शुरू कर दिया और 15-17 किलो वजन घटाकर मसल्स बनाए। लेकिन कुछ दिनों बाद, उसने वर्कआउट बंद कर दिया। फिर खाकर 20 किलो बढ़ा लिया। मेरे बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं थक गया हूं तुम्हारे एक्टर्स की बराबरी करने की वजह से। लेकिन असल में मैंने कभी उससे वजन घटाने को नहीं कहा। यह उसकी इनसिक्योरिटी थी, इससे मेरा कुछ लेना-देना नहीं था।

### इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

मृणाल ठाकुर जल्द ही 'दो दीवाने सहर में' नजर आने वाली हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें वे सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। रवि उदयवार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्माता संजय लीला भंसाली हैं।




# 'अक्यूज्ड' के ट्रेलर में दिखा प्रतिभा रांटा का दमदार अंदाज

इस महीने की शुरुआत में नेटफ्लिक्स ने इस साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी। इसमें एक नाम शामिल था नेटफ्लिक्स की फिल्म 'अक्यूज्ड' का। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है।

'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है। कहानी के केंद्र में हैं डॉ. गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा), जो एक जाने-माने हॉस्पिटल में सबसे कम उम्र की हेड ऑफ डिपार्टमेंट के तौर पर काम कर रही हैं। डॉ. गीतिका एक मशहूर एलजीबीटीक्यू गायनेकोलॉजिस्ट हैं। वह डीन बनने की तैयारी कर रही हैं। गीतिका अपनी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ मिलकर एक बच्चे को एडॉप्ट करने की प्लानिंग करती हैं। लेकिन तभी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाता है। डॉ. गीतिका पर यौन दुराचार के गंभीर आरोप लगते हैं। उन्हें काफी कुछ कहा जाता है। इससे डॉ. गीतिका की जिंदगी और करियर, दोनों में भूचाल आ जाता है। जनता और अधिकारियों का शक बढ़ता है और सच्चाई धुंधली होती जाती है। इसके पीछे कौन है और क्या वजह है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। इस सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म को अनुराग कश्यप की बहन अनुभूति कश्यप ने डायरेक्ट किया है। वो इससे पहले आयुष्मान खुराना की 'डॉक्टर जी' का भी निर्देशन कर चुकी हैं। वहीं करण जौहर के डिजिटल प्रोडक्शन हाउस धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया गया है। फिल्म की कहानी भी अनुभूति कश्यप ने ही लिखी है। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा के अलावा आदित्य नंदा और सुकांत गोयल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। 'अक्यूज्ड' 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# 'नागिन 7' में अपनी डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुईं प्रियंका चाहर चौधरी

प्रियंका चाहर चौधरी निर्माता एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में मुख्य भूमिका में टीवी पर वापस आई हैं। शुरू में लोगों ने उनकी एक्टिंग और 'नागिन' के लुक की काफी तारीफ की थी। लेकिन हाल ही में शो का एक सीन वायरल हुआ है, जिसमें प्रियंका के डायलॉग डिलीवरी पर नेटिजन्स सवाल उठा रहे हैं।

### डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुई प्रियंका

'नागिन 7' में एक सीन में प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन' के रूप में एक भ्रष्ट पुलिस वाले को पीटते हुए उसकी गलतियां गिनाती हैं। यह एक लंबा संवाद वाला सीन है। इस सीन को देखने के बाद कई दर्शक निराश हो गए और सोशल मीडिया पर प्रियंका की डायलॉग बोलने की स्टाइल की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

# मैं कभी बॉलीवुड नहीं छोड़ना चाहती थी




एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में काम किया है और अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अपने करियर के पीक समय में उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था और हॉलीवुड का रुख किया था। लेकिन अब प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वे कभी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें हिंदी सिनेमा से बाहर मौके तलाशने के लिए 'पुश' किया।' बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के अपने सफर पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने खुलकर अपनी दिल की बात शेयर की। प्रियंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी बॉलीवुड छोड़ना चाहती थी। लेकिन जब मैं हिंदी फिल्मों में काम कर रही थी, तो कई वजहों से खुद को थोड़ा सीमित महसूस करती थी। मैं अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती थी। एक कलाकार के तौर पर मैं कुछ नया और रोमांचक करना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे दूसरे मौके तलाशने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी तलाश ने मुझे अमेरिका पहुंचाया। अब करीब 12 साल बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मैं अपने मनपसंद और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स चुन सकती हूं। लेकिन यह सफर बिल्कुल आसान नहीं था।'

### मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मेरी इंडियन फिल्मों से प्यार है। मैं बहुत खुश हूं कि वापस भारत में आकर वाराणसी फिल्म के लिए काम कर रही हूं। मैं कभी भी इन दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं चाहूंगी। मैंने कभी ऐसा किया भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं दोनों इंडस्ट्री के बीच संतुलन बनाकर चलती हूं और मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है। दोनों जगह काम करने का तरीका कई मायनों में अलग है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी संस्कृतियां अलग होती हैं। लेकिन अब मेरा दिमाग दोनों तरीकों से सोचने का आदी हो चुका है। यह अपने आप में एक अनोखा, शानदार और मजेदार अनुभव है।'

# अस्सी की कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से प्रेरित है



**अनुभव सिन्हा की 'अस्सी' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। देश में होने वाली दुष्कर्म की घटनाओं पर आधारित यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में हैं। हालांकि, जब इस फिल्म की घोषणा हुई थी, तो लोगों को लगा था कि अनुभव सिन्हा अपने गृहनगर वाराणसी के अस्सी घाट की कहानी लेकर आ रहे हैं। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि कहानी एक संवेदनशील और जरूरी मुद्दे पर आधारित है। फिल्म को लेकर निर्देशक का कहना है कि कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से ही प्रेरित है।**

### लोगों को अब अपराध की गंभीरता से फर्क नहीं पड़ता

बातचीत में अनुभव सिन्हा ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारे चारों ओर सूचनाओं की भरमार के कारण, दर्शकों को किसी अपराध की गंभीरता का एहसास कराना कठिन होता जा रहा है। फिर चाहे वह बलात्कार जैसा जघन्य अपराध ही क्यों न हो। अब यह उतना मायने नहीं रखता कि आपकी आंखों के सामने क्या है, बल्कि यह मायने रखता है कि क्या आकर्षक है। आप उससे विचलित हो जाते हैं। इसलिए यह कोई गपशप या सनसनीखेज कहानी हो सकती है, क्योंकि यह अब सनसनीखेज नहीं रह गई है।

### बॉक्स ऑफिस नंबर्स गपशप का विषय

बॉक्स ऑफिस नंबर्स और क्रिटिक्स की रेटिंग को लेकर निर्देशक का कहना है कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और समीक्षाओं में स्टार रेटिंग जैसी मामूली बातें भी चर्चा को एक संख्या तक सीमित कर देती हैं। जबकि असल मुद्दा चिंता का विषय होना चाहिए। ये आंकड़े गपशप का अच्छा जरिया हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे समझ रहे होंगे। उन्हें यह समझ नहीं आता कि दुनिया भर में कुल कमाई, भारत में कुल कमाई और भारत में शुद्ध कमाई क्या होती है। उन्हें यह नहीं पता कि निर्माता को बताई गई रकम का 50% से भी कम मिलता है। 400 करोड़ रुपये, 700 करोड़ रुपये और 800 करोड़ रुपये जैसे आंकड़े तो बहुत ही महत्वाकांक्षी लगते हैं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इन आंकड़ों को गंभीरता से नहीं लेंगे। अगर मैं कर सकता तो मैं अपने आंकड़े घोषित नहीं करता, चाहे वे कितने भी अच्छे या बुरे क्यों न हों। लेकिन मैं इसे नहीं रोक सकता।

### कोर्टरूम के अंदर के माहौल से असल में हुआ वाकिफ

कोर्टरूम को लेकर अनुभव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में मेरी दो वरिष्ठ महिला वकील दोस्त हैं। हमने उन्हें कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, 'आप लोग इतनी गंदी कोर्ट शूटिंग करते हो। आपने कभी कोर्ट देखी है?' मैंने कहा, 'जी हां, सुप्रीम कोर्ट।' तो उन्होंने कहा, 'इसीलिए! आपने वो शांत, परिष्कृत कोर्टरूम देखा है जहां हर कोई चुपचाप सुनता रहता है। लेकिन फिल्म का मामला उस कोर्ट में नहीं जाएगा। अगले ही दिन मैंने नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का दौरा किया और वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। मुझे एहसास हुआ कि मैंने फिल्म 'मुल्क' के कोर्टरूम सीन गलत तरीके से फिल्माए थे। यह कोर्टरूम बहुत भीड़भाड़ वाला और अव्यवस्थित है। मुझे कोर्टरूम की यह शीतलता बहुत पसंद आई। कोर्टरूम अपने काम में इतना मशगूल रहता है जबकि आपका जीवन इस पर निर्भर करता है।

### छोटे शहरों में भी देखी जाती हैं 'अस्सी' जैसी फिल्में

अनुभव सिन्हा का मानना है कि वो इस धारणा को तोड़ देंगे कि 'अस्सी' जैसी फिल्में जनता के लिए नहीं होती हैं। उन्होंने अपने जमीनी स्तर के अभियान 'चल सिनेमा चलें' के तहत भारत के 40 दूसरे दर्जे के शहरों का दौरा किया है। उनका कहना है कि यह एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि अब मैं कह सकता हूं कि दूसरे दर्जे के शहरों में इस तरह की फिल्में नहीं देखी जातीं। वे सिर्फ जवान या कांतारा जैसी फिल्में देखते हैं। बेशक उन्हें वो फिल्में ज्यादा पसंद आती हैं। लेकिन इन फिल्मों में भी उनकी काफी दिलचस्पी है। दिक्कत ये थी कि हम उन्हें सही तरीके से फिल्म नहीं दिखा पा रहे थे। इसलिए इस बार मेरा पूरा अभियान घर-घर जाकर प्रचार करने पर केंद्रित है। पिछले दो महीनों से हम छोटे शहरों में फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।

# भारतीय टीम को टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाने वेस्टइंडीज पर दर्ज करनी होगी बड़ी जीत

**-अन्य परिणाामों पर भी रखनी होगी नजर**

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 रनों की जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंच गयी। इस प्रकार इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। वहीं अब बचे हुए दो स्थानों के लिए भारत सहित चार टीमों वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला है।

भारतीय टीम को अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सुपर-8 के अपने अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज से 1 मार्च को बड़े अंतर से जीतना है। इसके अलावा अन्य मैचों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

वहीं एक अन्य दावेदार न्यूजीलैंड ने 2 मैचों में से एक में जीत हासिल की है। न्यूजीलैंड को सुपर-8 के अपने अंतिम मैच में 27 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। कीवी टीम अगर इंग्लैंड को हरा देती है तो उसे अंतिम ग्यारह में प्रवेश मिल जाएगा पर अगर न्यूजीलैंड इंग्लैंड से हार जाती है, तो टीम के लिए संभावनाएं काफी कम हो जाएंगी। न्यूजीलैंड के लिए केवल सकारात्मक बात ये है कि अभी टीम का नेट रन रेट प्लस 3.050 से काफी बेहतर है।

वहीं पाकिस्तान को 28 फरवरी को सुपर-8 के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका से खेलना है। दो मैचों के बाद पाकिस्तान के पास अभी केवल एक अंक है। ऐसे में पाक अगर श्रीलंका को हरा देती है, तो टीम के कुल तीन अंक हो जाएंगे। वहीं पाक को यह भी प्रार्थना करनी होगी कि इंग्लैंड टीम न्यूजीलैंड को हरा दे। अगर पाक टीम श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रहती है और न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ता है तो ऐसी हालत में अच्छे नेट रन रेट वाली टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा।




## रिंकू सिंह के पिता का निधन, लिवर कैंसर से पीड़ित थे, बीसीसीआई सहित कई क्रिकेटरों ने शोक जताया



**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रिंकू सिंह के पिता खानचंद्र सिंह का आज तड़के निधन हो गया। वह 60 साल के थे और पिछले काफी समय से लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उसके पिता को गंभीर हालात में ग्रेटर ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था पर उन्हें बचाया नहीं जा सका।

लिवर कैंसर फोर्थ स्टेज में पहुंचने के बाद से ही उनकी हालात खराब चल रही थी। इसी कारण रिंकू भी विश्वकप के बीच ही आचानक अस्पताल पहुंचे थे। वह पिछले कुछ समय से गंभीर हालत में होने के कारण वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गये थे। डॉक्टरों ने उन्हें स्थिर करने की कोशिश की थी और लगातार किडनी रिप्लेसमेंट थेरेपी चल रही थी। मगर उनकी हालत संभल नहीं पायी। पिता के निधन के बाद से ही रिंकू के परिवार में मातम छाया हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी रिंकू के पिता के निधन पर शोक जताया है। शुक्ला ने लिखा, क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता श्री खानचंद सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू और उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोककुल परिवार को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह सहित कई अन्य क्रिकेटरों ने भी रिंकू के परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। रिंकू गत दिवस जम्बिाब्वे के खिलाफ मैच भी नहीं खेल पाए थे। रिंकू अपने पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसके बाद वह तुरंत चेन्नई लौट आए पर टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया था।

## हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की वजह बताई



**होबार्ट (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर शानदार शुरुआत की। लेकिन रविवार को एक मैच बाकी रहते पहले दो वनडे गंवा दिए।

दोनों टीमें सभी प्रारूप की सीरीज खेल रही हैं जिसका फैसला अंक के आधार पर होगा। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। दूसरे वनडे में मिली पांच विकेट की हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा, %हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं। पिछले दो मैच में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और इसका हमें नुकसान हुआ। उम्मीद है कि अगले मैच में हम ऐसा करेंगे।'

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली संन्यास लेने से पहले रविवार को अपना आखिरी मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं परिणाम से बहुत खुश हूं। यह उन मैच में से एक था जहा मुझे लगा कि वे अच्छा स्कोर बनाने से बहुत पीछे रह गए, लेकिन साथ ही यह हमारे लिए हताशाजनक भी था क्योंकि मुझे लगा कि हम उन्हें थोड़ा और पहले आउट कर सकते थे। लेकिन इस तरह के विकेट पर उन्हें 250 रन पर रोकना हमारी टीम की एक शानदार कोशिश थी।'

## जॉर्जिया, लिचफील्ड की अच्छी बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया

**-सीरीज 2-0 से जीती**




**होबार्ट (एजेंसी)।** जॉर्जिया वोल के शतक 101 रन और फीबी लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका रावल के अर्धशतक से भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 251 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 36.1 ओवरों में ही पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस प्रकार तीन मैचों की सीरीज मेजबान टीम ने 2-0 से जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहना एकदिवसीय भी जीता था।

इस दूसरे मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका के अर्धशतक से 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में छह चौके लगाकर 52 रन बनाये। प्रतीका ने स्मृति मंधाना 31 के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन बनाये। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में टीम 50 ओवरों में 251 रनों के अच्छे स्कोर तक पहुंच पायी। ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया के 101 और लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से तय ओवरों से पहले ही मैच जैच लिया। इस प्रकार

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी ठीक नहं रही और उसने कप्तान एलिसा हीली का विकेट शुरुआत में ही खो दिया। हीली ने केवल 6 रन बनाये। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन बनाकर जॉर्जिया और लिचफील्ड ने अपनी टीम को संभाला। भारत की ओर से भारत की ओर से काशवी गौतम ने 47 रन देकर दो विकेट लिए। जबकि दीप्ति शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लिए।

एशले गार्डनर ने चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी ।

## बांग्लादेश भी शुरु कर रहा महिला क्रिकेट लीग, भारतीय खिलाड़ियों को भी दिया आमंत्रण

ढ़ाका । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) भी अब भारत के डब्ल्यूपीएल की तर्ज पर महिलाओं के लिए एक क्रिकेट लीग शुरु हरने जा रही है। इस लीग का नाम बांग्लादेश महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूबीपीएल) रखा गया है। इस लीग के मुकाबले 4 से 14 अप्रैल तक चलेंगे। ये टूर्नामेंट तीन टीमों के बीच होगा। बीसीबी ने इस लीग में खेलने का आमंत्रण भारतीय महिला खिलाड़ियों को भी दिया है। ये लीग इस उद्घाटन 4 अप्रैल को चटगांव में मुकाबले के साथ ही होगा। वहीं इसका खिताबी मुकाबला ढाका में खेला जाएगा। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप इसी साल जून में होने वाली है और ऐसे में बीसीबी को उम्मीद है कि इस लीग से खिलाड़ियों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इसके साथ ही इससे नई प्रतिभाएं भी सामने आयेंगी। बीसीबी के अनुसार उसने इसमें शामिल होने का आमंत्रण भारतीय महिला क्रिकेटरों के साथ ही सभी देशों को दिया है। लीग गवर्निंग काउंसिल की प्रमुख रुबाबा डोवला ने कहा कि किसी भी देश की खिलाड़ी पर इसमें भाग लेने कोई रोक नहीं है। हाल ही में जिस प्रकार बीसीबी के भारतीय बोर्ड से मतभेद हुए हैं। उसको देखते हुए माना जा रहा है कि बीसीबी अब भारतीय बोर्ड से संबंधों को बेहतर करना चाहता है। डब्लयूबीपीएल इस लीग के लिए नीलामी मॉडल की जगह ड्राफ्ट सिस्टम अपनाएगा।

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बदले हुए वजन वर्ग में उतरेंगे पहलवान रवि दहिया

नई दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में मिली। तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था। वहीं साल 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की थी। रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं। 2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे। टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण पदक जीता था। उनके पिता राकेश दहिया तो किसान हैं, लेकिन उनके चाचा मुकेश दहिया कुश्ती से जुड़े रहे हैं। इस वजह से रवि को कुश्ती विरासत में मिली है, जिसे उन्होंने अपने प्रयासों से सफल बनाया है। रवि ने केवल 10 साल की उम्र में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में कुश्ती प्रशिक्षण के लिए दाखिला लिया।

## अभिषेक के फार्म हासिल करने पर युवराज ने खुशी जतायी, बोले बल्ले से ही आता है असली जवाब




नई दिल्ली । पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह टी20 विश्वकप में अपने शिष्य अभिषेक शर्मा की शानदार पारी से बेहद खुश हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में पहली बार अच्छी पारी खेलने में सफल रहे हैं। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-आठ में 55 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं शुरुआती तीन लीग स्तर के मैचों में वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये थे जबकि सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 रन ही बना पाये थे। ऐसे में वह प्रशंसकों के निशाने पर थे। वहीं अब अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शर्मा ने 30 गेंद में 55 रन बनाकर लय हासिल की है। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के भी जड़े। सेमीफाइनल से ठीक पहले अभिषेक के फार्म में आने से उनके गुरु युवराज बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिय में लिखा, अच्छी पारी सर अभिषेक, जारी रखो। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ संभलकर खेला पर अवसर मिलते हुए बड़े शॉट भी लगा दिये। इस बल्लेबाज ने हर गेंद पर बड़े शॉट लगाने की जगह पर स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया जिससे भी उन्हें लाभ हुआ। इसी को देखते हुए युवराज ने लिखा, असली जवाब तब होता है जब आप अपने बल्ले को ही सारी बात करने देते हैं। अच्छी पारी, सर अभिषेक। ऐसे ही लगे रहिए।

## हम विरोधी गेंदबाजों में डर देखना चाहते थे: तिलक

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में टीम तय करके उतरी थी कि शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया जाये। तिलक के अनुसार हमारी टीम चाहती थी कि विरोध गेंदबाजों के अंदर डर का माहौल बने। जिससे कि वह सटीक गेंदबाजी नह कर पायें। भारतीय टीम ने चेन्नई में हुए इस सुपर-8 मैच में 256 रन बनाकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। तिलक ने कहा, हम टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर बात की थी कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी गंवा दें तब भी आक्रामक होकर ही खेलेंगे।

तिलक ने संजू सैमसन की पारी की भी सराहना की। सैमसन ने पारी की शुरुआत करते हुए 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में ही 48 रनों की साझेदारी बनायी। तिलक ने कहा, जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी मनोबल बढ़ता है। सैमसन ने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद हम विरोधी गेंदबाजों के अंदर डर देखना चाहते थे। और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, हमने मैच से ठीक पहले बात की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का मनोबल बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी दबाव के अपना स्वाभाविक खेल खेलने को कहा था। उन्होंने कहा, कोच कहा था कि हालात चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीजमें खेली थी।तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और कोच की बातों से बल्लेबाजों के अंदर उत्साह पैदा। उन्होंने कहा, अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं पर इस खेल में मानसिकता भी अहम भूमिका निभाती है। पहले हमारी मानसिकता यह थी कि विकेट गिरने के बाद हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय देते थे पर इस मैच में अहम अगल रणनीति से उतरे। इससे पूरा दबाव विरोधी टीम पर आ गया।




## किदांबी श्रीकांत बाहर, जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म



मुल्हेम एन डेर रूहर। जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन-यी से सिर्फ़ 32 मिनट में 21-14, 21-9 से हार गए। ताइवानी शटलर के खिलाफ़ इतने ही हेड-टू-हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9-5 की बढ़त बना ली। हालांकि, लिन ने धीरे-धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12-10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मज़बूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए। इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी। भारतीय शटलर अब मशहूर ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 में हिस्सा लेंगे, जो अगले मंगलवार को बर्मिंघम में शुरू होगा।

## सेंटनर जैसा कप्तान होना हमारे लिए फायदेमंद : रचिन रविंद्र




कोलंबो । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह खिलाड़ियों को मजबूती का अनुभव कराते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। रचिन के अनुसार सैंटनर किसी भी परेशानी में टीम के बचाव में उतरते हैं और अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित अनुभव कराते हैं। रविंद्र ने कहा, सैंटनर काफी शांत स्वभाव के हैं पर इसके साथ ही उनका सोचने का अंदाज भी काफी सुलझा हुआ है, जैसे कि किस छोर से कैसी गेंद की जानी चाहिये। इससे भी अहम बात ये है कि वह अच्छा प्रदर्शन करके आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े रहते हैं और उनका हौसला बढ़ाते हैं। मेरा मानना है कि उनके जैसा कप्तान मिलना टीम के लिए काफी फायदेमंद है। उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप काफी सशक्त। टीम में उनकी मौजूदगी से ही खिलाड़ी प्रेरित रहते हैं। यह केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करने तक सीमित नहीं है। उपमहाद्वीप की पिचों पर गेंदबाजी करने का सैंटनर का अनुभव भी उन्हें विशेष बनाता है। वह अपनी स्पिनरों की हर प्रकार से सहाता करते हैं। इसीक कारण आज हमारे पास उनकी तरह के कई गेंदबाज हैं। वह हमें बताते हैं कि कैसी गेंदबाजी करनी है। इससे उभारते हुए खिलाड़ियों को काफी लाभ होता है।

## टी20 विश्व कप : जिम्बाब्वे पर जीत से सूर्यकुमार खुश, लेकिन इस विभाग में सुधार की बात की

**चेन्नई (एजेंसी)।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया।

भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिंग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने जिम्बाब्वे के अटैक का जमकर मजा लिया, जिससे भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में गेंदबाजों ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभाई और जिम्बाब्वे को 6 विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे भारत ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं।

भारत को अपने पहले सुपर आठ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का अगला मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा। मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बल्लेबाजों का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज़ के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा, 'जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की।'

सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिंग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (834, 636) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुमकिन साबित हुआ। स्काई ने कहा, 'हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा, 'मैं जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, वह बहुत स्मार्ट थी। बॉलिंग के नजरिए से, हम और बेहतर हो सकते थे। जब हम ऐसे हालात में होते हैं, तो हमें हिम्मत दिखानी होती है। जब हम कोलकाता पहुंचेंगे तो हम प्लान के बारे में सोचेंगे।'




## संगकारा ने श्रीलंकाई क्रिकेट में बदलाव की जरुरत बतायी

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कुमार संगकार ने अपनी मेजबानी में हो रहे आईसीसी टी20 विश्वकप से टीम के बाहर होने पर निराशा जतायी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये हमारे क्रिकेट भविष्य को लेकर एक चेतावनी भी है, अगर हम अभी नहीं संभले तो इसी प्रकार पिछड़ते जाएंगे। इसलिए अब हमें बड़े बदलाव की जरुरत है। संगकारा ने कहा, इस प्रकार बाहर होने सो हर तरफ बहुत दर्द है। प्रशंसक टूट चुके हैं, निराश और गुस्से में हैं। खिलाड़ी भी बेहद आहत हैं। मैं ऐसे ड्रेसिंग रूम में रहा हूं, यह आसान नहीं होता। लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करना एक जिम्मेदारी भी है और सौभाग्य भी। संगकारा ने खिलाड़ियों के जज्बे को समझते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी का हिस्सा है, लेकिन इससे उबरने के लिए बदलाव जरूरी है। संगकारा ने कहा कि इस हार से हमें सबके लेते हुए खेल ढ़ांच में बदलाव करना होगा। साथ ही कहा, हर स्तर पर हमें काफी कुछ करने की जरुरत है। हम एक जैसी गलतियां दोहराते रहेंगे तो बेहतर परिणामों की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अधुनिक क्रिकेट तेजी से बदल रहा है और हमें उसके अनुरुप ढ़लना होगा। अगर हमने अपने को नहीं बदला तो हम बाहर हो जाएंगे।



## 1000 करोड़ का ठग दुबई से गिरफ्तार : ईडी नसीम को लखनऊ लाएगी

लखनऊ (एजेंसी)। शाइन सिटी समूह के प्रमोटर और करीब 1000 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मुख्य आरोपी राशिद नसीम को दुबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर की गई। अब प्रवर्तन निदेशलय (ईडी) की टीम नसीम को दुबई से लखनऊ लाने की तैयारी में है। लगभग 10 महीने पहले लखनऊ की विशेष अदालत ने राशिद को भगौड़ा घोषित किया था। राशिद नसीम और उसकी कंपनियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में करीब 554 एफआईआर दर्ज हैं। आरोप है कि निवेश के नाम पर लोगों से 800 से 1000 करोड़ रुपये तक की ठगी की गई। निवेशकों को ऊंचे और आकर्षक रिटर्न का लालच दिया गया, लेकिन 2019 में राशिद देश छोड़कर दुबई फरार हो गया। दुबई पुलिस ने ईडी और ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर नसीम को गिरफ्तार किया। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय एजेंसियों के समन्वय से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई थी। सरकारी एजेंसियां पहले ही राशिद और उससे जुड़ी कंपनियों की सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुकी हैं। 2021 में सामने आए ऑडियो में राशिद ने दावा किया था कि सरकार उसकी करीब 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कब्जे में ले चुकी है, जिसकी मौजूदा कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये बताई जाती है। उसी ऑडियो में करीब 300 करोड़ रुपये किसानों और ब्रोकरों के बीच फंसे होने की बात कही गई थी। जमीन सौदों में विवाद और कुछ दलालों के फरार होने से कंपनी कानूनी उलझनों में घिरी रही। हालांकि जांच एजेंसियां इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि कर रही हैं। राशिद और उसके भाई आसिफ पर गृह विभाग ने 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पहले यह इनाम 50-50 हजार रुपये था। कंपनी से जुड़े पांच अन्य आरोपियों पर भी एक-एक लाख रुपये का इनाम रखा गया है। आसिफ को पहले ही प्रयागराज से गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट के आदेश पर ईओडब्ल्यू और ईडी जांच आगे बढ़ा रहे हैं। जांच एजेंसियों का दावा है कि राशिद दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। 2018 में नेपाल में गिरफ्तारी और जमानत के बाद वह दुबई पहुंचा था। अब उसकी गिरफ्तारी के बाद बड़े वित्तीय नेटवर्क और ठगी की रकम विदेश भेजने के चैनलों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## केजरीवाल को मिली राहत, तेजस्वी ने कहा... दिल्ली में फिर से चुनाव कराए जाएं

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने से पहले तेजस्वी ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजीरवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब नीति मामले में कोर्ट से राहत मिलने पर प्रतिक्रिया दी। तेजस्वी ने कहा कि, 'इस फैसले से बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। यह साफ हो गया है कि किस तरह विपक्षी नेताओं पर राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमे होते हैं।' तेजस्वी ने आरोप लगाया कि, 'केंद्र संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने चुनावी फायदे के लिए कर रही है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष



की आवाज दबाने के लिए हो रहा है।' उन्होंने मांग किया है कि दिल्ली में फिर से चुनाव कराए जाएं। तेजस्वी ने कहा कि, 'सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, बल्कि पिता लालू यादव और राहुल गांधी के खिलाफ भी राजनीतिक साजिश के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने भरोसा जताया कि वे और उनकी पार्टी भी कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि न्यायपालिका से उन्हें भी इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, 'लोकतंत्र में न्यायपालिका पर जनता का विश्वास सबसे बड़ा सहारा है और सच की जीत तय है।'

## माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई की गोली मारकर हत्या... बाइक सवार हमलावार फरार

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या की गई। वारदात शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे हुई, जब वहां कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। तभी दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने शोयब को मृत घोषित किया। वारदात लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल को सील किया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटाया है। बॉबी पर हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े 12 मुकदमे दर्ज थे। सूत्रों के मुताबिक, मुख्तार की मौत के बाद गैंग के भीतर वर्चस्व की लड़ाई और आपसी रंजिश चल रही थी। शोएब वकील भी था। करीब 15 साल से कचहरी में वकालत कर रहा था। हत्या के विरोध में वकीलों ने पहले जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक जिला अस्पताल में हंगामा करने के बाद वकीलों ने बस अड्?डे के सामने सड़क पर जाम लगा दिया।

## चंडीगढ़ में स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। शहर में कई शिक्षण संस्थानों और पंजाब सचिवालय को बम धमाके की धमकी देने वाले ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी में अगले दो दिनों में बम फोड़ने की चेतावनी दी गई थी। ईमेल में प्रमुख निशाना बनाए गए स्कूल थे डीपीएस स्कूल, संत कबीर स्कूल और विवेक हाई स्कूल सेक्टर-38। धमकी मिलते ही स्कूलों के प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। स्कूल परिसरों को खाली कराया गया और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। पुलिस की साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हुई है। सचिवालय परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने-जाने वालों की सख्ती से जांच की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। करीब एक महीने पहले भी शहर के लगभग 30 स्कूलों को इसी तरह धमकी ईमेल प्राप्त हुई थी।

# अमेरिकी वाणिज्य सचिव अचानक पहुंचे नई दिल्ली, पीयूष गोयल के साथ की लंच मीटिंग

**-बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक टैरिफ के फैसले को अमान्य घोषित किए जाने के कुछ ही दिनों बाद, अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने नई दिल्ली का अचानक दौरा किया। गुरुवार को उन्होंने भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ लंच पर मीटिंग की। इस बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और मंत्री पीयूष गोयल दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की पुष्टि की। सर्जियो गोर ने तीनों की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- हॉवर्ड लुटनिक और पीयूष गोयल के साथ एक बेहद शानदार लंच। हमारे दोनों राष्ट्रों के लिए सहयोग के ढेरों क्षेत्र मौजूद हैं। पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने व्यापार और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देने के लिए बहुत ही फलदायी चर्चा की है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि दोनों पक्षों ने अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर



चर्चा की। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

आधिकारिक मुलाकात के बाद लुटनिक जोधपुर के लिए रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक वे वहां टेक एग्जीक्यूटिव निकेश अरोड़ा की बेटी आयशा अरोड़ा और आइस हॉकी स्टार जैक ह्यूजेस की शादी में शामिल होने गए हैं। यह बैठक भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिहाज से एक बेहद नाजुक समय पर हुई है। 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करके लगाए गए राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक टैरिफ को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापारिक बातचीत की पूरी समय-सीमा को बदल कर रख दिया है।

संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ के मुताबिक टैरिफ पर भारत-अमेरिका की कोई भी द्विपक्षीय व्यवस्था अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई संवैधानिक सीमाओं के भीतर ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरों पर सहमत होने का कार्यपालिका का अधिकार निरंकुश नहीं है, यह न्यायिक रूप से लागू करने योग्य संवैधानिक सीमाओं के अधीन है। कोई भी टैरिफ प्रतिबद्धता जो वैधानिक शक्तियों को पार करती है या संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करती है, वह कानूनी रूप से टिक नहीं पाएगी और उसे रद्द किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिकी संवैधानिक ढांचे के तहत, टैरिफ तय करने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि कार्यपालिका के पास।

## इनफिनिक्स ने 'ऑल-राउंड पावर' फोन नोट एज किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** न्यू-एज स्मार्टफोन ब्रांड इनफिनिक्स ने अपना नया नोट एज स्मार्टफोन लॉन्च किया है। यह एक ऑल-राउंड पावर डिवाइस है, जो एक्सओएस 16 के साथ मास-प्रीमियम सेगमेंट में नई पहचान बनाने के लिए पेश किया गया है। 19,999 रुपये (ऑफर सहित) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध यह फोन किफायती दाम में प्रीमियम डिजाइन, दमदार बैटरी और निर्बाध 5जी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। नोट एज में 6.78 इंच का 3डी-कर्व्ड 1.5के एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसकी अधिकतम ब्राइटनेस 4500 निट्स है। इसका निचला बेजेल मात्र 1.87 मिमी है, जो इसे आकर्षक लुक देता है। 7.2 मिमी पतली बॉडी में 6500 एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है, जो 45 वॉट तेज चार्जिंग और सेल्फ-हीलिंग तकनीक से लैस है। कंपनी का दावा है कि 2,300 चार्ज चक्र के बाद भी बैटरी 80 प्रतिशत से अधिक क्षमता बनाए रखती है। फोन में जेबीएल द्वारा ट्यून किए गए डुअल स्टीरियो स्पीकर्स हैं, जो उच्च-रिजॉल्यूशन ऑडियो और 360 डिग्री संतुलित साउंड आउटपुट देते हैं। एक्टिव हेलो रिंग लाइटिंग कॉल, नोटिफिकेशन और चार्जिंग के दौरान स्मार्ट तरीके से प्रतिक्रिया देती है। यह डिवाइस भारत के पहले मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 5जी चिपसेट पर आधारित है, जो कम ऊर्जा खपत के साथ बेहतरीन प्रदर्शन देता है। कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई सुरक्षा, आईपी65 धूल और पानी प्रतिरोध तथा तीन साल के ऑपरेटिंग सिस्टम अपडेट और पांच साल के सुरक्षा पैच का वादा इसे लंबे समय तक उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है। डिस्प्ले में 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट, 10-बिट रंग गहराई और टीयूवी ब्लू लाइट आई केयर प्रमाणन है, जिससे आंखों पर कम तनाव पड़ता है। गेमिंग के लिए 2800 हर्ट्ज इंस्टेंट टच सैंपलिंग रेट दिया गया है। एंड्रॉइड 16 आधारित एक्सओएस 16 में कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता फीचर्स दिए गए हैं, जैसे इमेज एडिटिंग टूल, ऑब्जेक्ट हटाने की सुविधा, फोटो विस्तार, फ्लैश मेमो और माइंडहब। वन-टैप एआई बटन को 30 से अधिक ऐप्स के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

## मोतिहारी में दो दोस्तों की हत्या से सनसनी

**मोतिहारी (एजेंसी)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला में जवान होती पीढ़ी हिंसा और अति उग्रता का शिकार हो रही है। इंसानियत इतनी कठोर हो चली है कि मामूली बातों में भी आदमी - आदमी के बदन पर चाकू की धार परखने लगा है। पिछले 4 दिनों में दो जवान उम्र के बच्चों की हत्या कर दी गयी है। दोनों ही हत्याओं में हम उम्र दोस्तों की भूमिका उभरकर सामने आयी है। हालिया घटना गुजरी गुरुवार की शाम में घटित हुई है। छतौनी थानाक्षेत्र के हवाई अड्डा क्षेत्र में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी। जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि छोटा बरियारपुर निवासी शशिभूषण कुशवाहा के 16 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार और हत्यारे दोस्त नितेश कुमार के बीच रुपये के लेन-देन में विवाद हुआ और नितेश ने गोलू को चाकू से इस कदर गोदा कि अस्पताल पहुंचकर उसकी मौत हो गयी। इससे पहले 23 फरवरी को मुफसिल थानाक्षेत्र के हराज टिकुलिया बांध के किनारे से पतौरा



बनकट ग्रामवासी युवक विशाल कुमार का शव पुलिस ने बरामद किया था। विशाल की गला रेतकर हत्या की गयी थी। वह इंटर का छात्र था। पुलिस जांच से पता चला कि विशाल की अपने ही ग्रामीण हमउम्र आदित्य और रवि से गहरी दोस्ती थी। तीनों साथ-साथ रिल्स बनाया करते थे। इस प्रगाढ़ता में विशाल और रवि की बहन के बीच प्रेम सम्बन्ध विकसित हो गया। रवि को जानकारी मिली तो उसने आदित्य का साथ लेकर विशाल के हत्या की साजिश रची। बिरियानी खाने के बहाने विशाल को हराज टिकुलिया बांध के किनारे दोनों दोस्त ले गए। पहले तीनों ने एक साथ बिरियानी खायी और फिर रवि और आदित्य ने मिलकर चाकू से विशाल का गला रेत दिया। दोनों ही घटनाएं जवान होती पीढ़ी की है।

## फिर से सत्ता में लौटने के लिए ममता ने साध लिए युवा और महिला वोटर... दो योजनाएं बनेगी चुनाव में गेंमचेंजर

**कोलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर जारी है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच दिख रहा है। 294 सदस्यीय विधानसभा में टीएमसी की मजबूत पकड़ है, जबकि भाजपा 77 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। अन्य वाम दलों और नवगठित पार्टियों का गठबंधन चुनावी समीकरण को प्रभावित कर सकता है, लेकिन असली टक्कर युवाओं और महिलाओं के वोट पर केंद्रित है।

इस लेकर ममता बनर्जी ने इस बार दो प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राजनीतिक मोर्चा मजबूत किया है। पहली, पहले से चल रही 'लक्ष्मी भंडार' योजना, जो 2.42 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता देना है। इस योजना में मासिक सहायता 1,500 रुपये कर दी गई है, और 2021 में महिलाओं के समर्थन ने टीएमसी को निर्णायक बढ़त दिलाई थी। दूसरी, नई 'युवा साथी' योजना, जिसमें 21-40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को मासिक 1,500 रुपये दिए जाएंगे।



न्यूनतम योग्यता 10वीं पास है और आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के नौ दिनों में करीब 78 लाख युवाओं ने आवेदन किया। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस आयु वर्ग के मतदाता कुल वोटरों का करीब 45 प्रतिशत हो सकते हैं, जिससे योजना चुनावी समीकरण बदल सकती है।

वहीं राज्य में सियासी मुद्दों में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) भी अहम है। भाजपा एसआईआर को अपनी रणनीति के तहत लाभकारी मानती है, जबकि ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने मृत 61 लोगों के परिवारों से एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा कर मानवीय संदेश भी दिया। 2021 में टीएमसी को 49 प्रतिशत वोट शेयर और 213 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत से अधिक वोट और 77 सीटें मिली थीं। इस बार भाजपा घुसपैठ और हिंदुत्व जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वहीं, ममता की योजनाएं सीधे लाभ पर केंद्रित होने के कारण महिला और युवा वोटरों को आकर्षित करने की संभावना रखती हैं। कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल का आगामी चुनाव आर्थिक कल्याणकारी योजनाओं और वैचारिक मुद्दों के बीच बेहद रोचक और कड़ा मुकाबला साबित होने वाला है। ममता की दोहरी रणनीति-युवाओं और महिलाओं पर फोकस-भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है और चुनावी समीकरण को नया आकार दे सकती है।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पुस्तक मामले में कांग्रेस का आरोप... इसके पीछे खुद पीएम मोदी शामिल

**पीएम मोदी सिर्फ दिखावे के लिए नाराजगी दिखा रहे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीईआरटी की 8वीं के किताब में एक चैप्टर को लेकर हुए विवाद में कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचारवाले मुद्दे पर पीएम मोदी बनावटी आक्रोश दिखाई हैं। कांग्रेस सांसद और उसके संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद विवाद से अलग दिखाने की कोशिश हिपोक्रेसी के अलावा कुछ भी नहीं है।

कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट लिखा है, इजरायल में वास्तविक नैतिक कायरता दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी, अब एनसीईआरटी की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश दिखा रहे हैं। साफ तौर पर डैमेज कंट्रोल की कोशिश के तहत यह संदेश दिया गया है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में न्यायपालिका के चैप्टर को लेकर बहुत नाखुश हैं।

दरअसल, इस तरह संकेत मिले हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने (सुप्रीम कोर्ट के स्वत~संज्ञान लेने से पहले) ही कैबिनेट बैठक के दौरान एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका को लेकर विवादास्पद चीजें शामिल करने पर



नाराजगी जाहिर कर चुके थे। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी ने कहा था, आठवीं क्लास के बच्चों को सोशल साइंस के पाठ्य पुस्तक में हम क्या पढ़ा रहे हैं?

लेकिन, कांग्रेस का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर खुद प्रधानमंत्री मोदी हैं। पार्टी सांसद ने लिखा है, एक दशक से उन्होंने इसतरह के शिक्षाविदों और झोला छाप अकादमिकों के नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्य पुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान किया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है...प्रधानमंत्री मोदी स्वयं नागपुर कम्युनल इकोसिस्टम फॉर रिराइटिंग ऑफ टेक्स्टबुक्स, जो असली एनसीईआरटी है, को दिशा और आकार देते रहे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम का कहना है, सुप्रीम कोर्ट को नाराज करने वाली पाठ्य पुस्तकों से खुद को अलग दिखाने की उनकी कोशिश सिर्फ एक हिपोक्रेसी है। अब सुप्रीम कोर्ट को अगला तार्किक कदम ये उठाना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच करवाए कि पाठ्य पुस्तकों को किस तरह से फिर से लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल दी गईं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद विषय पर स्वत~ संज्ञान लेकर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले चैप्टर की एनसीईआरटी की आठवीं किताब को बैन किया है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अगवाई वाली बेंच ने इस विवादित किताब के किसी भी फॉर्म में सर्कुलेशन पर रोक लगा दी है और स्कूल शिक्षा सचिव और एनसीईआरटी चेयरपर्सन को नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ न्यायपालिका की अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए।

## स्वदेशी सेल स्टील से बना है भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल होने जा रहा आईएनएस अंजदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस अंजदीप के लिए जरूरत की पूरी मात्रा की स्पेशल ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है। आईएनएस अंजदीप भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहा तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट कार्वेट है। इससे पहले पिछले साल आईएनएस अरनाला और आईएनएस एंड्रोथ भी शामिल किए जा चुके हैं। नौसेना के पुराने होते 'अभय-श्रेणी' के जहाजों को बदलने के लिए इन अरह-रहउ कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इस रणनीतिक प्रयास में योगदान देते हुए, सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाए



जा रहे आठ अरह-रहउ कार्वेट के लिए लगभग 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है। इस स्टील की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से की गई है, जो देश की डोमेस्टिक सप्लाई चेन की मजबूती को रेखांकित करता है। यह उपलब्धि रक्षा विनिर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने, आयात पर निर्भरता कम करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के प्रति सेल की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। पिछले कुछ वर्षों में, सेल ने रक्षा स्वदेशीकरण में देश की विशेष-ग्रेड स्टील की जरूरतों को लगातार पूरा किया है और आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए स्टील की आपूर्ति की है।

## मीडिया विद्यार्थियों के लिए संसदीय प्रक्रिया की समझ बेहद आवश्यक : डॉ साकेत



**मोतिहारी (एजेंसी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग ने आज संसदीय रिपोर्टिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के डीडीयू कैंपस में किया। कार्यशाला में पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मीडिया अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने की। कार्यक्रम में मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सकेत रमन भी उपस्थित रहे। डॉ. साकेत रमन ने कहा, आज के दौर में मीडिया विद्यार्थियों के लिए संसदीय प्रक्रिया की समझ बेहद आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएं छात्रों को जिम्मेदार, तथ्यात्मक और विश्लेषणात्मक पत्रकारिता के लिए तैयार करती हैं। मुख्य वक्ता के रूप में याशिका केडिया, प्रोग्राम एसोसिएट, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च, दिल्ली ने संसदीय रिपोर्टिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संसद की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया, लोकसभाझ्रराज्यसभा की भूमिका तथा संसद में एक दिन की कार्यवाही को चरणबद्ध ढंग से समझाया। कार्यशाला के दौरान वक्ता ने कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों का उदाहरण लेकर उनका विश्लेषण किया और विद्यार्थियों के साथ उन पर विस्तृत चर्चा की। इस संवाद में विधेयकों के उद्देश्य, पृष्ठभूमि, सामाजिक प्रभाव और मीडिया में उनकी संतुलित प्रस्तुति पर विशेष जोर दिया गया। याशिका केडिया ने कहा, ह्लसंसदीय रिपोर्टिंग केवल सदन की कार्यवाही को कवर करना नहीं है, बल्कि उसके पीछे की प्रक्रिया, संदर्भ और प्रभाव को समझकर जनता तक पहुँचाना है। संसद में एक दिन कैसे चलता है और विधेयक आम लोगों की जिंदगी को कैसे प्रभावित करते हैं, यह समझना बेहद जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मयंक भारद्वाज ने बताया कि इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों को संसदीय पत्रकारिता की व्यावहारिक समझ देना और नीति व कानून से जुड़े मुद्दों पर आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करना है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902